

झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक




रांची, गुरुवार, 06 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -51 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**रोबिन कुमार**
**अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय।**

**अधिवक्ताओं का मुख्य कार्य जनता को समय रहते उनकी परेशानियों से कोर्ट के माध्यम से न्याय दिलाना है। जिस पर सभी अभी बताओ तो साजन रहते हुए कार्य करने की आवश्यकता है ताकि जनता को समय पर न्याय मिल सके।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,33,700**
चांदी (प्रति किलो) : **2,36,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **78,428.95**
निफ्टी :- **24,614.90**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **28** °
न्यूनतम तापमान : **23** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:21**
संध्या :- **18:28**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन सन 1825 को बोलीविया देश ने पेरू से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी।**

## संक्षिप्त समाचार

### सोनम वांगचुक के कहने पर देवेंद्र महतो ने तोड़ा निर्जला अनशन, पानी पीकर जारी रखेंगे आंदोलन

**रांची।** जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में निर्जला अनशन पर बैठे आंदोलनकारी नेता देवेंद्र नाथ महतो ने आज सुबह सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से वीडियो कॉल पर बात की. इस दौरान वांगचुक ने उनके स्वास्थ्य की चिंता जताते हुए आंदोलन जारी रखने के साथ-साथ अपनी जान को खतरे में न डालने की सलाह दी. सामाजिक कार्यकर्ता वांगचुक ने देवेंद्र नाथ महतो को पानी पीते रहने की अपील की, ताकि आंदोलन भी चलता रहे और स्वास्थ्य भी ठीक रहे. वांगचुक की सलाह के बाद उन्होंने जल ग्रहण कर अपना निर्जला अनशन समाप्त कर दिया. उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है. देवेंद्र नाथ महतो के साथ महेंद्र मंडल भी अनशन पर बैठे हुए हैं. बता दें कि ब्रह्मानंद कुमार अभी भी खुले में अनशन पर बैठे हैं और उन्होंने अब तक पानी का भी सेवन नहीं किया है. उनके निर्जला अनशन का बुधवार को चौथा दिन है.

### इंटरपोल की मदद से विशाखा राठौर को यूएई से वापस लाया गया

**मुंबई।** फरार महिला अपराधी विशाखा राठौर को इंटरपोल की मदद से यूएई से वापस लाया गया. निवेश के नाम पर ठगी के आरोप में महाराष्ट्र पुलिस को उसकी तलाश थी. विशाखा राठौर ने लोगों को बेहतर मासिर रिटर्न का झांसा देकर करोड़ों रुपये का निवेश कराया था. लोगों से कराये गये निवेश की रकम को अलग अलग बैंक खातों और डिमार्ट अकाउंट के सहारे निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया. इसके बाद देश से भाग गयी. महाराष्ट्र पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने इस महिला अपराधी के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया. इसके बाद इंटरपोल ने इस महिला को यूएई में पकड़ा. इंटरपोल की सूचना के बाद भारतीय अधिकारियों के दल ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाद उसे वापस भारत लाया.

# झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से शुरू, सदन के सुचारू संचालन पर बनी सहमति

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 06 अगस्त से शुरू हो रहा है. 12 अगस्त तक चलने वाले इस बार के मानसून सत्र में पांच कार्य दिवस होंगे. सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने आज विधायी दल के नेताओं के साथ बैठक की. स्पीकर कक्ष में हुई बैठक में सदन के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, माले विधायक अरुप चटर्जी, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, जेएलकेएम के जयराम महतो आदि



मौजूद थे. इस बैठक में सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग करने के लिए सभी विधायी दलों के नेताओं से स्पीकर द्वारा आग्रह किया गया.

### छात्र आंदोलन और कृषि पर विशेष चर्चा की मांग

विधायी दलों की बैठक में जेपीएससी छात्रों का आंदोलन और कृषि पर विशेष चर्चा कराने का आग्रह किया गया. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस संबंध में स्पीकर ने कार्यमंत्रणा की बैठक में इसपर निर्णय लेने की बात कही है. उन्होंने कहा कि बीजेपी छात्रों के साथ है और इस संबंध में विधायक दल की बैठक में आज शाम निर्णय लिया जायेगा. बैठक में छात्रों के धरना स्थल पर सरकार की ओर से एक शिष्टमंडल भेजने का आग्रह जयराम महतो करते दिखे. उन्होंने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री के नेतृत्व में सरकार का प्रतिनिधि छात्रों से बात करे और 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा सहित जेएसएससी की अन्य परीक्षा को भी रद्द करना चाहिए. उन्होंने कहा कि बैठक में कृषि की स्थिति पर भी विशेष चर्चा की मांग रखी गई है.

### सरकार का रुख, अभी कोई फैसला नहीं

संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि बैठक में छात्रों के आंदोलन और सुखाड़ की स्थिति पर चर्चा हुई है और स्पीकर महोदय ने कार्यमंत्रणा में निर्णय लेने की बात कही है. उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कोई शिष्टमंडल जाने का निर्णय करेंगे और इस संबंध में अभी फिलहाल कोई निर्णय नहीं हुआ है. इस संबंध में जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मीडिया कर्मियों के द्वारा पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सरकार के द्वार हमेशा खुले हुए हैं, कोई भी आकर के बात कर सकता है. उन्होंने कहा कि मानसून सत्र को लेकर बैठक में चर्चा हुई है और सत्ता पक्ष पूरी तरह से तैयार है.

### 7 अगस्त को पहला अनुपूरक बजट, सत्र हंगामेदार होने के आसार

इस बार का मानसून सत्र जेपीएससी सहित अन्य मुद्दों को लेकर हंगामेदार होने के आसार हैं. चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट 7 अगस्त को पेश किया जाएगा. पांच दिवसीय इस सत्र के पहले दिन छह अगस्त को शोक प्रकाश के अलावा सामान्य कामकाज निपटाए जाएंगे. वहीं सात अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल के बाद चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट सरकार द्वारा पेश किया जाएगा. आठ और नौ अगस्त को शनिवार और रविवार की वजह से अवकाश रहेगा. वहीं 10 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल और दूसरी पाली में अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के बाद संबंधित विनियोग विधेयक सदन से पारित कराया जाएगा. 11 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल और दूसरी पाली में राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे. सत्र के अंतिम दिन 12 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल तथा दूसरी पाली में राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे और गैर सरकारी संकल्प पेश किए जाएंगे.

# 15 लाख के इनामी मदन महतो समेत 3 नक्सली झारखंड में गिरफ्तार, एके-47 और हथियार बरामद

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नक्सलियों का अंतिम अध्याय भी लगभग खत्म होने चला है. सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के संयुक्त अभियान में 15 लाख का इनामी मदन महतो, 5 लाख का रवि सरदार और 2 लाख की इनामी मीना, जो मदन महतो की पत्नी है, को गिरफ्तार कर लिया गया है. झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गिरफ्तारी की पुस्टि की है. गिरफ्तार नक्सलियों के पास से तीन एक-47 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं.

### मिसिर के बाद एक और बड़ी सफलता

झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ को नक्सल विरोधी अभियान में एक और बड़ी सफलता मिली है. सरायकेला-खरसावां जिले में चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने कुल 22 लाख रुपये के इनामी तीन हार्डकोर माओवादियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार माओवादियों में 15 लाख रुपये का इनामी मदन महतो, 5 लाख रुपये का इनामी रवि सरदार तथा मदन महतो की पत्नी और 2 लाख रुपये की इनामी महिला माओवादी मीना शामिल हैं.

### तीनों एक करोड़ इनामी के दस्ते का थे हिस्सा

जानकारी के अनुसार, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के सक्रिय सदस्य सरायकेला-खरसावां क्षेत्र में मौजूद हैं. सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने तीनों



माओवादियों को घेरकर गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद उनसे पूछताछ की जा रही है. गिरफ्तार मदन महतो लंबे समय से माओवादी संगठन का सक्रिय सदस्य रहा है. तीनों पर नक्सली हिंसा, सुरक्षा बलों पर हमले, लेवी वसूली और अन्य गंभीर मामलों में संलिप्त रहने के आरोप हैं. तीनों गिरफ्तार एक करोड़ के इनामी असीम मंडल के दस्ते में रहते थे.

### 15 लाख का इनामी मदन महतो उर्फ शंकर उर्फ चारण

मदन महतो उर्फ शंकर (चारण) प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) का एक कुख्यात और सक्रिय सदस्य था. वह पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले के सालबनी थाना क्षेत्र के कमासोल (चारण) गांव का रहने वाला है. झारखंड पुलिस ने उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था. मदन महतो लंबे समय से झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा से लगे जंगलमहल, बेलपहाड़ी, दलमा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय रहा है. संगठन के भीतर वह हथियारबंद दस्तों के संचालन, सुरक्षा बलों के खिलाफ हमलों की योजना बनाने, नए कैडरों की भर्ती और माओवादी नेटवर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है.

**राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले सीएम हेमंत सोरेन, बैठक के बाद कहा-**

# आंदोलनरत छात्रों को खुला ऑफर, मांगों पर गंभीरता से होगा विचार

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** राज्य में चल रहे छात्रों के आंदोलन पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक कर पूरी जानकारी ली है. राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार के साथ लोकभवन पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भेंट कर झारखण्ड लोक सेवा आयोग एवं झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग की नियुक्ति प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं तथा इसके विरोध में रांची में चल रहे छात्र आंदोलन के संबंध में अवगत कराया.

### राज्यपाल का जोर, पारदर्शिता और युवाओं का विश्वास जरूरी

राज्यपाल ने छात्रहित को सर्वोपरि बताते हुए परीक्षा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं युवाओं के विश्वास को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया तथा कथित अनियमितताओं को अत्यंत गंभीर विषय बताया. उन्होंने कहा कि



आयोग इस प्रकार कार्य करें कि उनकी पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता पर किसी भी प्रकार का प्रश्नचिह्न न लगे.

### आंदोलनरत छात्रों को सीएम का खुला ऑफर, मांगों पर गंभीरता से होगा विचार

राज्यपाल से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने विधानसभा में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज भवन में वर्तमान परिस्थिति पर चर्चा हुई है. मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले वह दिल्ली गए थे और झारखंड के संदर्भ में इसकी चर्चा हुई होगी. सीएम ने कहा कि इस संबंध में जो कार्रवाई हो रही है वह आप सभी लोगों को मालूम है ही. जो जांच चल रहा है और अनुसंधान हो रहा है इसकी विस्तृत रिपोर्ट लेने की आवश्यकता है. कई लोग इसमें जेल भी जा चुके हैं कई लोग के यहां जांच एजेंसी के द्वारा दविस दी जा रही है. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरी मजबूती के साथ जांच एजेंसी काम कर रही है और मुझे लगता है कि बहुत जल्द हम निर्णय लेने की स्थिति में होंगे. एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में हमें कोई बाद गृह मंत्री से नहीं हुई है और आवश्यकता पड़ेगी तो हम उनसे भी चर्चा करेंगे. छात्रों से मिलने के लिए सरकार की ओर से कोई प्रतिनिधिमंडल भेजे जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का दरवाजा सभी के लिए खुले हुए हैं और जिनकी मांगे सरकार से है वह अपनी बातें रख सकते हैं उनके विषय अप्रत्यक्ष रूप से हमारे संज्ञान में तो है ही वह अपनी बातों को जब रखेंगे तो निश्चित रूप से सरकार गंभीरता से विचार करेगी. एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों की बहुत सारी मांगे हैं देश में कई तरह की एजेंसी है सब की अलग-अलग जांच के तरीके और कौन किस स्थिति में है सबको पता है जिस तरह से सरकार ने इसमें संज्ञान लिया है और कदम बढाई है और कई राज्यों में इस तरह की घटना हमारे कानों तक आती है मगर वहां ऐसी घटना तो हो रही है मगर सरकार संज्ञान नहीं लेती है. मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार छात्रों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा. तथा इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.









# पीवीयूएनएल प्रबंधन के झूठे आश्वासन से नाराज विस्थापितों ने बंद कराया ऐश माउंट का काम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

पतरातू : पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (PVUNL) प्रबंधन से लगातार मिल रहे झूठे आश्वासनों और वादाखिलाफी से आहत होकर प्रभावित चार गांवों– बलकूदरा, जयनगर, रसदा एवं गेगदा के विस्थापित और प्रभावित ग्रामीणों ने छाई डैम पर बन रहे ऐश माउंट का निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप करा दिया । ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक काम अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगा।






**क्या है पूरा मामला?**

ग्रामीणों ने पूर्व में 10 जून 2026 से कार्यबंदी की घोषणा की थी। इससे ठीक एक दिन पहले, 9 जून 2026 को पी वी यू एन एल प्रबंधन ने तीनों पंचायतों के मुखिया एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में एक आपात बैठक बुलाई थी। बैठक में प्रबंधन ने लिखित व मौखिक भरोसा दिया था कि डेढ़ महीने के भीतर विस्थापितों की सभी प्रमुख मांगों का समाधान कर दिया जाएगा। प्रबंधन के इसी आश्वासन पर भरोसा करते हुए ग्रामीणों ने तब अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था। लेकिन दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्रबंधन ने मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। जिससे उग्र होकर ग्रामीणों को दोबारा काम बंद कराने के लिए बाध्य होना पड़ा।

**क्या हैं ग्रामीणों की मुख्य मांगें**

1.स्थाई रोजगारः स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देना और 60 वर्ष तक की नौकरी के साथ औपचारिक नियुक्ति पत्र प्रदान करना।

2. फसल मुआवजाः छाई डैम से प्रभावित रैयतों की धान की फसल के नुकसान का उचित मुआवजा देना।

3. पुनर्वास व्यवस्थाः छाई डैम के डूब क्षेत्र या अंदर बसे परिवारों के लिए बेहतर एवं स्थाई पुनर्वास की व्यवस्था करना।

4. नियमावली में सुधारः रामगढ़ उपायुक्त के निदेर्शानुसार पी वी यू एन एल द्वारा बनाई गई विस्थापित नीति/नियमावली में व्याप्त त्रुटियों को दूर कर उसे तत्काल सुधारना।

**सांसद और विधायक से हस्तक्षेप की अपील**

आंदोलनकारी ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक रोशन लाल चौधरी एवं सांसद मनीष जायसवाल से इस मामले में कड़ा रुख अपनाने की मांग की है। ग्रामीणों ने ध्यान दिलाया कि छाई डैम और ऐश माउंट निर्माण से जुड़े सहमति पत्र पर इन जनप्रतिनिधियों के भी हस्ताक्षर हैं। ऐसे में विस्थापितों के अधिकारों और सहमति पत्र की शर्तों को प्रबंधन से सख्ती से लागू करवाना उनका नैतिक एवं संवैधानिक कर्तव्य बनता है।

आंदोलन में शामिल प्रमुख लोग काम बंद कराने के इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बलकूदरा मुखिया विजय मुंडा, बिजेंद्र मुंडा, लालू महतो, पंचम साव, हरि सिंह, आनंद कुमार, शंकर प्रजापति, सचिन कुमार, विजय ठाकुर, विकास कुमार, अंकित कुमार, कपिल कुमार, चीकू कुमार, अमित कुमार, नंदू कुमार और राहुल कुमार समेत सैकड़ों विस्थापित ग्रामीण कर रहे थे।

## भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव विधानसभा स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू:** पतरातू स्थित विधायक आवास पर बड़कागांव विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक का संचालन शैलेन्द्र पटेल ने किया। इस कार्यशाला में पार्टी को सशक्त और धारदार बनाने की योजना बनी, साथ ही साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई । बैठक में मुख्य अतिथि बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी,प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय सिंह रामगढ़ जिला के अध्यक्ष संजीव सिंह बावला, कार्यशाला के प्रभारी अनिल राम रामगढ़ जिला के उपाध्यक्ष रिधि राज, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति, शैलेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष रंजन भगत, शौर्य प्रसाद कुशवाहा, नूतन महतो, शिबू मेहता, विजय यादव, बाल गोविंद सोनी, सुनील सिंह, रामलाल महतो सहित मंडल के महामंत्री अश्वनी राय,ज्योति सिंह, अवधेश सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन पतरातू मंडल अध्यक्ष रंजन भगत के द्वारा किया गया।

## राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में फ्रेशर्स एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय अंतर्गत भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देने के लिए फ्रेशर्स एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत संबोधन के साथ हुआ। सीनियर विद्यार्थियों ने नवागंतुक छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नृत्य, कविता तथा अन्य रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया।विश्वविद्यालय



के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी नवप्रवेशी एवं विदाई ले रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सचिव प्रियंका कुमारी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य तथा विदाई ले रहे विद्यार्थियों के सफल, समृद्ध एवं गौरवपूर्ण जीवन की मंगलकामनाएँ। हमें विश्वास है कि आप सभी अपने ज्ञान, प्रतिभा और संस्कारों से समाज एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय एवं विज्ञान संकाय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डी के कुशवाहा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने भविष्य में ज्ञान, ईमानदारी और वैज्ञानिक जिज्ञासा के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।धन्यवाद ज्ञापन राहुल चंद्र मंडल ने दिया।अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के दौरान अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए तथा कनिष्ठ विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# मैक्स इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में बी.एड. प्रशिक्षुओं को भावभीनी विदाई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़।** मैक्स इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, बिजूलिया रामगढ़ में बुधवार को बी.एड. सत्र 2024झ26 के प्रशिक्षुओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह का सफल संचालन बी.एड. सत्र 2025झ27 की छात्राएँ बिंदु कुमारी एवं जीनत परवीन ने किया।इस अवसर पर प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य, संगीत, समूहगान, कविता-पाठ तथा मनोरंजक प्रस्तुतियों ने समारोह को आकर्षक और भावनात्मक बना दिया। प्रशिक्षुओं ने महाविद्यालय में बिताए गए




अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों एवं सहपाठियों के प्रति आभार व्यक्त किया।अपने संबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद किशोर ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं से जीवन में ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए एक आदर्श शिक्षक बनने का आह्वान किया। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सफल एवं जिम्मेदार शिक्षक बनने की शुभकामनाएँ दीं।समारोह के अंत में विदाई ले रहे प्रशिक्षुओं को स्मृति-चिह्न स्वरूप पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। भावुक माहौल के बीच सभी ने महाविद्यालय में बिताए गए अविस्मरणीय पलों को याद किया तथा एक-दूसरे के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद किशोर, प्रशासनिक अधिकारी प्रवेश शर्मा, रतन शर्मा, डॉ. बिंदु कुमारी, डॉ. अंजनी कुमारी, सुधा सिंह, चांदनी कुमारी, सुधीर कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता, कृष्ण कुमार दांगी, हरिश्चंद्र साहू, रूणा मित्रा, नोरीन स्वाति कुजूर, सुगापति मरांडी, गुलशन कुमार, स्वाती कुमारी, प्रियंका अग्रवाल, नीतू कुमारी एवं जितेन्द्र कुमार सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संचालित मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप (Draft Electoral Roll) प्रकाशित किया गया। इस अवसर पर सभी मतदान केंद्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की उपस्थिति में मतदाता सूची आम नागरिकों के अवलोकन के लिए उपलब्ध कराई गई। प्रारूप प्रकाशन के साथ ही मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने नाम, पता, आयु, फोटो एवं अन्य विवरणों का सावधानीपूर्वक मिलान करें। यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि, नाम छूट जाने, नाम हटाने, संशोधन अथवा स्थानांतरण से संबंधित कोई आवश्यकता हो तो निर्धारित अवधि के दौरान संबंधित प्रपत्रों के माध्यम से दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने जिले के सभी पात्र



नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने विवरण का सत्यापन अवश्य करें तथा यदि कोई पात्र नागरिक अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना आवेदन जमा करें। जिला प्रशासन द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है, ताकि जिले की मतदाता सूची अधिकाधिक शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाई जा सके।

# दिगम्बर जैन समाज ने आयोजित किया पावन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**वषायोग कलश स्थापना समारोह**



**रामगढ़** ।शहर के मेन रोड स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह आयोजित हुआ। ज्ञात रहे कि परम पूज्य आचार्यश्री वसुनन्दी जी के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 पुण्यनंदजी एवं मुनिश्री 108 शुभानंद जी विगत दो माह से जिनालय में विराजमान हैं। रामगढ़ जैन समाज ने पूज्य आचार्यश्री के समक्ष निवेदन कर उपरोक्त मुनिसंघ के चातुर्मास की स्वीकृति प्राप्त की, कार्यक्रम के अंतर्गत ध्वजारोहण का सौभाग्य श्रीमती इन्द्रमणी देवी चुड़ीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं पंडाल उद्घाटनकर्ता का सौभाग्य श्रीमान् हीरालालजी, राजेन्द्र कुमार जी को प्राप्त हुआ। आचार्यश्री का चित्र अनावरण का सौभाग्य श्रीमान टीकमचंद जी अनिल जी बगड़ा को प्राप्त हुआ। दीप प्रज्जवल कर्ता बने का सौभाग्य श्रीमान् राजेन्द्र जी राजेश जी चुड़ीवाल, एवं श्रीमती अरुणा जैन डॉ० शरद जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मुनिसंघ के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य श्रीमान् अशोक जी किशोर जी एवं राजकुमार जी काला को प्राप्त हुआ। वहीं मुनिसंघ को शास्त्र भेंट का सौभाग्य श्रीमान राकेश जी सरोज देवी पाण्ड्या, श्री सुशील जी सुनीता जी चुड़ीवाल एवं श्री हरकमचंद विवेक जी अजमेरा परिवार को प्राप्त हुआ। इसके अलावा प्रथम मंगल कलश को प्राप्त करने का सौभाग्य श्रीमती इन्द्रमणी देवी चुड़ीवाल परिवार तथा अन्य दो मंगल कलश लेने का सौभाग्य श्रीमान् राजेन्द्र जी राजेश जी चुड़ीवाल परिवार एवं श्रीमान् राकेश जी सरोज जी पाण्ड्या परिवार को प्राप्त हुआ। इसके अलावा समाज के सभी परिवारों ने शास्त्र भेंट एवं आचार्य पूजन में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि मुनिसंघ का चातुर्मास हमारे लिए मंगलकारी अवसर है और रामगढ़ की पावन धरा पर चातुर्मास प्रथम बार आयोजित होना हमारे लिए गर्व का विषय है। इसी के साथ श्री सेठी ने कहा कि वर्षाऋतु में अनेकों नए जीव जन्तु उपस्थित होते हैं जो विहार क्रम में हमारे पैरों के नीचे आकर मृत्यु को प्राप्त होते हैइस कारण हमारे जैन साधु एक ही स्थान पर चार माह रुककर धर्मसाधना करते है। इस कारण सभी जैन धर्मावलम्बी चार माह में संयम तप और त्याग का मार्ग अपनाकर धर्म साधना करते है।कार्यक्रम के कुशल संचालन हेतु टीकमगढ़ से पंडित संजय शास्त्री को आमंत्रित किया गया। और उनके कुशल निर्देशन में सभी धार्मिकअनुष्ठान संपन्न हुए। राँची से आए हुए पार्श्व गायक उदित सेठी ने सभी भक्तों को प्रभु भक्ति का रसपान कराया। कार्यक्रम को लेकर जैन समाज के लोगों में अद्भुत उत्साह था और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण सेठी ने दी।

## मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़।।** मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, बिजूलिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के अंतर्गत मंगलवार को महाविद्यालय के ? द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंजनी कुमारी के निर्देशन में महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधे लगाए। इस अवसर पर सभी ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण कम करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अधिक से अधिक पौधे




लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बी.एड. के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्रवेश शर्मा, प्राचार्य महोदय डॉ. आनंद किशोर , रतन शर्मा, डॉ. बिंदु कुमारी, डॉ.अंजली कुमारी, सुधा सिंह, चांदनी कुमारी ,आकाश कुमार चौबे ,कृष्ण कुमार दांगी, सुधीर कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता,रूणा मित्रा, नोरीन स्वाति कुजूर, सुगापति मरांडी, हरिश्चंद्र साहू,गुलशन कुमार, स्वाती कुमारी, प्रियंका अग्रवाल एवं नीतू कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रोटरी का उद्देश्य बच्चों से लेकर युवाओं तक मुस्कान: रोटेरियन हरीश कुमार चौधरी




**रामगढ़** ।रोटरी के प्रोजेक्ट मुस्कान से जन्मजात एवं वयस्कों का भी कटे होंठ और तालू से पीड़ित मरीजों को मिलेगा नया जीवन रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 द्वारा डिस्ट्रिक्ट 3291 (कोलकाता) के सहयोग से प्रोजेक्ट मुस्कान के तहत जन्मजात एवं वयस्कों के भी कटे होंठ एवं कटे तालू से पीड़ित बच्चों और वयस्कों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन अभियान चलाया जा रहा है। यह विशेष चिकित्सा शिविर 21 सितंबर से 1 अक्टूबर 2026 तक कोलकाता के एसवीएस मारवाड़ी अस्पताल में आयोजित होगा, जहां अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय विशेषज्ञ सर्जनों की टीम मरीजों का निःशुल्क उपचार करेगी। रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ सिटी के पूर्व अध्यक्ष एवं उपजिलापाल मेम्बरशिप डिस्ट्रिक्ट 3250(बिहार झारखंड)रोटेरियन हरीश कुमार चौधरी ने बताया कि इस अभियान का सबसे बड़ा उद्देश्य बिहार झारखंड सहित पूर्वी भारत के उन जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचना है, जो आर्थिक अभाव के कारण इलाज नहीं करा पाते। उन्होंने कहा कि बिहार झारखंड समेत के विभिन्न जिलों में ऐसे अनेक बच्चे और वयस्क हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ मिल सकता है। हरीश कुमार चौधरी ने कहा कि प्रोजेक्ट मुस्कान केवल एक सर्जरी अभियान नहीं,बल्कि लोगों के चेहरे पर मुस्कान और जीवन में नया आत्मविश्वास लौटाने का प्रयास है। बिहार-झारखंड के जिन बच्चों और वयस्कों को जन्मजात कटे होंठ या तालू की समस्या है, उनके परिवार आगे आएं। ऑपरेशन,दवाइयां और रहने-खाने की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। हमारा प्रयास है कि बिहार झारखंड़ का कोई भी जरूरतमंद मरीज सिर्फ जानकारी के अभाव में इस अवसर से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत मरीजों को निःशुल्क सर्जरी, दवाइयां, रहने एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अभियान में बच्चों के साथ-साथ वयस्क मरीज भी शामिल हो सकते हैं तथा विभिन्न प्रकार के कटे होंठ और कटे तालू की समस्याओं का उपचार किया जाएगा। रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ सिटी ने बिहार -झारखंड के चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास ऐसे मरीजों की पहचान कर उन्हें इस निःशुल्क उपचार अभियान की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों के जीवन में मुस्कान लौटाई जा सके।

## छात्रों पर कार्रवाई और राम मंदिर चंदा मुद्दे पर संसद तक विपक्ष का मार्च

**सांसद सुखदेव भगत हुए शामिल**

**लोहरदगाः** छात्रों पर कथित बर्बरता और राम मंदिर निर्माण के नाम पर चंदा संग्रह में कथितअनियमितताओं के मुद्दे को ले बुधवार को गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन परिसर के बाहर प्रदर्शन किया और पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शन का नेतृत्व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं सांसद प्रियंका गांधी ने किया। इस विरोध मार्च में लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत भी शामिल हुए।प्रदर्शन के दौरान सांसदों ने हाथों में लिखे बैनर और तख्तियां लेकर ₹अमित शाह जवाब दो के नारे लगाए।मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा, ₹मोदी सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती। नरेंद्र मोदी और अमित शाह को सदन में आकर जवाब देना ही होगा।विपक्ष का आरोप है कि दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के दौरान छात्राओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। साथ ही, राम मंदिर निर्माण के नाम पर चंदा संग्रह में कथित घोटाले के आरोपों पर भी सरकार जवाब नहीं दे रही है। विपक्ष का यह भी कहना है कि इन मुद्दों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सदन में उपस्थित होकर जवाब दें।

## चेहल्लुम के मौके पर नवाडीह कब्रिस्तान की हुई सफाई

**पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश।**

**लोहरदगाः** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह बस्ती स्थित कब्रिस्तान में मुहर्रम के चालीसवें (चेहल्लुम) के अवसर पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कब्रिस्तान परिसर की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाया गया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक और धार्मिक जिम्मेदारी के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला कदम बताया।कार्यक्रम में समाजसेवी हन्नान अंसारी ने कहा कि हर मोमिन को नेक कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई और पौधारोपण जैसे कार्य समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। इस अभियान में हन्नान अंसारी, हमीद हसन, रेयाजुल हसन, अमाल अंसारी, मुजीबुल अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, आजाद अंसारी, सनीफ अंसारी, कारी रजाउल मुस्तफा, कामिल अंसारी, नसीम अंसारी, सकीम अंसारी, अफरोज अंसारी, अबेदुल अंसारी सहित कई अन्य ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने सामूहिक रूप से कब्रिस्तान परिसर की सफाई की और पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक अवसरों पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि समाज में सेवा, स्वच्छता और हरियाली के प्रति जागरूकता बढ़े।

## मतदाता सूची के प्रारूप का हुआ प्रकाशन

**अधिकारियों ने किया निरीक्षण**



**लोहरदगाः** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत बुधवार को 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के प्रारूप (ड्राफ्ट) का प्रकाशन किया गया। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर एएसडीडी (ASDD) सूची भी प्रदर्शित की गई, ताकि मतदाता अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के नामों का सत्यापन कर सकें। सुबह 11 बजे विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची प्रदर्शित की गई। इसके अलावा सूची की प्रतियां निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (एईआरओ) के कार्यालयों के सूचना पट्टों पर भी उपलब्ध कराई गईं, जहां बड़ी संख्या में मतदाताओं ने पहुंचकर अपने नामों का मिलान किया। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार मीना के निर्देश पर जिले के अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर प्रारूप प्रकाशन की व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार ने भंडरा प्रखंड स्थित एईआरओ कार्यालय तथा लोहरदगा शहरी क्षेत्र के तीन मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अमित कुमार ने भी विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची एवं एएसडीडी सूची की प्रतियां सभी बीएलओ के पास भी उपलब्ध हैं। यदि कोई मतदाता मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकता है, तो वह अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर सूची में अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम देख सकता है।उन्होंने बताया कि मतदाता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड की आधिकारिक वेबसाइट https://ceo.jharkhand.gov.in/ अथवा लोहरदगा जिला प्रशासन की वेबसाइट https://lohardaga.nic.in/ पर भी जिला, विधानसभा क्षेत्र एवं पार्ट नंबर दर्ज कर प्रारूप मतदाता सूची और एएसडीडी सूची का अवलोकन कर सकते हैं।उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। यदि नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन या किसी अन्य प्रकार की त्रुटि हो तो निर्धारित अवधि के भीतर संबंधित प्रपत्र के माध्यम से दावा एवं आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि अंतिम मतदाता सूची अधिक से अधिक शुद्ध एवं अद्यतन बनाई जा सके।

# झारखंड में प्रारूप मतदाता सूची जारी, 5 सितंबर तक नाम जोड़ने और सुधार का मिलेगा मौका : के रवि कुमार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची (ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल) और एएसडीडी सूची का प्रकाशन कर दिया गया. यह सूची राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आम नागरिकों के लिए उपलब्ध करा दी गई है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्थायी और महत्वपूर्ण दस्तावेज है. इसलिए प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक को इसमें अपना नाम अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए. उन्होंने कहा कि वर्तमान विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत तैयार की जा रही मतदाता सूची भविष्य में भी एक महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज के रूप में उपयोग की जाएगी. उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है, वे 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं. वहीं, मतदाता सूची में नाम, पता, उम्र या अन्य विवरण में त्रुटि होने पर निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से सुधार भी कराया जा सकता है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य में अब तक 2 करोड़ 21 लाख 1 हजार 249 मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त और डिजिटाइज किए जा चुके हैं, जो कुल मतदाताओं का 83.51 प्रतिशत है. जबकि विभिन्न कारणों से करीब 43.61 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हो सके.

उन्होंने कहा कि मतदाता ECINET मोबाइल एप, voters.eci.gov.in और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड की वेबसाइट के माध्यम से अपना नाम ऑनलाइन देख सकते हैं. वेबसाइट पर SIR Draft Roll 2026 और SIR ASDD List 2026 लिंक उपलब्ध कराए गए हैं. जिला, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र का चयन कर मतदाता संबंधित पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं. ASDD सूची में प्रत्येक नाम के साथ सूची में शामिल किए जाने का कारण भी अंकित है.

ऑफलाइन व्यवस्था के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पर प्रारूप मतदाता सूची और ASDD सूची की मुद्रित प्रतियां उपलब्ध कराई गई हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत कार्यालयों और शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी इनका प्रदर्शन किया जाएगा. इसके अलावा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी कार्यालयों में भी सूची उपलब्ध रहेगी. के. रवि कुमार ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे स्वयं अपना नाम और विवरण जांचें और अपने परिवार, पड़ोस, मित्रों और अन्य पात्र नागरिकों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं त्रुटियों के सुधार के लिए प्रेरित करें. उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए. उन्होंने कहा आपत्ति की प्रक्रिया 5 अगस्त से 4 सितंबर तक चलेगी. इसके बाद 5 अगस्त से 3 अक्टूबर तक नोटिस, सुनवाई और सत्यापन की कार्रवाई होगी. अंतिम मतदाता सूची 7 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिना नोटिस जारी किए और कारणयुक्त आदेश पारित किए किसी भी मतदाता का नाम प्रारूप मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा. यदि किसी मतदाता को किसी निर्णय पर आपत्ति होगी तो उसे अपील करने का भी पूरा अधिकार रहेगा.

# झारखंड में अपराधी व कारोबारी हवाला के जरिए कर रहें करोड़ों की लेन-देन, जांच में खुलासा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड में अपराधी, कारोबारी, ठेकेदार और कई बड़े माफिया कथित तौर पर हवाला नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं. हाल के दिनों में अलग-अलग मामलों की जांच के दौरान ऐसे इनपुट सामने आए हैं कि कुछ कारोबारी, अपराधी गिरोह, ठेकेदारी से जुड़े लोग और अन्य संदिग्ध नेटवर्क एक राज्य से दूसरे राज्य में बड़ी रकम के लेन-देन के लिए हवाला नेटवर्क का सहारा लेते हैं. जांच में विदेशों तक धन के संभावित प्रवाह की भी पड़ताल की जा रही है. हालांकि, इन मामलों की जांच अभी जारी है. सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में झारखंड से नेपाल, दिल्ली, दुबई, पंजाब, हरियाणा और कोलकाता सहित कई स्थानों तक हवाला नेटवर्क के माध्यम से धन के लेन-देन के इनपुट मिले हैं.

जांच में यह भी पड़ताल की जा रही है कि कुछ कंपनियों और कोयला कारोबार से जुड़े लोगों की भूमिका क्या रही है. इन पहलुओं पर अभी जांच जारी है. सूत्रों का कहना है कि हवाला नेटवर्क में पैसा भेजने और मंगाने के बदले कमीशन लिया जाता है. राज्य के भीतर लेन-देन पर कथित तौर पर 0.5 प्रतिशत तथा विदेशों में धन भेजने के मामलों में 1 से 2 प्रतिशत तक कमीशन लिए जाने की बात सामने आई है. इसी नेटवर्क के जरिए बिना बैंकिंग ट्रेल छोडेए एक शहर से दूसरे शहर तक नकदी का हिसाब पूरा किया जाता है.

### कहां-कहां सामने आया हवाला नेटवर्क का एंगल

**05 नवंबर 2025. धनबाद** : धनबाद पुलिस ने प्रिंस खान गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया. जांच में सामने आया कि गिरोह व्यापारियों और ठेकेदारों के अवैध पैसे को हवाला के जरिए इधर-उधर भेजता था. पुलिस ने 17.34 लाख रुपये नकद, लैपटॉप और मोबाइल बरामद किए.

**07 अक्टूबर 2025. धनबाद** : बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के एक होटल से नौ साइबर अपराधी गिरफ्तार हुए. पूछताछ में खुलासा हुआ कि साइबर ठगी की रकम हवाला नेटवर्क के माध्यम से ठिकाने लगाई जाती थी. मौके से 5.80 लाख रुपये नकद और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए.

**23 अक्टूबर 2025. लातेहार** : पुलिस ने संगठित अपराध से जुड़े एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया. जांच में पता चला कि अपराधी हवाला के जरिए अवैध धन का लेन-देन कर रहे थे. पुलिस ने नकदी और वित्तीय दस्तावेज जब्त कर आगे की जांच शुरू की.

**08 अगस्त 2025. रांची-धनबाद-जमशेदपुर** : 730 करोड़ रुपये के कथित जीएसटी घोटाले की जांच में ईडी ने झारखंड, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के आठ ठिकानों पर छापेमारी की. जांच में फर्जी कंपनियों के जरिए बिलिंग और संदिग्ध हवाला लेन-देन की जांच की गई.

**28 जुलाई 2026. धनबाद** : अवैध कोयला कारोबार और काले धन के मामले में एऊने 25 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की. जांच में आयकर विभाग भी शामिल हुआ और हवाला समेत वित्तीय लेन-देन की कड़ियों की जांच की गई.

# रांची में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां तेज, 14 प्लाटून लेगी परेड में भाग, पहली बार ओडिशा पुलिस भी होगी शामिल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां अपने अंतिम चरण में है. बुधवार को रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई. इस दौरान डीसी ने सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए.

**14 प्लाटून लेगी परेड में हिस्सा**

इस बार के स्वतंत्रता दिवस समारोह की एक खास बात यह होगी कि कुल 14 प्लाटून परेड में हिस्सा लेंगी, जबकि ओडिशा पुलिस की टुकड़ी भी पहली बार समारोह में शामिल होगी. इसके साथ-साथ झारखंड सशस्त्र पुलिस, जिला पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ और एनसीसी के कैडेट्स भी परेड में भाग लेंगे.

**तैयारियों को लेकर दिए गए अहम निर्देश**

रांची डीसी कार्यालय के और से जारी किए गए प्रेस विज्ञप्ति में यह बताया गया है कि डीसी रांची ने भवन प्रमंडल को निर्देश दिया कि मोरहाबादी मैदान में आगंतुकों के लिए दाएं और बाएं हिस्से में वाटरप्रूफ पंडाल, गैलरी और पर्याप्त कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. साथ ही मैदान का समतलीकरण, बैरिकेडिंग, मुख्य मंच और साउंड सिस्टम के लिए आवश्यक टावर का निर्माण समय पर पूरा किया जाए. जबकि उपसमाहर्ता को समारोह का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम तैयार करने, मुख्य मंच और आमंत्रित अतिथियों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं.

**पानी से बिजली की व्यवस्था मुकम्मल हो**

डीसी ने विद्युत कार्य प्रमंडल को निर्बाध बिजली आपूर्ति और साउंडप्रूफ जनरेटर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है. जबकि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, वीआईपी शौचालय और परेड में भाग लेने वाले कैडेट्स के लिए अस्थायी शौचालय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. डीसी ने मोरहाबादी मैदान तक जाने वाली सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई, चिकित्सा शिविर और अग्निशमन व्यवस्था को लेकर भी संबंधित विभागों को पूरी तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

# रांची में शुरू हुई इंडेन एक्स्ट्रालाइट नाउ सेवा अब सिर्फ तीन से चार घंटे में घर पहुंचेगी सिलेंडर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने रांची के कोकर स्थित अदिति इंडेन एजेंसी से अपने व्यावसायिक ग्राहकों के लिए इंडेन एक्स्ट्रालाइट नाउ सेवा शुरूआत कर दी है। इस सेवा के तहत 10 किलो के कंपोजिट गैस सिलेंडर की बुकिंग करने पर एजेंसी द्वारा तीन से चार घंटे के भीतर एक्सप्रेस डिलिवरी करने का वादा किया गया है. यह सेवा पुणे, गुरुग्राम, इंदौर व कोयंबटूर जैसे बड़े शहरों के बाद राजधानी रांची में भी लांच की गयी है. इसके तहत उच्च सुरक्षा वाले लाइट पारदर्शी पैनल में गैस सिलिंडर लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा.

**कनेक्शन लेने के लिए देने होंगे 535.5**

ज्ञात हो कि घरेलु गैस का नए कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं को अभी 4214 रुपये देने पड़ रहे हैं, वहीं एक्स्ट्रालाइट कॉमर्शियल गैस सिलिंडर का कनेक्शन लेने के लिए 535.5 रुपये ज्यादा यानी 4749.5 रुपये देने होंगे.इस नयी सेवा की सबसे खास बात यह है कि इसके लिए कोई भी आइडी प्रूफ नहीं देना होगा. मंगलवार को इस सेवा की शुरूआत कोकर स्थित अदिति इंडेन से की गयी. कंपनी के अधिकारियों की मौजूदगी में अदिति इंडेन के सिद्धार्थ शंकर ने इसे लांच किया. इस नयी सेवा के तहत महज एड्रेस प्रूफ पर ही सिलिंडर की डिलिवरी और नया कनेक्शन दे दिया जायेगा. इसमें किसी तरह की ई-केवाईसी की भी जरूरत नहीं होगी. न ही ग्राहकों के लिए कोई कोटा निर्धारित होगा. अभी जिन लोगों को नया कनेक्शन मिलने में दिक्कत हो रही है, उनके लिए एक्स्ट्रालाइट नाउ सिलेंडर सबसे अच्छा उपाय है.

# जेपीएससी छात्र आंदोलन : राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस का राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा धरना स्थल, छात्रों की मांगों को बताया जायज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में जेपीएससी, जेएसएससी और सीजीएल परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ जारी छात्र आंदोलन के बीच बुधवार को कांग्रेस का एक राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल आंदोलन स्थल पहुंचा. प्रतिनिधिमंडल ने आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़, कांग्रेस विधायक एवं राजस्थान यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया तथा यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव के. हरि शामिल थे. प्रतिनिधिमंडल ने आंदोलनकारियों से विस्तार से बातचीत की और उनकी मांगों व आंदोलन की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली. एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि यह दौरा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर किया गया है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का स्पष्ट संदेश है कि जहां भी छात्रों के साथ अन्याय होगा, कांग्रेस उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी. इसी संदेश के साथ प्रतिनिधिमंडल रांची पहुंचा है. विनोद जाखड़ ने कहा कि छात्रों की मांगें पूरी तरह जायज हैं और उनकी पीड़ा को समझने की जरूरत है.

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विवादों ने हजारों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है, इसलिए सरकार को संवेदनशीलता के साथ इस पूरे मामले का समाधान निकालना चाहिए. उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात करेगा और छात्रों की सभी मांगों तथा आंदोलन की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराएगा. उन्होंने विश्वास जताया कि बातचीत के माध्यम से समाधान का रास्ता निकलेगा. उनके अनुसार, राज्य सरकार इस मुद्दे को लेकर संवेदनशील है और संवाद के जरिए सकारात्मक निर्णय की उम्मीद है. विनोद जाखड़ ने कहा कि आंदोलन में शामिल कई छात्र आमरण अनशन पर हैं और लगातार उनकी तबीयत बिगड़ रही है. ऐसे में कांग्रेस चाहती है कि जल्द से जल्द ऐसा समाधान निकले, जिससे छात्रों की मांगों पर भी सकारात्मक पहल हो और उनकी सेहत को लेकर भी कोई गंभीर स्थिति उत्पन्न न हो.

# वंदना दादेल ने आदिवासी महोत्सव को लेकर मोरहाबादी मैदान का किया निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** आदिवासी महोत्सव-2026 को लेकर अपर मुख्य सचिव वंदना दादेल ने बुधवार को मोरहाबादी मैदान का निरीक्षण किया. उन्होंने आयोजन स्थल पर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी करने का निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया. स्वच्छता, पेयजल, बिजली और यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए. अपर मुख्य सचिव ने कहा कि महोत्सव में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए. आयोजन राज्य की सांस्कृतिक गरिमा के अनुरूप भव्य और सुव्यवस्थित होना चाहिए. उन्होंने मंच निर्माण, प्रदर्शनी स्टॉल, पार्किंग और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का भी जायजा लिया. संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया. वंदना दादेल ने सभी एजेंसियों को मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि आदिवासी महोत्सव-2026 का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके. निरीक्षण के दौरान कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बक्शी, रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, टीआरआई निदेशक आलोक एस. कच्छप, नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.

# झारखंड शराब प्रकरण : एसीबी ने जेएसबीसीएल के आईटी प्रबंधक समेत चार को समन किया जारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड के बहुचर्चित शराब प्रकरण की जांच में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है. जांच की दिशा को आगे बढ़ाने के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो ने जेएसबीसीएल के आईटी प्रबंधक समेत चार को समन भेज कर पूछताछ के लिए तलब किया है.

**डिजिटल सर्विलांस के बाद अब होगी चार लोगों से पूछताछ**

एसीबी ने बताया कि अब तक जुटाए गए साक्ष्यों, दर्ज बयानों और डिजिटल दस्तावेजों के विश्लेषण के आधार पर जांच का अगला चरण शुरू कर दिया गया है. हाल ही में रिकॉर्ड किए गए गजेंद्र कुमार सिंह, अमित प्रकाश और सुधीर कुमार दास के विस्तृत बयानों के दौरान कई नए और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं, उसका सत्यापन किया जा रहा है. इसी कड़ी में चार को समन किया गया है.

**7 अगस्त को आईटी प्रबंधक को पूछताछ के लिए बुलाया**

झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के आईटी प्रबंधक अमर कुमार मेहता को 7 अगस्त 2026 को पूछताछ एवं बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किया गया है. एसीबी उनसे Track & Trace प्रणाली, डिजिटल निगरानी व्यवस्था, सिस्टम लॉग, इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख तथा शराब आपूर्ति की डिजिटल ट्रैकिंग से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत पूछताछ करेगी. जांच एजेंसी इन तकनीकी तथ्यों का सत्यापन कर यह जानने का प्रयास करेगी कि डिजिटल सिस्टम के संचालन में कहीं कोई अनियमितता या गड़बड़ी तो नहीं हुई.

**तीन कंपनियों के अधिकारियों को फिर भेजा गया समन**

एसीबी के अनुसार पूर्व में जारी समन का अनुपालन नहीं करने वाले कुछ अधिकारियों को दोबारा समन जारी किया गया है. जिनमें फ्लोरेंस हेल्थकेयर एंड रिसर्च सेंटर प्रा. लि. के निदेशक जतिन सहाय, विकास अग्रवाल, मनोज तिवारी और ए-टू-जेड इंफ्रा सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक अरुण गौर को 10 अगस्त 2026 को पूछताछ एवं बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है. एसीबी ने कहा है कि शराब प्रकरण की जांच पूरी तरह साक्ष्य आधारित, विधिसम्मत और पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाई जा रही है. प्रत्येक नए तथ्य का उपलब्ध अभिलेखों, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और संबंधित व्यक्तियों के बयानों से मिलान किया जा रहा है, ताकि मामले से जुड़ी हर कड़ी को स्थापित कर निष्पक्ष निष्कर्ष तक पहुंचा जा सके.

# पुरानी कचहरी में दूसरे दिन भी लटका है ताला, एफिडेविट-नोटरी समेत कई जरूरी काम ठप

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** सदर अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीओ) कोर्ट की ओर से करीब 15 अधिवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के विरोध में रांची सिविल कोर्ट और एग्जीक्यूटिव कोर्ट के अधिवक्ता लगातार दूसरे दिन भी न्यायिक कार्य से दूर रहे. इसका असर पुरानी कचहरी के कामकाज पर भी साफ देखने को मिल रहा है. पुरानी कचहरी में दूसरे दिन भी ताला लटका हुआ है, जिससे एफिडेविट, नोटरी, शपथ पत्र और अन्य कानूनी दस्तावेजों से जुड़े सभी जरूरी काम पूरी तरह बंद रहे. कचहरी बंद होने के कारण जरूरी कार्य के लिए पहुंचे लोगों को बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ा.

**आम लोगों को उठानी पड़ी परेशानी**

पुरानी कचहरी परिसर में हर दिन बड़ी संख्या में लोग एफिडेविट, नोटरी और कानूनी दस्तावेज तैयार कराने के लिए पहुंचते हैं. यहां टाइपिस्ट दस्तावेज, नोटरी से लेकर एफिडेविट तैयार करने का काम करते हैं और अधिवक्ता उनसे जुड़ी कानूनी प्रक्रिया पूरी कराते हैं. लेकिन लगातार दूसरे दिन कामकाज ठप रहने से परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है. कई अधिवक्ता और टाइपिस्ट काम नहीं होने के कारण खाली बैठे या फिर इधर-उधर समय बिताते दिखाई दिए. वहीं, जरूरी काम से पहुंचे लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा.

# झारखंड में अगले तीन दिनों तक बारिश के आसार, विधानसभा का मानसून सत्र और आईसा मार्च पर असर संभव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रांची समेत पूरे झारखंड में आज मौसम का मिजाज बदला रहेगा. राज्य के लगभग सभी जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और मेघगर्जन होने की प्रबल संभावना है. इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है. अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का अनुमान है, जिससे लोगों को उमस से राहत मिल सकती है.

**6 अगस्त को कैसा रहेगा रांची का मौसम?**

6 अगस्त से झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हो रहा है. मौसम केंद्र के पूर्वानुमान के मुताबिक रांची में पूरे दिन बादल छाए रहने, हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश और मेघगर्जन की संभावना है. हालांकि रांची में तेज या भारी बारिश का कोई विशेष अलर्ट जारी नहीं किया गया है. इसलिए राजधानी रांची में बारिश के कारण आवाजाही प्रभावित हो सकती है, लेकिन भारी बारिश की आशंका फिलहाल नहीं है. 6 अगस्त को गिरिडीह, पश्चिमी सिंहभूम, लोहरदगा, गुमला, रांची और खूंटी जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है. इसके अलावा राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक, वज्रपात और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना बनी रहेगी.

**7 अगस्त को कैसा रहेगा मौसम?**

7 अगस्त को अक्रअ की ओर से छात्रों की मांगों के समर्थन में विधानसभा मार्च प्रस्तावित है. मौसम विभाग के अनुसार उस दिन भी रांची सहित पूरे राज्य में आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और मेघगर्जन की प्रबल संभावना है. रांची और आसपास के गुमला व खूंटी जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश का भी अनुमान है. ऐसे में विधानसभा मार्च के दौरान बारिश और फिसलन की स्थिति बन सकती है, इसलिए आयोजकों और प्रतिभागियों को मौसम को ध्यान में रखकर तैयारी करनी होगी.

**अगले कुछ दिन ऐसा ही रहेगा मौसम**

मौसम केंद्र के मुताबिक 8 अगस्त तक राज्य में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहेगा. 9 अगस्त को भी कई इलाकों में बारिश और मेघगर्जन की संभावना बनी रहेगी. 10 अगस्त तक तेज हवा और गरज-चमक का असर देखने को मिल सकता है, जबकि 11 अगस्त के लिए फिलहाल किसी विशेष चेतावनी की घोषणा नहीं की गई है.

# एक साल से टूटा है रायडीहझ्रतमाड़ मुख्य मार्ग का पुल, हादसे की आशंका से ग्रामीण चिंतित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तमाड़:** रायडीहझ्रतमाड़ मुख्य मार्ग पर बड़ा तालाब के पास स्थित पुलिया (कन्वर्ट) पिछले लगभग एक वर्ष से क्षतिग्रस्त है, लेकिन अब तक इसके पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लगातार हो रही बारिश के कारण पुल की स्थिति और भी जर्जर होती जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक न तो मरम्मत का कार्य शुरू हुआ है और न ही कोई स्थायी समाधान किया गया है। उनका कहना है कि यदि पुल पूरी तरह ध्वस्त हो गया तो लोगों को लगभग 5 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर डोरिया मार्ग से आवागमन करना पड़ेगा। यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी रास्ते से लोग तमाड़ थाना, प्रखंड कार्यालय (ब्लॉक), अस्पताल तथा आसपास के स्कूलों तक पहुंचते हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र, मरीज, कर्मचारी और आम नागरिक इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से अविलंब पुल के पुनर्निर्माण की मांग करते हुए कहा है कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो बरसात के दौरान किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो जाएगा।

गंगा पर वार करने वालों की अब खैर नहीं

# साहिबगंज से उठी आवाज,हिलेगी पत्थर माफियाओं की नींव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

- आज एनजीटी में होगी सुनवाई
- पत्थर माफियाओं की सांसें अटकीं
- साहिबगंज की गंगा बचाने कोलकाता पहुंचे अरशद
- एनजीटी में आज गंगा की किस्मत पर सुनवाई






**साहिबगंज ।** गंगा मां पर हमला करने वालों के खिलाफ आज एनजीटी कोलकाता में जारी जंग पर सुनवाई होगा. झारखंड की एकमात्र गंगा तटीय जिला साहिबगंज से उठी एक चिंगारी आज नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के ईस्टर्न जोन में आग बनकर दहकेगी.चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरण योद्धा सैयद अरशद नसर ने गंगा नदी,दुर्लभ जलीय जीव डॉल्फिन और पूरे इको-सिस्टम को बचाने के लिए जो बिगुल फूंका था,उसकी सुनवाई आज गुरुवार सुबह 10:30 बजे एनजीटी कोलकाता में होगी.अरशद सुनवाई में शिरकत करने कोलकाता पहुंच चुके हैं.अरशद द्वारा दायर याचिका संख्या -162/23 में सीधा आरोप है कि साहिबगंज में गंगा नदी और उसके किनारों से स्टोन बोल्डर,चिप्स और मेटल का अवैध परिवहन और भंडारण धड़ल्ले से हो रहा है. इससे न सिर्फ गंगा प्रदूषित हो रही है,बल्कि संरक्षित गंगा,दुर्लभ डॉल्फिन और अन्य जलीय जीवों का अस्तित्व भी खतरे में है.याचिका में मांग है कि गंगा नदी और उसके आसपास से खनिजों के उठाव,परिवहन और स्टॉकयार्ड पर तत्काल रोक लगाएं व पर्यावरणीय बहाली के लिए भारी पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना लगाएं.जस्टिस अरुण कुमार त्यागी एक्सपर्ट मेंबर डॉ.ए.संथिल वेल और ईश्वर सिंह की बेंच आज इस मामले को सुनेगी.एनजीटी ने पहले ही राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन,नई दिल्ली के निदेशक,झारखंड के खान सचिव व निदेशक, झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव, साहिबगंज के डीसी, डीएमओ और डीटीओ व स्टोन बोल्डर सप्लायर जीके इंटरप्राइजेज,मालदा और मां तारा एंटरप्राइजेज कंस्ट्रक्शन कंपनी,मुजफ्फरपुर से काउंटर एफिडेविट और स्थलीय जांच रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दे रखा है.इसके बाद अरशद की ओर से प्रतिउत्तर दिया जाएगा. साहिबगंज से लेकर कोलकाता तक इस सुनवाई को लेकर हड़कंप है.एक तरफ पर्यावरण प्रेमी इसे ₹गंगा बचाओ आंदोलन₹ की जीत मान रहे हैं तो दूसरी तरफ पत्थर माफिया से लेकर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी तक की धड़कनें बढ़ी हुई हैं.स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर एनजीटी ने अरशद के पक्ष में फैसला दिया तो साहिबगंज में चल रहा अवैध खनन और परिवहन का पूरा नेटवर्क ध्वस्त हो जाएगा.अरशद ने कहा यह लड़ाई सिर्फ साहिबगंज की नहीं है,यह गंगा मां और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की लड़ाई है.एनजीटी से हमें न्याय की उम्मीद है.अब सबकी निगाहें कोलकाता की उस अदालत एनजीटी पर टिकी हैं जहां से गंगा को बचाने का आदेश निकल सकता है.

## बरहेट में 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध मौत, फांसी लगाकर आत्महत्या की आशंका

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज ।**बरहेट बाजार के कन्या उच्च विद्यालय के पास बुधवार को एक 18 साल की युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला सामने आया है । प्रथम द्दष्टया के अनुसार युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है । बताया गया कि कन्या उच्च विद्यालय के पास रहने वाले दुर्गा राय अपनी पत्नी के साथ बुधवार को बाजार में कपड़े खरीदने गए थे । उसी दौरान उनकी पुत्री नंदिनी कुमारी घर पर अकेली थी । कुछ समय बाद पड़ोस की एक लड़की बाजार पहुंची । ओर दुर्गा राय से तुरंत घर चलने को कहा । कारण पूछने पर उसने केवल जल्द घर चलने की बात कही । घर पहुंचने पर परिजनों ने देखा कि नंदिनी कुमारी संदिग्ध अवस्था में पड़ी हुई थी । आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट इलाज के लिए भर्ती कराया । जहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया । परिजनों ने बताया कि नंदिनी पिछले कुछ दिनों से पेट दर्द से परेशान थी । ओर उसका इलाज कराने के लिए उसे भागलपुर भी ले गए थे। इस मामले की सूचना पुलिस को मिलने पर थाना के एएसआई मनसा हजाम सीएचसी पहुंचे मामले की जांच शुरू की । पुलिस के अनुसार युवती के गले पर गहरा काला निशान मिला है । जिससे प्रथम द्दष्टया फांसी लगाकर आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है । हालांकि, पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी ।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहेबगंज भेज दिया है । ओर पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है

## साहिबगंज पहुंची गुरु रविदास समरसता संकल्प कलश वंदन रथ यात्रा, भाजपा नेताओं ने किया भव्य स्वागत

**साहिबगंज ।**संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वी जयंती के पावन अवसर पर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार कलश वंदन रथ यात्रा रांची से साहिबगंज पहुंचा। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान के तहत रांची से चल कर आने वाली रथ का भव्य स्वागत सिदो कान्हु के जन्मस्थली प्रखंड बरहेट में भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम यादव के नेतृत्व में किया गया। वही भूतेश्वरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। बरहेट से साहिबगंज आगमन पर जगह जगह दर्शन पूजन ओर स्वागत किया गया। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज का जन्मभूमि का मिट्टी कलश में भरकर पूरे देश के गांव गांव कलश यात्रा के माध्यम से घुमाया जा रहा है और संत महात्माओं के बारे में लोगों को बताया जा रहा है। शाम में नगर परिषद क्षेत्र पहुंचने पर राजमहल पूर्व विधायक अनंत ओझा सहित भाजपा नेताओं ने ढोल नगाड़ा गाजे बाजे पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया ओर पूर्व विधायक ने सर पर कलश लेकर जीरवाबाड़ी पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे ओर मंदिर में पूजन किया गया। वही उन्होंने कहा कि समाज के अंदर समरसता और एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने की संकल्पना बना रहे। उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाएंगे। रथयात्रा रामपुर दहला, मां बायसी मंदिर सहित सभी प्रखंड क्षेत्रों में कलश यात्रा घुमाया जाएगा। वही बाइक रैली निकालकर कलश यात्रा को पूरे शहर घुमाया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंडल मुर्मू, गणेश तिवारी , धर्मेंद्र कुमार, रामानंद साह, जिला प्रभारी अमृत पांडे, संजय पटेल, कुमारी गरिमा, चांदनी देवी, चंद्रभान शर्मा, विनोद चौधरी, प्रेमलाल मंडल सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कटहलबाड़ी मध्य विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन, लखीराम मंडल फिर बने अध्यक्ष



**उधवा/साहिबगंज ।**प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय कटहलबाड़ी में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की गठन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पोषक क्षेत्र के अभिभावक,गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्राम सभा के माध्यम से सर्वसम्मति से लखीराम मंडल को पुनः एक बार फिर से विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया जबकि सजीना बीबी को उपाध्यक्ष बनाया गया।पर्यवेक्षक सह सीआरपी द्विजेंद्र नाथ मंडल ने बताया कि विभागीय निदेर्शानुसार ग्राम सभा आयोजित कर लखीराम मंडल को एसएमसी अध्यक्ष मनोनीत किया गया।मौके पर विद्यालय सचिव विनय कुमार मंडल,फरमान अली,मजिबुर्रहमान,खिदीर हुसैन सहित दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

## पैसेंजर ट्रेन में मोबाइल चोरी के आरोप में दो महिलाएं पकड़ीं, यात्रियों ने आरपीएफ को सौंपा



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** जयनगर-हावड़ा पैसेंजर ट्रेन संख्या 13032 में बुधवार को मोबाइल चोरी के आरोप में दो महिलाओं को यात्रियों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन में सफर के दौरान एक यात्री का मोबाइल चोरी हो गया था। संदेह होने पर यात्रियों ने सतर्कता दिखाते हुए दोनों महिलाओं को पकड़ लिया। इसके बाद ट्रेन के तीनपहाड़ स्टेशन पहुंचते ही दोनों को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के हवाले कर दिया गया ।आरपीएफ ने दोनों महिलाओं से पूछताछ के लिए उन्हें आरपीएफ पोस्ट बरहरवा भेज दिया है ।आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि दोनों महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि चोरी की इस घटना में उनके साथ अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं और क्या वे किसी सक्रिय मोबाइल चोर गिरोह का हिस्सा हैं। अधिकारी ने कहा कि आरपीएफ मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। यदि किसी संगठित गिरोह की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## साहिबगंज शहरी पेयजल योजना पर हाईकोर्ट सख्त, राज्य सरकार और नगर परिषद को दिए जरूरी निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** शहरी पेयजल आपूर्ति योजना से संबंधित जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। डब्ल्यूपी (पीआईएल) संख्या 667/2018, सिद्धेश्वर मंडल बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य मामले में मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनाक एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने 30 जुलाई 2026 को आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार और नगर परिषद, साहिबगंज को लंबित समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पीयूष कुमार रॉय तथा राज्य सरकार की ओर से एएजी-कककक के सहायक सलाहकार आशुतोष आनंद ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे पर विचार करते हुए अदालत ने कहा कि शहरी पेयजल आपूर्ति योजना का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है, हालांकि अभी भी कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान होना बाकी है। अदालत ने विशेष रूप से नगर परिषद की ओर से योजना का टेकओवर तथा पाइपलाइनों में लीकेज की समस्या को गंभीरता से लिया। राज्य सरकार की ओर से अदालत को आश्वस्त किया गया कि दोनों लंबित मुद्दों के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों और नगर परिषद के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार ने अदालत से दो सप्ताह का समय मांगा। खंडपीठ ने राज्य सरकार के अनुरोध को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त निर्धारित की है। साथ ही निर्देश दिया कि अगली सुनवाई से पूर्व राज्य सरकार एवं नगर परिषद संयुक्त रूप से अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करें ताकि योजना की प्रगति एवं लंबित समस्याओं के समाधान की स्थिति से अदालत को अवगत कराया जा सके। गौरतलब है कि साहिबगंज शहरी पेयजल आपूर्ति योजना लंबे समय से विभिन्न कारणों से चर्चा में रही है और इसके प्रभावी संचालन को लेकर न्यायालय लगातार निगरानी कर रहा है।

## उत्तर पलाशगाछी में दो गुट भिड़े, गर्भवती महिलाओं सहित 6 घायल



**राजमहल/साहिबगंज ।**राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तर पलाशगाछी पंचायत में बुधवार को आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दो गर्भवती महिलाओं सहित कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों की मदद से सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में 34 वर्षीय गफ्फार शेख, 28 वर्षीय जहीर शेख, 60 वर्षीय उजाला शेख, 22 वर्षीय एनामुल शेख के अलावा गर्भवती महिला सेरीना बीबी (25 वर्ष) और साहीरा बीबी (30 वर्ष) शामिल हैं। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने 22 वर्षीय इनामुल शेख की स्थिति की गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया । वहीं, अन्य घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में जारी है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## हरिनसिंग स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य, 7-8 अगस्त को कई ट्रेनों के रूट में बदलाव

**साहिबगंज।** हावड़ा डिवीजन के हरिनसिंग स्टेशन पर 07 अगस्त को सुबह आठ बजे से 08 अगस्त को दोपहर दो बजे तक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। जिसमे 07 अगस्त को ट्रेन नंबर 13015 हावड़ा जमालपुर कविगुरु एक्सप्रेस को शुरू होने वाली यात्रा को रामपुरहाट- गुमानी- साहिबगंज के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। बताया गया है कि ब्लॉक से पहले आखिरी ट्रेनें 63081 अप दिशा में और 63142 डाउन दिशा में होंगी और ब्लॉक के बाद पहली ट्रेनें 63141 अप दिशा में और 22310 (डाउन दिशा में होंगी। वही 08 अगस्त को 63081 रामपुरहाट जसीडीह मेमू और 63142 गोड्डा सियालदह मेमू को रास्ते में उचित रूप से नियंत्रित किया जाएगा। बताया गया है कि ब्लॉक से पहले आखिरी ट्रेनें 22309 अप दिशा में और 13016 डाउन दिशा में होंगी और ब्लॉक के बाद पहली ट्रेनें 63081 अप दिशा में और 63142 डाउन दिशा में होंगी।

## राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा, टीकाकरण में लापरवाही पर अंतिम चेतावनी



**राजमहल/साहिबगंज।** अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में बुधवार को उपाधीक्षक की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नियमित टीकाकरण में कम उपलब्धि वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर उपाधीक्षक ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मियों को अंतिम चेतावनी दी और कार्य में गुणात्मक सुधार लाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मौसमी बीमारियों के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आगामी सितंबर 2026 में आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की गई तथा अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सह लेखा प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मू, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सुनील रंजन, पीसीआई के जिला समन्वयक अर्जुन दास, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सहिया साथी एवं बीटीटी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# श्रीकुंड संकुल की समीक्षा बैठक में महिला सशक्तीकरण और आजीविका योजनाओं पर हुआ मंथन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) पलाश, बरहरवा की ओर से बुधवार को हरिहरा पंचायत भवन में श्रीकुंड संकुल संघ के कैडरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक फैज आलम ने की, जिसमें महिला सशक्तीकरण, आजीविका संवर्धन और विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में संकुल की सक्रिय महिलाएं, जेंडर सीआरपी, बीआरपी लाइवलीहुड, वित्तीय साक्षरता सीआरपी, सेतु दीदी, बैंक सखी, जेआरपी समेत विभिन्न कैडर और कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान पिछले माह के कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यों की रणनीति तय की गई। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक फैज आलम ने निर्देश दिया कि सखी मंडल से वंचित महिलाओं की पहचान कर उन्हें शीघ्र समूहों से जोड़ा जाए, ताकि वे आजीविका के अवसरों और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने सभी कैडरों से अपने दायित्वों का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक में नए स्वयं सहायता समूहों की लोकोस पोर्टल पर प्रविष्टि, सदस्यों की ई-केवाईसी, समूह एवं ग्राम संगठन के कटऑफ, जुलाई माह तक के वित्तीय लेन-देन की प्रविष्टि, प्रथम बैंक लिंकेज, सीआईएफ तथा बैंक ऋण की अदायगी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। इसके अलावा आर-सेटी, साहिबगंज में आयोजित होने वाले ब्यूटी पार्लर और फास्ट फूड प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए योग्य एवं इच्छुक महिलाओं के चयन और प्रशिक्षण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष चर्चा हुई। अंत में आगामी कार्यों के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए सभी कैडरों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बीएपी पवन कुमार, सामुदायिक समन्वयक अंशुमान कुमार सहित श्रीकुंड संकुल संघ के अन्य कैडर उपस्थित रहे।

## साहिबगंज में एएसआई पर चाकू से हमला, आरोपी युवक गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात को ड्यूटी के दौरान एक एएसआई पर चाकू से हमला कर दिया गया. घटना में कोटालपोखर थाना में पदस्थापित एएसआई हेमंत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें तत्काल इलाज के लिए पाकुड़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है.जानकारी के अनुसार, कोटालपोखर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि पलासबोना गांव में एक युवक नशे की हालत में हाथ में चाकू लेकर घूम रहा है और लोगों के बीच दहशत फैला रहा है. सूचना मिलने के बाद एएसआई हेमंत यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे.युवक को पकड़ने के दौरान किया हमला पुलिस जब आरोपी युवक को पकड़ने का प्रयास कर रही थी, तभी उसने अचानक एएसआई हेमंत यादव पर चाकू से हमला कर दिया. चाकू लगने से एएसआई गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिसकर्मियों ने तत्काल उन्हें घटनास्थल से निकालकर इलाज के लिए पाकुड़ सदर अस्पताल पहुंचाया.

**आरोपी गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस**

घटना के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को मौके से गिरफ्तार कर लिया. मामले की जांच शुरू कर दी गई है.

**एसडीपीओ ने की पुष्टि**

बरहरवा के एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि चाकू से हमला करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

## राजमहल में राज्य खाद्य आपूर्ति आयोग की प्रभारी अध्यक्ष का औचक निरीक्षण, एमडीएम और आंगनबाड़ी व्यवस्था में मिली अनियमितता



**राजमहल/साहिबगंज ।**राज्य खाद्य आपूर्ति आयोग की प्रभारी अध्यक्ष शबनम प्रवीण बुधवार को राजमहल पहुंची. राजमहल निरीक्षण भवन में विधायक प्रतिनिधि सह नपं उपाध्यक्ष मो मारूफ उर्फ गुड्डू के नेतृत्व में राजमहल नगर पंचायत के वार्ड पार्षद एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के पार्टी पदाधिकारी ने फुल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। क्षेत्र की जन वितरण प्रणाली की व्यवस्था व एमडीएम की संचालन से अवगत हुई. उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजना गर्भवती माता के लिए संचालित होती है इसका लाभ लाभुक को मिले इस पर जागरूक रहने की आवश्यकता है. उन्होंने पीएम श्री मध्य विद्यालय नयाबाजार, कन्या मध्य विद्यालय नीलकोठी, प्राथमिक विद्यालय हाटपाडा, नीलकोठी आंगनबाड़ी केंद्र व शहर के दो आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। नया बाजार विद्यालय में गैस चूल्हे की जगह लकड़ी के चूल्हे में एमडीएम बनाई जा रही थी और मीनू के अनुसार एमडीएम भी नहीं बन रहा था जिस पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्ति की. वही नील कोठी आंगनबाड़ी केंद्र में भी अनियमितता सामने आई है। बच्चों को अंडा प्रतिदिन नहीं दिया जा रहा है। अध्यक्ष ने कहीं की संबंधित जांच रिपोर्ट से जिला के पदाधिकारी को अवगत कराते हुए राज्य को रिपोर्ट समर्पित की जाएगी। आयोग की टीम राजमहल गंगा तट का भ्रमण कर यहां के ऐतिहासिक धरोहरों से अवगत हुए। मौके पर नपं उपाध्यक्ष मो मारूफ उर्फ गुड्डू , झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, वार्ड पार्षद अनिता बसाक, उज्जवल हलदार,जोली राय, राजू सरकार, किशन बर्मन, मो अयुब, अजय कुमार दास , गोपाल मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

## राजमहल में अमरूद तोड़ने के दौरान 11 हजार वोल्ट हाईटेंशन तार की चपेट में आया किशोर, गंभीर घायल



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजमहल/साहिबगंज।** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के वार्ड नंबर 4 के नया बस्ती मोहल्ले में बुधवार को अमरूद तोड़ने के दौरान 11 हजार हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शाहिद शेख के पुत्र साजिद शेख (12) अपने दोस्तों के साथ घर से कुछ दूरी पर एक बगीचे में अमरूद के पेड़ पर चढ़कर अमरुद तोड़ रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे 11 हजार हाई टेंशन तार की चपेट में किसी तरह आ गया और पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों को पता चलते ही आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर कुमार सौरभ के द्वारा इलाज किया जा रहा था। मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

# सीएचसी पतना में निक्षय टीम का गठन, डॉक्टरों ने टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण सहयोग का लिया संकल्प

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पतना में बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. समसुल हक के नेतृत्व में निक्षय टीम का गठन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी (क्षय रोग) मरीजों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करना है। इस दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेने का संकल्प लिया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. समसुल हक ने कहा कि टीबी के सफल उपचार में नियमित दवा के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार की अहम भूमिका होती है। बेहतर पोषण से मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वे जल्द स्वस्थ हो सकते हैं। इसी उद्देश्य से निक्षय अभियान के तहत मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण संबंधी सहयोग की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम के तहत डॉ. दीपक कुमार ने दो, डॉ. बाबूराम मुर्मू ने दो, बड़ा बाबू देवव्रत राय ने दो, बीटीटी कृपा सिंधु रजक ने एक, बीएएम मधुसूदन महतो ने एक तथा डॉ. कुणाल किशोर ने एक टीबी मरीज को गोद लिया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. समसुल हक ने स्वयं पांच टीबी मरीजों के पोषण एवं नियमित देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया। सीएचसी पतना में वर्तमान में उपचाररत टीबी मरीजों की देखभाल के साथ उनकी पोषण संबंधी जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निक्षय मित्रों के सहयोग से मरीजों को समय-समय पर पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके। इस अवसर पर वरीय क्षय पर्यवेक्षक संजय किस्कू ने निक्षय योजना एवं टीबी उन्मूलन अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों से टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने, उपचार बीच में नहीं छोड़ने तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील की।

# जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं विरासत के भव्य प्रदर्शन के साथ व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश

**विश्व आदिवासी दिवस 2026 के सफल आयोजन को लेकर तैयारियों की समीक्षा**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** विश्व आदिवासी दिवस 2026 के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर आज समाहरणालय सभागार में परियोजना निदेशक, आईटीडीए श्री अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी, एसएमपीओ सह एपीआरओ पवन कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**जिलास्तर पर होंगे विविध कार्यक्रमों का आयोजन**

बैठक में विश्व आदिवासी दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिल्प प्रदर्शनी, स्वदेशी खाद्य उत्सव, जन-जागरूकता अभियान, सम्मान समारोह तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**स्थानीय कलाकारों एवं जनजातीय संस्कृति को मिलेगा प्रमुख स्थान**

बैठक में निर्देश दिया गया कि कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों, सांस्कृतिक दलों एवं स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। जनजातीय लोकनृत्य, पारंपरिक संगीत, लोककला, हस्तशिल्प एवं स्थानीय व्यंजनों के माध्यम से जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं परंपराओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए, ताकि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सके।

**सोशल मीडिया अभियान के माध्यम से होगा व्यापक प्रचार-प्रसार**

बैठक में कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से सोशल मीडिया अभियान संचालित करें। कार्यक्रमों से संबंधित गतिविधियों का नियमित प्रचार-प्रसार करते हुए अधिकाधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि जिले के नागरिक बड़ी संख्या में कार्यक्रमों में सहभागिता कर सकें। परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, गौरवशाली इतिहास एवं जीवन मूल्यों को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस आयोजन का उद्देश्य केवल सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित करना नहीं, बल्कि जनजातीय समाज की पहचान, विरासत और सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी है। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक गतिविधि को समयबद्ध, व्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया।उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही यह आयोजन जिले के लिए यादगार एवं प्रेरणादायी बनेगा।

## बंगला भाषा उन्नयन समिति ने किया पाठ्य पुस्तक का वितरण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बलियापुर /धनबाद।** बुधवार को पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांगेपारा में साधन चटर्जी के अध्यक्षता में बंगला भाषा उन्नयन समिति की बंगला पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दर्जनों बच्चों के बीच पुस्तक वितरण किया गया। इस अवशर पर मुख्य अतिथि प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने कहा कि बंगाला भाषा झारखंडी जनमानस की एक प्रमुख भाषा में से एक हैं ।उन्होंने कहा कि हमें बंगला भाषा को विकसित एवं संरक्षीत करने की जरूरत है। झारखंड बंगला भाषा उन्नयन समिति के संस्थापक बेंगु ठाकुर ने कहा कि बंगाला भाषा एक प्राचीन भाषा है ये भाषा बंगाल , बिहार, झारखंड, उड़िसा एवं अन्य क्षेत्रों में भी बोली जाती हैं। बंगला भाषा के विकास के लिए 1952ई में भजोहरी महतो के नेतृत्व में कोलकाता में विशाल रैली निकाली गई थी।एक साजीस के तहत इस भाषा को दबाने का प्रयास किया गया।हम सरकार से मांग करते हैं कि बंगाला भाषा को विकसित करने का काम करें ।आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी, समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर, साधन चटर्जी, मुकुल चंद्र रोहिदास, परितोष घोषाल, लालजीत गोराई, नारायण चंद्र पाल, कृष्ण प्रसाद मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय कंगालीडीह छत्तरपुर में विद्यालय प्रबंध समिति का पुनर्गठन,सुहागा कुमारी अध्यक्ष,सोनी देवी बने उपाध्यक्ष

**विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप अभिभावकों और ग्रामीणों की मौजूदगी में हुआ चुनाव**

**अरविंद अग्रवाल @ झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**छत्तरपुर :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कंगालीडीह छत्तरपुर में 5 अगस्त बुधवार को विद्यालय के 15 सदस्यीय प्रबंध समिति का पुनर्गठन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। पुनर्गठन की प्रक्रिया विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप अभिभावकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरी की गई। बैठक की अध्यक्षता बी आर जी पर्यवेक्षक मृत्युंजय कुमार के अध्यक्षता में बैठक कराई गई। वहीं विद्यालय के सचिव राजेंद्र प्रसाद गुप्ता बैठक में उपस्थित रहे। वहीं ग्रामीण सदस्य सत्यदेव सिंह, महावीर गुरुजी, उप मुखिया कमला देवी सहित अन्य ग्रामीण अभिभावक गण शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंध समिति का श्रीमती सुहागा कुमारी को अध्यक्ष चुना गया, वहीं उपाध्यक्ष सोनी देवी को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवगठित समिति के सदस्यों ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रों की नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विद्यालय के समग्र उन्नयन के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुहागा कुमारी, उपाध्यक्ष सोनी देवी ने कहा कि समिति विद्यालय के सर्वांगीण विकास और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगी। बैठक में प्रमोद यादव जितेंद्र गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता, रीना देवी, नीरजा देबी, नीतू देवी, पूनम देवी, अनिल सिंह, अशोक प्रसाद, नागवंती देवी, कृष्णा साह सहित कई लोग मौजूद रहे

## पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह का अल्टीमेटम: बिजली समस्याओं का जल्द समाधान करें, अन्यथा होगा जनआंदोलन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



हुसैनाबाद,पलामूः हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार को उनके प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (JBVNL), डाल्टनगंज के महाप्रबंधक से मुलाकात कर हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था से संबंधित विभिन्न लंबित जनहितकारी मांगों का 12 सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हुसैनाबाद में अनुमंडल विद्युत डिवीजन की स्थापना, पचंबा ग्रिड में 50 टश्अ पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना, विभिन्न सब-स्टेशनों का सुदृढ़ीकरण, बैराव पावर सब-स्टेशन की क्षमता वृद्धि, किसानों के लिए जले हुए ट्रांसफार्मरों का शीघ्र प्रतिस्थापन, हरिहरगंज एवं पिपरा क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सहित कई महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक से सभी मांगों पर शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता लंबे समय से बिजली की गंभीर समस्याओं से जूझ रही है और अब इन समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाना आवश्यक है।

प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जनहित से जुड़ी इन मांगों पर शीघ्र एवं समयबद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र की जनता के साथ लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। महाप्रबंधक से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, भाजपा नेता योगेंद्र कुमार सिंह, विनय पासवान,सोमेश सिंह, हंसराज सिंह, रंजीत पासवान एवं राजीव रंजन शामिल थे।

## अनाथ हुई तीन बहनों के सहारा बने विधायक चंद्रदेव महतो, हर संभव मदद का दिया भरोसा



**झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू**

**बलियापुर /धनबाद।** गुरुवार को सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो मुकुंदा पंचायत के तिलाटांड गांव पहुंचे और माता-पिता का साया खो चुकी तीन बच्चियों से मुलाकात कर उनके परिवार को ढांढस बंधाया।विधायक ने बच्चियों की शिक्षा ,पालन- पोषण और अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया ।जानकारी के अनुसार तीनों बच्चों के पिता स्वर्गीय इंद्रजीत मोदक का निधन लगभग 3 वर्ष पहले हो गया था। इसके बाद उनकी मां गीता देवी ही बच्चों की देखभाल कर रही थी। लेकिन बीमारी के कारण 5 दिन पहले उनका भी निधन हो गया ,जिससे तीनों बच्चियां पूरी तरह अनाथ हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक चंद्रदेव महतो स्वयं तिलाटांड गांव स्थित उनके आवास पहुंचे। उन्होंने बच्चियों और परिजनों से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में संवेदना व्यक्त की तथा कहा कि बच्चियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। विधायक ने स्थानीय लोगों से भी बच्चियों के सहयोग और संरक्षण के लिए आगे आने के अपील की। उनके इस मानवीय पहल की ग्रामीणों ने सराहना की।

# 09 अगस्त को रविन्द्र भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिल्प प्रदर्शनी, स्वदेशी खाद्य उत्सव एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान

**विश्व आदिवासी दिवस पर जनजातीय संस्कृति, परंपरा एवं विरासत का होगा भव्य उत्सव**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, पाकुड़ द्वारा 09 अगस्त 2026 को प्रातः 10:00 बजे से रविन्द्र भवन (टाउन हॉल), पाकुड़ में भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय कला, संस्कृति, परंपराओं एवं विरासत का संरक्षण, संवर्धन तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक पहचान से जोड़ना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं को प्रतिबिंबित करने वाले पारंपरिक नृत्य एवं संगीत, जन- जागरूकता अभियान, शिल्प प्रदर्शनी तथा स्वदेशी खाद्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

**जनजातीय संस्कृति एवं विरासत की होगी आकर्षक प्रस्तुति**

कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पाकुड़, पाकुड़ राज +2 उच्च विद्यालय, रानी ज्योतिर्मयी स्कूल, पाकुड़, जिदातो गर्ल्स हाई स्कूल, पाकुड़, जवाहर नवोदय विद्यालय, पाकुड़, जेएसएलपीएस की दीदियां तथा कल्चरल क्लब, पाकुड़ के प्रतिभागियों द्वारा जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

**शिल्प प्रदर्शनी एवं स्वदेशी खाद्य उत्सव होंगे आकर्षण का केंद्र**

कार्यक्रम में स्थानीय शिल्पकारों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा जनजातीय हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाकृतियों एवं स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही स्वदेशी खाद्य उत्सव के माध्यम से जनजातीय समाज के पारंपरिक व्यंजनों एवं स्थानीय खाद्य संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा।

**सरकारी योजनाओं के लाभुक होंगे लाभान्वित, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत वन पट्टा वितरण, साइकिल वितरण, एएनएम एवं जीएनएम कर्मियों का सम्मान, स्वास्थ्य सहियाओं को नियुक्ति एवं प्रशस्ति पत्र वितरण, आंगनबाड़ी सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य, खेलकूद, शिक्षा, समाज कल्याण एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं, ज्ञान, जीवन मूल्यों एवं गौरवशाली इतिहास को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिवस हमें अपनी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित एवं भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने की प्रेरणा देता है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि यह आयोजन केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम तक सीमित न रहकर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करने, उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने तथा जनजातीय कला, शिल्प, लोक संस्कृति एवं स्वदेशी परंपराओं को व्यापक पहचान दिलाने का प्रभावी मंच बने। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन गरिमामय, भव्य एवं यादगार बनाया जाए।

**सभी विभागों को समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश**

जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को कार्यक्रम की तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया है, ताकि आयोजन सफल, गरिमामय एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण हो। साथ ही जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं विरासत के इस गौरवपूर्ण उत्सव के सहभागी बनें।

## जिला कृषि पदाधिकारी ने लिया पदभार




**धनबाद।** धनबाद की नई जिला कृषि पदाधिकारी श्रीमती अंजना कुमारी ने बुधवार को जिला कृषि पदाधिकारी के रूप में कृषि कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर निवर्तमान जिला कृषि पदाधिकारी श्री अभिषेक मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इससे पहले नई जिला कृषि पदाधिकारी श्रीमती अंजना कुमारी गिरिडीह में असिस्टेंट सॉयल केमिस्ट के पद पर कार्यरत थी। वहीं निर्वतमान जिला कृषि पदाधिकारी श्री अभिषेक मिश्रा का पाकुर जिले में स्थानांतरण किया गया है।

## उपायुक्त के नाम एवं तस्वीर का दुरुपयोग कर बनाई गई फर्जी व्हाट्सएप आईडी, आमजन एवं अधिकारियों से सतर्क रहने की अपील

**पाकुड़ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज के नाम एवं तस्वीर का दुरुपयोग कर साइबर अपराधियों द्वारा एक फर्जी (फेक) व्हाट्सएप आईडी बनाई गई है। उक्त फर्जी व्हाट्सएप नंबर +66 616482051 के माध्यम से जिले के अधिकारियों एवं अन्य व्यक्तियों से संपर्क कर राशि एवं उपहार की मांग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस संबंध में उपायुक्त कार्यालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उक्त व्हाट्सएप नंबर का उपायुक्त अथवा जिला प्रशासन से कोई संबंध नहीं है। यह पूरी तरह साइबर ठगी का प्रयास है। मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ को उपलब्ध करा दी गई है तथा पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई एवं जांच की जा रही है।=उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, शुभचिंतकों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उक्त व्हाट्सएप नंबर अथवा किसी अन्य संदिग्ध नंबर या अनधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट से उनके नाम पर कोई संदेश, कॉल अथवा धनराशि/उपहार की मांग की जाती है, तो उस पर बिल्कुल विश्वास न करें और न ही किसी प्रकार की वित्तीय अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा करें। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा साइबर पुलिस को दें, ताकि साइबर अपराधियों के विरुद्ध समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि सतर्क रहें, अफवाहों से बचें तथा किसी भी अनधिकृत संदेश पर विश्वास करने से पूर्व उसकी सत्यता की पुष्टि अवश्य करें।

## पाकुड़ में बिना तिरपाल ढोए जा रहे खनिज वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई, कई वाहनों से वसूला जुमार्ना



**पाकुड़:** जिले में बढ़ते प्रदूषण और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने बुधवार को खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना तिरपाल ढंके पत्थर, बालू, कोयला और मिट्टी का परिवहन कर रहे कई हाइवा, ट्रक और ट्रेलरों की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया। यह अभियान पाकुड़झहिरणपुर मुख्य मार्ग स्थित बाजार समिति के समीप चलाया गया। जांच का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) मो. मोजाहिद अंसारी ने किया। उनके साथ मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।जांच के दौरान पाया गया कि कई वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किए बिना खुले में खनिज सामग्री का परिवहन कर रहे थे। इससे सड़क पर धूल उड़ने के कारण दोपहिया चालकों, पैदल यात्रियों और अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। डीटीओ मो. मोजाहिद अंसारी ने बताया कि बिना तिरपाल के खनिज परिवहन से न केवल सड़क सुरक्षा प्रभावित होती है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है। इसी को देखते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुमार्ना वसूला गया और भविष्य में निर्धारित मानकों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी गई। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर आगे भी इस तरह के विशेष अभियान लगातार जारी रहेंगे। दोबारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों एवं चालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## स्नातक सीटों में कटौती के विरोध में छात्रों ने केकेएम कॉलेज में की तालाबंदी, निर्णय वापस लेने की मांग

**पाकुड़।** सिद्धो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू) के अंतर्गत आने वाले केकेएम कॉलेज समेत संताल परगना के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातक सीटों में कथित भारी कटौती के विरोध में बुधवार को छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। छात्रों ने केकेएम कॉलेज परिसर में तालाबंदी कर जोरदार प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता कमल मुर्मू ने कहा कि सीटों में कटौती के मुद्दे पर पहले भी विश्वविद्यालय प्रशासन को आगाह किया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि नए सीट निर्धारण के तहत केकेएम कॉलेज में स्नातक की सीटें 4800 से घटाकर 1800 कर दी गई हैं, जिससे हजारों विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा का सपना प्रभावित होगा। छात्रों का कहना है कि इस फैसले का सबसे अधिक असर गरीब, आदिवासी, दलित और ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों पर पड़ेगा, जिनके लिए सरकारी महाविद्यालय ही उच्च शिक्षा का प्रमुख माध्यम हैं।प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि पिछले वर्ष की तरह सभी स्वीकृत सीटों को बहाल किया जाए, इस वर्ष सभी योग्य छात्र-छात्राओं का नामांकन सुनिश्चित किया जाए तथा सीट कटौती से संबंधित आदेश तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही संताल परगना के सभी महाविद्यालयों की स्वीकृत सीटों और वास्तविक नामांकन का आंकड़ा सार्वजनिक करने की भी मांग की गई। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

## जे पी एस सी -जे एस एस सी परीक्षा में अनियमितताओं के विरोध में पाकुड़ में जे एल के एम का धरना, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की उठाई मांग

**पाकुड़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (JLKM) के बैनर तले बुधवार को समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से कार्यकताओं और युवाओं ने खढरउ एवं खररउ परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं का विरोध करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग उठाई।धरना के दौरान वक्ताओं ने कहा कि झारखंड के लाखों युवा वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अपना समय, मेहनत और संसाधन लगा रहे हैं, लेकिन परीक्षा प्रक्रिया में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं के कारण उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता की कमी से अभ्यर्थियों का भरोसा कमजोर हुआ है।खछ्रङ्ट नेताओं ने कहा कि राज्य के युवाओं के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने, अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।धरना में मौजूद कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि जब तक अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिलता और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक उनका आंदोलन और संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं युवा अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के निमित्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय हजारीबाग

समाहरणालय भवन।



**हजारीबागः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री हेमन्त सती के निदेर्शानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय ने बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के निमित्त पुनरीक्षण गतिविधियों के संबंध में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने उपस्थित सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को बताया कि जिले के चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में गणना चरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 16,32,168 मतदाताओं में से 13,52,027 मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरकर डिजिटाइज कर दिया गया है। शेष 2,80,141 अनुपस्थित, स्थानांतरित,मृत, डुप्लीकेट एवं हस्ताक्षर से मना करने वाले (ASDDF) मतदाताओं का गणना प्रपत्र uncollectable डिजिटाइज किया गया तथा उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में प्रकाशित नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 5 अगस्त 2026 को सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही दिनांक 1.10.2026 की अहर्ता तिथि के आधार पर दावा एवं आपत्ति से संबंधित आवेदन पत्र दायर करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की अवधि निर्धारित की गई है। इस दौरान जिन मतदाताओं का नाम प्रारूप सूची में नहीं है, वे निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवधि के दौरान दिनांक 1.10.2026 की अहर्ता तिथि के आधार पर 18 वर्ष पूर्ण किए गए नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु प्रपत्र 6 में एवं प्रविष्टियों में सुधार हेतु प्रपत्र 8 तथा नाम विलोपन हेतु प्रपत्र 7 में आवेदन भरकर बीएलओ के पास या सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर सकते हैं।सभी सदस्यों से उक्त प्रारूप मतदाता सूची में स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों एवं पार्टी के महत्वपूर्ण पदधारकों का नाम की जाँच करने हेतु अपील किया गया। यदि किसी कारणवश किन्ही मतदाता का नाम प्रारूप मतदाता सूची में प्रकाशित नहीं हुआ है तथा वह योग्य एवं पात्र भारतीय नागरिक हैं, तो उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु अविलम्ब फार्म 6 एवं घोषणा पत्र आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित बी०एल०ओ० के पास जमा किया जा सकता है, ताकि उनका नाम अन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।सभी सदस्यों से BLA-2 के माध्यम से प्रारूप मतदाता सूची का सम्पूर्ण जाँच कराने एवं छुटे हुए योग्य पात्र भारतीय नागरिकों का प्रपत्र 6 एवं घोषणा पत्र भरवाने तथा इस आशय का अपने स्तर से सभी क्षेत्रीय बूथ लेवल कार्यकत्ताओं को अवगत कराने का अनुरोध किया गया। दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान अधिक से अधिक संख्या में योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के उद्देश्य से दिनांक 08 अगस्त एवं 09 अगस्त 2026 को सभी मतदान केन्द्रों पर प्रथम विशेष कैम्प तथा दिनांक 22 अगस्त एवं 23 अगस्त 2026 को द्वितीय विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दिनांक 15 अगस्त 2026 को सभी पंचायत भवनों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण(Rationalizatio n of Polling Stations) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या-1866 से बढ़कर 1968 हो गई है। सभी सदस्यों को बताया गया कि विभागीय निदेश के आलोक में मतदाताओं का नाम नजरी नक्शा के अनुसार सही मतदान केन्द्र में शामिल करने के उद्देश्य से 25 अगस्त से 04 सितम्बर 2026 तक Home-to-Roll VerificÔtion का आयोजन सभी मतदान केन्द्र क्षेत्र में किया जाएगा। सभी सदस्यों को यह भी बताया गया कि यदि एक ही परिवार के सदस्यों का नाम अलग-अलग मतदान केन्द्रों में प्रकाशित हुआ है, तो ऐसी स्थिति में परिवार के सभी सदस्यों का एक ही मतदान केन्द्र में नाम रखने हेतु फार्म 8 भरकर संबंधित बी० एल०ओ० के पास जमा करेंगे। Notice phase/प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निस्तार हेतु 5 अगस्त से 3 अक्टूबर 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ERO), सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (AERO), एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (AAERO) के द्वारा गणना चरण के दौरान प्राप्त गणना प्रपत्रों पर निर्णय एवं प्राप्त दावा एवं आपत्ति से संबंधित आवेदन प्रपत्रों का निष्पादन किया जाएगा।सभी सदस्यों को बताया गया कि जिले के कुल 91,103 मतदाताओं का विगत SIR (वर्ष 2003) की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं किया जा सका। वैसे मतदाता जिनका मैपिंग नहीं किया जा सका अथवा मैपिंग में विसंगति है, उन्हें संबंधित क्षेत्र के ERO/AERO/AAERO द्वारा नोटिस निर्गत किया जाएगा, जिसके सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर संबंधित मतदाता को विगत रक्फ़ (वर्ष 2003) की मतदाता सूची की प्रति अथवा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 11 प्रकार के दस्तावेज में से कोई एक की स्व-सत्यापित प्रति जमा करना होगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकशन दिनांक 07 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा।

SIR प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी टॉल फ्री नं0-1950 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं एवं कोई अयोग्य मतदाता जूड़े नहीं₹ इसके लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2026 के दौरान त्रुटि रहित एवं समावेशी मतदाता सूची के निर्माण में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षित सहयोग का अपील किया गया।

# धनबाद एवं झरिया में निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा सुंदरपुर में विद्युत विस्तार को लेकर श्रीमती अनुपमा सिंह का प्रतिनिधिमंडल विद्युत महाप्रबंधक से मिला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**जोड़ापोखर /धनबाद।**बुधवार दिनांक 5 अगस्त को कांग्रेस नेत्री श्रीमती अनुपमा सिंह के निदेर्शानुसार धनबाद एवं झरिया क्षेत्र में व्याप्त बिजली संबंधी समस्याओं तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उनके प्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार सिन्हा से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद एवं झरिया क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज तथा अन्य तकनीकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए इनके शीघ्र समाधान की मांग की। साथ ही सुंदरपुर पांच नंबर एवं सोलह नंबर पहाड़ी में वर्षों से लंबित विद्युत लाइन विस्तार के मुद्दे को भी महाप्रबंधक के समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व में दिए गए आवेदन का उल्लेख करते हुए मांग की कि सुंदरपुर क्षेत्र के लगभग 60 परिवारों को अविलंब विद्युत लाइन का विस्तार कर नियमित बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार सिन्हा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि धनबाद एवं झरिया क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है तथा वर्तमान समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सुंदरपुर पांच नंबर एवं सोलह नंबर पहाड़ी में विद्युत लाइन विस्तार का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि सभी पात्र परिवारों को बिजली की सुविधा उपलब्ध हो सके। प्रतिनिधिमंडल में श्रीमती अनुपमा सिंह के प्रतिनिधि सतपाल सिंह ब्रोका, अरुण कुमार रवानी, संतोष सरवानी, शिवम कुमार, राजन कुमार, शंभू प्रसाद, कमल सिंह सहित सुंदरपुर के स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन का स्वागत करते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय के भीतर विद्युत विस्तार एवं बिजली व्यवस्था में सुधार का कार्य प्रारंभ होता है, तो क्षेत्र के लोगों को वर्षों पुरानी समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग अपने आश्वासन के अनुरूप शीघ्र कार्रवाई करेगा।

# पाकुड़ के नौजवानों की जिंदगी से खिलवाड़ बंद करो, वरना कानून गले तक पहुंच जाएगा — ब्राउन शुगर तस्करों को पुलिस की दो टूक चेतावनी




**पाकुड़** ।ब्राउन शुगर जैसी घातक चीजों का कारोबार बंद कर दो... नहीं तो कानून का हाथ तुम्हारे गले तक पहुंचेगा और जब तक पहुंचेगा, तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। तुम सलाखों के पीछे अपनी सजा काट रहे होगे।₹यह सिर्फ चेतावनी नहीं, बल्कि पाकुड़ पुलिस का वह सख्त संदेश है जो उन लोगों के लिए है, जिन्होंने चंद पैसों के लालच में जिले के युवाओं के भविष्य को दांव पर लगा दिया है। कुछ वर्ष पहले तक ब्राउन शुगर जैसे खतरनाक मादक पदार्थों को लोग केवल फिल्मों या बड़े महानगरों की खबरों में देखा और सुना करते थे। लेकिन आज यह कड़वी हकीकत बनकर पाकुड़ तक पहुंच चुकी है। जिले के कई हिस्सों में इसकी खरीद-फरोख्त और सेवन की घटनाएं सामने आने लगी हैं, जिसने पुलिस और समाज दोनों की चिंता बढ़ा दी है।पाकुड़ पुलिस लगातार ऐसे गिरोहों के खिलाफ अभियान चला रही है। गुप्त सूचनाओं के आधार पर छापेमारी की जा रही है, संदिग्ध लोगों की पहचान की जा रही है और जो भी इस अवैध कारोबार में शामिल पाया जा रहा है, उसे गिरफ्तार कर कानून के हवाले किया जा रहा है। पुलिस का साफ कहना है कि जिले की नई पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में नहीं जाने दिया जाएगा।पुलिस का मानना है कि ब्राउन शुगर केवल एक नशा नहीं, बल्कि एक ऐसी धीमी मौत है जो इंसान के शरीर, परिवार, भविष्य और पूरे समाज को बर्बाद कर देती है। जिस उम्र में युवाओं के हाथों में किताबें, सपने और रोजगार होने चाहिए, उस उम्र में यदि उनके हाथों में नशा पहुंच जाए तो पूरा समाज उसकी कीमत चुकाता है।इसी कारण एसपी और एसडीपीओ ने स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों सहित जिले के सभी युवाओं से विशेष अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ से दूर रहें। किसी भी लालच, दोस्ती या दिखावे में आकर अपनी जिंदगी बर्बाद न करें। आज का एक गलत फैसला पूरे भविष्य को अंधकार में धकेल सकता है।पुलिस ने यह भी कहा है कि आखिर कुछ लोग अमीर बनने की चाह में क्यों अपने ही जिले के नौजवानों की जिंदगी का सौदा कर रहे हैं। कुछ पैसों के लिए युवाओं को नशे का आदी बनाना न केवल अपराध है, बल्कि समाज के खिलाफ सबसे बड़ा पाप भी है। ऐसे लोगों के खिलाफ कानून पूरी सख्ती से कार्रवाई करेगा।पाकुड़ पुलिस ने आम नागरिकों, अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और जागरूक लोगों से भी सहयोग की अपील की है। यदि कहीं भी ब्राउन शुगर या किसी अन्य मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री, तस्करी या सेवन की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। आपकी एक सूचना कई युवाओं का भविष्य बचा सकती है। पुलिस का कहना है कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। जब तक समाज और पुलिस मिलकर इस बुराई के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक इसे पूरी तरह खत्म करना संभव नहीं होगा।पाकुड़ पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि जिले के नौजवानों का भविष्य किसी भी कीमत पर बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा। कानून के दायरे में रहकर हर उस व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी जो नशे का कारोबार कर युवाओं की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। अब समय आ गया है कि पूरा समाज एकजुट होकर नशे के खिलाफ आवाज उठाए, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित, स्वस्थ और नशामुक्त पाकुड़ मिल सके।

# गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व पर काशी से पाकुड़ पहुंची पवित्र कलश यात्रा का भाजपा कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत



**.पाकुड़ :** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कलश वंदन अभियान के तहत काशी के सीर गोवर्धन धाम से पवित्र मिट्टी लेकर निकली कलश यात्रा के पाकुड़ पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू के नेतृत्व में श्रद्धा,उत्साह और भक्ति के साथ भव्य स्वागत किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान ₹जय गुरु रविदास₹ के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।रांची से पाकुड़ तक पहुंची इस पवित्र कलश यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समाज के प्रबुद्धजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के स्वागत के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा मरांडी, जिला महामंत्री रूपेश भगत,कामेश्वर दास जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय पार्वती देवी सहित अनेक कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा कर कलश का अभिनंदन किया तथा संत रविदास जी के बताए समरसता, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी केवल एक महान संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के प्रबल समर्थक थे। उनके विचार आज भी समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का जीवन समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है।भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा मरांडी ने कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षाएं आज भी सामाजिक समरसता और समानता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उनके 650वें प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित यह पवित्र कलश यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का भी सशक्त संदेश है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।भाजपा जिला महामंत्री रूपेश भगत ने कहा कि जिला स्तरीय कलश वंदन अभियान के माध्यम से संगठन संत रविदास जी के विचारों एवं आदर्शों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि काशी से लाई गई पवित्र मिट्टी से सुशोभित यह कलश आगामी दिनों तक राजापाड़ा स्थित मां नित्य काली मंदिर में दर्शन एवं पूजन के लिए स्थापित रहेगा,जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।रांची से पवित्र कलश लेकर पाकुड़ पहुंची पांच सदस्यीय समिति में साधन ठाकुर,दुर्गा मरांडी, मीरा प्रवीण सिंह,कामेश्वर दास,, प्राची चौधरी एवं सुनील पहाड़िया शामिल थे।कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय, सुनील पहाड़िया, जिला महामंत्री रूपेश भगत आशीष हेम्ब्रम,शर्मिला रजक, पार्वती देवी सोहन मंडल जीतू सिंह धर्मेंद्र त्रिवेदी दिपक साहा निधि गुप्ता दिलीप सिंह मोहन मंडल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता,श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# वार्ड संख्याझ्र11 की जनसमस्याओं के समाधान को लेकर वार्ड पार्षद निभा देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा आवेदन

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



**पाकुड़ :** नगर परिषद, पाकुड़ के वार्ड संख्याझ्र11 की विभिन्न जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मांग को लेकर वार्ड पार्षद निभा देवी ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को एक विस्तृत आवेदन सौंपा है। आवेदन में वार्डवासियों की दैनिक समस्याओं का उल्लेख करते हुए जनहित में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।वार्ड पार्षद निभा देवी ने बताया कि रेलवे गुमटी के पूर्वी भाग में लगभग 10 वार्ड आते हैं, लेकिन इस पूरे क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों के रख-रखाव एवं मरम्मत के लिए केवल एक बिजली मिस्त्री कार्यरत है। इसके कारण खराब स्ट्रीट लाइटों की समय पर मरम्मत नहीं हो पाती, जिससे विशेषकर रात्रि के समय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस क्षेत्र में अतिरिक्त बिजली मिस्त्री की प्रतिनियुक्ति करने की मांग की है ताकि नागरिकों को बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध हो सके।आवेदन में सफाई व्यवस्था की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया है। वार्ड पार्षद ने कहा कि पूर्व में रेलवे गुमटी के पूर्वी भाग में सफाई कार्य पूरा होने के तुरंत बाद कचरे का नियमित उठाव किया जाता था, जिससे क्षेत्र स्वच्छ बना रहता था। किंतु वर्तमान में ट्रैक्टर के साथ मो. सलाम की प्रतिनियुक्ति होने के बाद सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है और सड़क किनारे जमा कचरे का नियमित उठाव नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्वच्छता प्रबंधक को भी कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए पूर्व की तरह मो. रफिकुल को पुनः ट्रैक्टर के साथ सफाई कार्य में प्रतिनियुक्त करने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, वार्ड संख्याझ्र11 के बागतीपाड़ा स्थित प्राचीन मनसा मंदिर में आगामी 17 अगस्त को आयोजित होने वाली मनसा पूजा तथा उससे पूर्व सात दिनों तक चलने वाले विषहरी गान कार्यक्रम को देखते हुए विशेष सफाई व्यवस्था कराने का भी अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक आयोजन में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में मनसा मंदिर परिसर, तालाब के आसपास तथा विष्णुकुंड क्षेत्र की समय रहते विशेष साफ-सफाई एवं कचरा निष्पादन की व्यवस्था आवश्यक है साथ ही कीचड़ से लबालब पड़े रेलवे कॉलोनी में डस्ट डालनें का भी आग्रह किया गया है ताकि आमजन को आवागमन में सुविधा हो सके।वार्ड पार्षद निभा देवी ने कहा कि उन्होंने नगर परिषद प्रशासन से इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर वार्डवासियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नगर परिषद जनहित को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाएगी, जिससे वार्ड संख्याझ्र11 के लोगों को राहत मिलेगी।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट, एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को दिए कड़े निर्देश



**पाकुड़।** आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को एसडीपीओ कार्यालय में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ कुमार गौरव ने की। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीपीओ ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए, नियमित गश्ती बढ़ाई जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अपराध नियंत्रण के साथ-साथ लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी जोर दिया। इस दौरान नशा मुक्ति अभियान की भी समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है और आगे भी यह अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर थाना प्रभारी अनिल गुप्ता, मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार, मालपहाड़ी ओपी प्रभारी राहुल गुप्ता सहित अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। एसडीपीओ ने सभी अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह अलर्ट रहने को कहा।

# हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाई सुरों के सम्राट किशोर कुमार की जयंती, प्रभु निवास मार्केट बैंक्वेट हॉल में गूंजते रहे सदाबहार नगमे

झारखंड उजाला प्रतिनिधि

**हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट से जुड़े कलाकारों ने किशोर कुमार के अमर गीतों से बांधा समां, संगीतमय प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में लगाए चार चांद**



**हजारीबाग।** भारतीय सिनेमा के सुरों के सम्राट, महान गायक, अभिनेता और संगीतकार किशोर कुमार की जयंती हजारीबाग के आनंदा चौक स्थित प्रभु निवास मार्केट बैंक्वेट हॉल में पूरे उत्साह और संगीतमय वातावरण के बीच मनाई गई। हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में शहर के कलाकारों ने किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उनके स्वर्णिम संगीत सफर को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राम किशोर सावंत ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों, कलाकारों एवं संगीत प्रेमियों द्वारा सुरों के सम्राट किशोर कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीना संगीतमय नमन करने के साथ हुआ। इसके बाद आशिक राय ने गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात राजा निजामुद्दीन एवं अरमान आलम ने सैक्सोफोन पर किशोर कुमार के लोकप्रिय गीतों की मधुर धुनें प्रस्तुत कर पूरे सभागार को सुरमय बना दिया।

इसके बाद राजीव रंजन मिश्रा, बबलू सिंह, डॉ. रवि कपूर, अखिलेश वर्मा, सविता रानी, विकास राणा, भैया अभिमन्यु, अक्षत सिन्हा, हंसराज लोहार, मनोज उर्फ बप्पी लहरी, सुबोध सिन्हा, सलीम रजा, पंकज सिन्हा, शशिकांत उर्फ चुन्नू, माथुर साहब एवं डॉ. रंजन ने किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हंसराज लोहार एवं सविता रानी ने ₹खातून की खिदमत में सलाम आपुन का₹ गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं राजीव रंजन मिश्रा ने ₹इम्तिहां हो गई इंतजार की₹ तथा ₹थोड़ी सी जो पी ली है₹ जैसे लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। कलाकारों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से पूरा सभागार तालियों और सदाबहार गीतों की गूंज से सराबोर रहा। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं संरक्षकों के साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास राणा, सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी तथा कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी मनोज नारायण भगत ने संयुक्त रूप से केक काटकर किशोर कुमार का जन्मोत्सव मनाया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि किशोर कुमार केवल एक महान गायक ही नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी आवाज और उनके गीत आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट की इस सांस्कृतिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में कला, संस्कृति और संगीत की परंपरा को जीवंत बनाए रखने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट आगे भी महान कलाकारों की जयंती एवं स्मृति में ऐसे सांस्कृतिक आयोजन करता रहेगा, ताकि नई पीढ़ी भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जुड़ सके। कार्यक्रम के दौरान प्रभु निवास मार्केट का बैंक्वेट हॉल उपलब्ध कराने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद को ट्रस्ट की ओर से शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक बटेश्वर मेहता, मनोज सिन्हा, बद्रीराम, प्रवीण जायसवाल, ज्ञान सागर, विश्वेन्दु जयपुरिया, राजपाल नारायण, उपाध्यक्ष संजय तिवारी, अमित गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य सीमा गुप्ता, रूबी राणा, नेहा श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, संतोष कुमार, ईश्वरी कुमार, प्रियम्बदा राय, फरहा खान, सोनी कृष्णा क्षेत्री, मनोरमा देवी, रेणुका साहू , सुकलयान मोयतरा, प्रहलाद सिंह उज्जवल पाठक सहित बड़ी संख्या में कलाकार, संगीत प्रेमी एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। हजारीबाग जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी आशीष सिन्हा , डॉ गौतम कुमार, आकाशदीप की भूमिका सराहनीय रही। सुरों से सजी इस यादगार संगीतमय शाम में कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शक झूमते रहे। किशोर कुमार के सदाबहार गीतों ने पूरे सभागार को संगीतमय बना दिया। यह आयोजन न केवल सुरों के सम्राट किशोर कुमार की अमर संगीत विरासत का उत्सव बना, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय फिल्म संगीत की स्वर्णिम परंपरा से जोड़ने का भी प्रभावी माध्यम साबित हुआ।

# अनुच्छेद 370 पर बदजुबानी कर रहे थे जरदारी और शहबाज शरीफ, मोदी ने खुद आगे आकर दिया करारा जवाब



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि सात वर्ष पहले आज ही के दिन अनुच्छेद 370 और 35ए इतिहास बन गए थे और इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के विकास का नया अध्याय शुरू हुआ। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने की सातवीं वर्षगांठ पर पाकिस्तान ने एक बार फिर पुराना राग अलापने की कोशिश की, लेकिन उसकी इस बदजुबानी का करारा जवाब खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि 5 अगस्त 2019 का ऐतिहासिक फैसला जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए एक निर्णायक नए युग की शुरूआत था। उन्होंने दो टूक कहा कि बीते सात वर्षों में इन दोनों क्षेत्रों ने विकास, सुशासन और सामाजिक सशक्तिकरण के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया, जब पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व ने भारत के इस संवैधानिक फैसले को लेकर फिर से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विवाद खड़ा करने की कोशिश की। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि सात वर्ष पहले आज ही के दिन अनुच्छेद 370 और 35ए इतिहास बन गए थे और इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के विकास का नया अध्याय शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि वर्षों तक अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहे महिलाओं, अनुसूचित वर्गों और अन्य वंचित समुदायों को अब भारतीय संविधान का पूरा संरक्षण और अधिकार मिला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, उद्यमिता और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है और केंद्र सरकार इन क्षेत्रों को विकसित भारत की यात्रा का मजबूत भागीदार बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस वर्ष अनुच्छेद 370 हटाए जाने की वर्षगांठ इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के वर्ष में पड़ रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए डॉ. मुखर्जी ने जिस संकल्प का सपना देखा था, वह 5 अगस्त 2019 को साकार



हुआ। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने एक बार फिर 5 अगस्त को तथाकथित 'यौम-ए-इस्तेहसाल' के रूप में मनाते हुए भारत के खिलाफ बयानबाजी की। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दावा किया कि भारत ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति को समाप्त कर अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीर के लोगों को अपना नैतिक, राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन जारी रखेगा तथा इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहेगा।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी इसी सुर में बयान देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान पाकिस्तान की विदेश नीति का प्रमुख आधार बना रहेगा। उन्होंने भारत पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगाए और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की अपील की। वहीं उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भी भारत के 5 अगस्त 2019 के फैसले को एकतरफा बताते हुए संयुक्त राष्ट्र से इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाने की मांग दोहराई। कुल मिलाकर देखें तो पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर वही पुराने आरोप लगाए, जिन्हें भारत लगातार खारिज करता रहा है।

हालांकि पाकिस्तान की यह बयानबाजी इसलिए भी खोखली और दोगली नजर आती है क्योंकि जो देश कश्मीरियों के अधिकारों की दुहाई देता है, वही पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में अपने ही कब्जे वाले इलाके के लोगों पर दमनचक्र चला रहा है। हाल ही में खुद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने पीओजेके में आंदोलन कर रहे स्थानीय लोगों को भारत की तरह पाकिस्तान का दुश्मन तक करार दिया। पीओजेके में असीम मुनीर के नेतृत्व वाली पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिन्हें दबाने के लिए बल प्रयोग किया जा रहा है। कई इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं, बिजली की आपूर्ति बाधित की गई, राशन और आवश्यक सुविधाओं पर भी असर पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उनकी आवाज को बलपूर्वक कुचला जा रहा है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि जो पाकिस्तान अपने अवैध कब्जे वाले कश्मीर में रहने वाले लोगों के साथ न्याय नहीं कर पा रहा, वह जम्मू-कश्मीर के लोगों की चिंता जताने का नैतिक अधिकार कैसे रखता है? स्पष्ट है कि कश्मीर के नाम पर पाकिस्तान की राजनीति महज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रचार और दुष्प्रचार तक सीमित रह गई है।

दूसरी ओर, अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं को तेज गति मिली है। श्रीनगर को यूनेस्को क्रिएटिव सिटी और वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी जैसी वैश्विक पहचान मिली है। डल झील में संगीत फव्वारे पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी ने क्षेत्र में बढ़े विश्वास और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की पुष्टि की है। सड़क, रेल और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है, शिक्षा और उद्यमिता के नए अवसर पैदा हुए हैं तथा स्थानीय हस्तशिल्प और पर्यटन उद्योग को नई ऊर्जा मिली है। पत्थरबाजी खत्म हो गयी है, अलगाववादी टूट चुके हैं और आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और लाल चौक पर तिरंगा शान से लहरा रहा है।

बहरहाल, सात वर्षों बाद तस्वीर बिल्कुल साफ है। एक ओर पाकिस्तान है, जो अपने अवैध कब्जे वाले कश्मीर में रहने वाले लोगों को ही दमन, इंटरनेट बंदी, बिजली कटौती और सैन्य कार्रवाई के साये में जीने को मजबूर कर रहा है, जबकि दूसरी ओर भारत का मुकुट जम्मू-कश्मीर है, जो विकास, निवेश, पर्यटन, रोजगार और सुशासन की नई पहचान बना रहा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया 5 अगस्त 2019 का ऐतिहासिक निर्णय केवल एक संवैधानिक बदलाव नहीं था, बल्कि जम्मू-कश्मीर को अलगाववाद और पिछड़ेपन के दौर से निकालकर विकास और राष्ट्रीय एकीकरण की मुख्यधारा में लाने वाला निर्णायक मोड़ साबित हुआ। यही वजह है कि आज पाकिस्तान के आरोपों से अधिक प्रभावशाली वह बदली हुई तस्वीर है, जिसे जम्मू-कश्मीर की धरती पर विकास, शांति और जनविश्वास के रूप में पूरी दुनिया देख रही है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# न्याय पर बोझ

त्वरित न्याय ही वास्तविक न्याय होता है और त्वरित न्याय के लिए पूरे संसाधन और पर्याप्त न्यायाधीश भी होने चाहिए। अतः अपने देश के प्रधान न्यायाधीश का यह इशारा स्वाभाविक और स्वागतयोग्य है कि न्यायपालिका पर बहुत बोझ है और पर्याप्त संख्या में अदालतें होंगी, तो ही न्याय संभव है। बीते वर्ष से ही देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाइयों के दौरान ट्रिब्यूनल में रिक्त पदों का मुद्दा उठता रहा है। शीर्ष अदालत की नाराजगी भी सामने आती रही है। यह अपने आप में गंभीर बात है कि देश के प्रधान न्यायाधीश न्यायपालिका में कमी को लेकर एकाधिक बार अपनी राय रख चुके हैं। प्रधान न्यायाधीश ने शुक्रवार को तेलंगाना स्टेट ज्युडिशियल कॉन्फ्रेंस 2022 को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यन्यायपालिका का बुनियादी ढांचा और रिक्त पदों पर भर्तियां चिंता का मुख्य विषय हैं। न्याय तक पहुंच तभी संभव है, जब हमें पर्याप्त संख्या में अदालतें मिलेंगी।

यह अपने आप में बेहद संवेदनशील विषय है कि न्यायपालिका में नियुक्तियों में देरी हो रही है। सरकार को देखना चाहिए कि बाधा कहां है? अदालतों ने पहले भी न्यायपालिका के विस्तार का पक्ष लिया है, लेकिन प्रशासन बहुत सजग नहीं दिखता। भारतीय न्यायपालिका पर जो बोझ है, वैसा दुनिया की किसी न्यायपालिका पर नहीं है। अभी भी मामलों को न्याय तक पहुंचने में तीस-चालीस साल भी लग जा रहे हैं। पुराने मुकदमों का निपटारा जल्दी नहीं हो रहा है और नए मुकदमे बढ़ते जा रहे हैं। यह बात अलग है कि कई मुकदमे प्रशासन की कमियों की वजह से हैं। खासकर गैर-फौजदारी मामलों में बहुत कमी आ सकती है, लेकिन प्रशासन का काम करने का तरीका निचले स्तर पर अपेक्षित गति से सुधर नहीं रहा। अदालतों के कागजी कामकाज का विस्तार भी लगातार हो रहा है, अतः न्याय में देरी ज्यादातर मामलों में एक सच्चाई है। न्याय में देरी से कुछ लोगों को फायदा होता है, लेकिन कुल मिलाकर शासन-प्रशासन की छवि खराब होती है। आम लोगों की नजर में न्याय या अन्याय अंततः सरकार की जिम्मेदारी है। फिर भी कोई भी राजनीतिक दल त्वरित न्याय को लेकर चिंतित नहीं दिखता। किसी के भी घोषणापत्र में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की कोई रूपरेखा नहीं होती है। ऐसे में, हमारे न्यायाधीशों की शिकायत जायज है। क्या हमारी राजनीतिक पार्टियां लोगों को त्वरित न्याय का वादा नहीं कर सकती हैं? क्या यह लोकहित का मामला नहीं है?

आज न्यायपालिका का विस्तार जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसमें समय के साथ आंतरिक सुधार। एक अनुमान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय में साल भर में 200 दिन भी सुनवाई नहीं होती है। उच्च न्यायालयों में करीब 210 दिन और निचली अदालतों में करीब 245 दिन ही काम होता है। सर्वोच्च न्यायालय में करीब 73,000 मामले और भारत की सभी अदालतों में लगभग 4.40 करोड़ मामले लंबित हैं। मुकदमों की संख्या में हर साल बढ़ोतरी हो रही है। नीति आयोग के एक रणनीति पत्र के मुताबिक, अदालतों को तमाम दर्ज मामले सुलझाने में अभी के हिसाब से करीब 324 साल से अधिक समय लग जाएगा। हजारों मामले तीस-तीस साल से लंबित हैं। अतः न्यायपालिका के बोझ को हल्का करने और उसे त्वरित न्याय की दिशा में प्रेरित करने के भगीरथ प्रयासों की जरूरत है। त्वरित न्याय समाज में सुख-शांति और कानून के राज के लिए भी जरूरी है।

# उन्नत बचपन की पहली शर्त- स्वस्थ भोजन, स्वस्थ भविष्य

महाराष्ट्र सरकार का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह स्वीकार किया है कि बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी राजनीतिक या आर्थिक हित से बड़ा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि देश के सभी राज्य इस दिशा में समान साहस और दूरदर्शिता दिखाएं। विकसित भारत की आधारशिला स्मार्ट शहर नहीं, बल्कि स्वस्थ बच्चे हैं। विकसित भारत का स्वप्न केवल आधुनिक इमारतों, तेज अर्थव्यवस्था, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक और विश्वस्तरीय आधारभूत संरचनाओं से पूरा नहीं होगा। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके बच्चे होते हैं। यदि बचपन स्वस्थ, संस्कारित, ऊजार्वान और मानसिक रूप से सुदृढ़ है, तो राष्ट्र का भविष्य स्वतः सुरक्षित हो जाता है। यदि बचपन ही अस्वस्थ, मोटापे, मधुमेह, कुपोषण और गलत खान-पान की आदतों से घिर जाए, तो विकास की पूरी अवधारणा खोखली सिद्ध होने लगती है। इसलिए बच्चों का स्वास्थ्य केवल स्वास्थ्य मंत्रालय का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य के सभी स्कूलों और उनके आसपास जंक फूड की बिक्री, वितरण तथा प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय इसी व्यापक दृष्टि का परिचायक है। यह केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व का गंभीर संदेश है। यह स्वीकार करने का साहसिक प्रयास है कि बच्चों की सेहत बाजार के मुनाफे से कहीं अधिक मूल्यवान है। यदि यह निर्णय प्रभावी ढंग से लागू होता है तो यह पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है।

आज सबसे बड़ी चिंता यह नहीं है कि बच्चे भोजन कम खा रहे हैं, बल्कि यह है कि वे पोषण कम और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ अधिक खा रहे हैं। रंग-बिरंगे पैकेट, आकर्षक विज्ञापन, कार्टून पात्रों की ब्रांडिंग, सोशल मीडिया का प्रभाव और हर गली-मोहल्ले में उपलब्ध फास्ट फूड ने बच्चों की स्वादेंद्रियों पर ऐसा कब्जा कर लिया है कि घर का पौष्टिक भोजन उन्हें फीका लगने लगा है। यह परिवर्तन केवल खान-पान की आदत का बदलाव नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे उनके शरीर, मस्तिष्क और व्यवहार को भी प्रभावित कर रहा है। वैज्ञानिक शोध लगातार यह बताते रहे हैं कि अधिक वसा, अधिक नमक और अधिक चीनी वाले खाद्य पदार्थ बच्चों में मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, हार्मोन असंतुलन तथा मानसिक एकाग्रता में कमी जैसी अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि जो बीमारियां पहले चालीस-पचास वर्ष की आयु में दिखाई देती थीं, वे अब किशोरावस्था और बचपन में ही दस्तक देने लगी हैं। यह केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि आने वाले समय में देश की उत्पादक क्षमता और मानव संसाधन पर भी गहरा प्रभाव डालने वाला संकट है।



बचपन की सबसे बड़ी आवश्यकता स्वाद नहीं, पोषण है। शरीर के विकास के साथ-साथ मस्तिष्क का तीव्र विकास भी बचपन में ही होता है। यदि इस अवस्था में बच्चों को संतुलित भोजन, ताजे फल, हरी सब्जियां, दूध, दालें, मोटे अनाज और प्राकृतिक खाद्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में मिलें, तो उनका शारीरिक और मानसिक विकास कहीं अधिक प्रभावी होता है। इसके विपरीत जंक फूड क्षणिक स्वाद तो देता है, लेकिन शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं देता। परिणामस्वरूप बच्चा बाहर से स्वस्थ दिखाई देता है, किंतु भीतर से अनेक पोषण संबंधी कमियों का शिकार बनने लगता है। दुर्भाग्य यह है कि जंक फूड आज केवल भोजन नहीं रहा, बल्कि एक आक्रामक व्यावसायिक संस्कृति बन चुका है। विज्ञापनों के माध्यम से बच्चों के मन में यह धारणा बैठा दी गई है कि आधुनिकता का अर्थ पैकेटबंद भोजन है। लोकप्रिय खिलाड़ी, फिल्मी कलाकार और डिजिटल प्रभावक अनजाने में बच्चों को ऐसे उत्पादों की ओर आकर्षित करते हैं, जिनका अत्यधिक सेवन उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ऐसे में केवल परिवारों को दोष देना उचित नहीं होगा। सरकार, उद्योग, विद्यालय, अभिभावक और समाज-सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि जीवनशैली का निर्माण करने वाली प्रयोगशाला भी हैं। यदि स्कूल परिसर में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, पोषण शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए, विद्यालयों में रसोई बाग विकसित किए जाएं, बच्चों को स्वयं पौधे लगाने और प्राकृतिक भोजन के महत्व से जोड़ा जाए, तो यह परिवर्तन अधिक स्थायी होगा। केवल प्रतिबंध लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। स्वस्थ विकल्पों को स्वादिष्ट, आकर्षक और सुलभ बनाना भी उतना ही आवश्यक है। भारत की पारंपरिक भोजन संस्कृति विश्व की सबसे संतुलित और वैज्ञानिक भोजन प्रणालियों में मानी जाती है। बाजरा, ज्वार, रागी, दालें, छाछ, दही, अंकुरित अनाज, मौसमी फल, सब्जियां और घर का ताजा भोजन हमारे पूर्वजों की स्वस्थ जीवनशैली की पहचान रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम आधुनिकता के नाम पर अपनी इस समृद्ध खाद्य संस्कृति को त्यागने के बजाय उसे नए स्वरूप में बच्चों तक पहुंचाएं। यदि विद्यालयों की कैंटीन में स्थानीय और पारंपरिक पौष्टिक व्यंजन उपलब्ध कराए जाएं, तो बच्चे धीरे-धीरे उसी स्वाद के अभ्यस्त हो सकते हैं।

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

संकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56,120



# बोधगया, केसरिया स्तूप समेत बिहार के कई ऐतिहासिक स्थलों का होगा वैज्ञानिक सर्वे, सम्राट सरकार का प्लान

एजेंसी

**बिहारः** बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नया स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के प्रमुख पुरातात्विक और धार्मिक स्थलों के संरक्षण, वैज्ञानिक सर्वेक्षण और विकास को लेकर अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है.सरकार की योजना है कि बोधगया, सुल्तानगंज, मंदार और केसरिया स्तूप जैसे ऐतिहासिक स्थलों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आकर्षण का केंद्र बनाया जाए.




**पुरातत्वविदों की टीम ने सीएम को सौंपी रिपोर्ट**

मंगलवार को देश के वरिष्ठ पुरातत्वविदों और विशेषज्ञों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की. इस दौरान कैमूर स्थित मां मुंडेश्वरी मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों के विस्तृत सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई. प्रतिनिधिमंडल में पद्मश्री डॉ. केके मोहम्मद, प्रोफेसर रजत सान्याल, प्रो. अनिल कुमार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) पटना के अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. हरिओम शर्मा और विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह समेत कई विशेषज्ञ शामिल थे.

**केसरिया स्तूप के शेष हिस्से का होगा वैज्ञानिक उत्खनन**

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विश्व के सबसे बड़े बौद्ध स्तूपों में शामिल केसरिया स्तूप के बाकी हिस्सों का वैज्ञानिक उत्खनन कराने का निर्देश दिया. जानकारों के मुताबिक अब तक स्तूप का केवल एक हिस्सा ही खोदा गया है. इसके बड़े क्षेत्र में अभी भी महत्वपूर्ण पुरातात्विक अवशेष मिलने की संभावना है. ऐसे में वैज्ञानिक उत्खनन से कई नई ऐतिहासिक जानकारियां सामने आ सकती हैं.

**महाबोधि मंदिर परिसर के आसपास होगा हाईटेक सर्वे**

मुख्यमंत्री ने बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर परिसर और उसके आसपास आधुनिक तकनीक से सर्वे कराने का भी निर्देश दिया है.इसके लिए लाइट डिटेक्शन एंड रैंगिंग (LiDAR) और ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (GPR) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा. इन तकनीकों की मदद से जमीन के अंदर मौजूद पुरातात्विक संरचनाओं और अवशेषों का पता लगाया जा सकेगा.

**कैमूर के प्राकृतिक और प्रागैतिहासिक स्थलों पर भी फोकस**

बैठक में कैमूर क्षेत्र के तिलहाड़ कुंड, करकटगढ़ और अन्य प्राकृतिक व प्रागैतिहासिक महत्व के स्थलों के विकास पर भी चर्चा हुई.सरकार इन सभी स्थलों को एकीकृत रूप से विकसित करने की योजना बना रही है. साथ ही भविष्य में इन्हें यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे.

**सुल्तानगंज और मंदार के विकास पर विशेष जोर**

मुख्यमंत्री ने सुल्तानगंज और मंदार क्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले स्थलों के संरक्षण और समग्र विकास पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि इन स्थलों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया जाए, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ सके.

# हवा में घंटों लटके रहे 15-20 'बोल बम' श्रद्धालु, तकनीकी खराबी से बीच में अटका रोपवे

एजेंसी

**नालंदाः** बिहार के राजगीर में सावन के दौरान घूमने और धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए पहुंचे 'बोल बम' श्रद्धालुओं के लिए उस समय मुश्किल खड़ी हो गई, जब खराब मौसम के कारण राजगीर रोपवे में अचानक तकनीकी खराबी आ गई. इसके चलते 15 से 20 श्रद्धालु हवा में लटकी ट्रॉलियों में फंस गए.

**ट्रॉलियों में अफरा-तफरीछः** श्रद्धालु राजीव कुमार ने कहा, "ट्रॉलियां बीच रास्ते में रुक जाने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया. उमस भरी गर्मी और ट्रॉलियों में पर्याप्त हवा नहीं मिलने से बेचैनी बढ़ गई, घबराहट होने लगी." इस बीच, नीचे मौजूद श्रद्धालुओं के परिजन और अन्य लोग उनके सुरक्षित होने की जानकारी लेने में जुटे रहे.

**तत्काल रेस्क्यू अभियानः** मामले की सूचना मिलते ही रोपवे प्रबंधन ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया. प्रशिक्षित कर्मचारियों ने पूरी सतर्कता और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए एक-एक ट्रॉली तक पहुंचकर उसमें फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित नीचे उतारा. काफी मशक्कत के बाद श्रद्धालुओं को सकुशल बाहर निकाला गया.

**तकनीकी खराबी दूर करने के बाद सेवा बहालः** रोपवे प्रबंधक ने बताया, "खराब मौसम और बिजली चमकने की स्थिति में एहतियात के तौर पर रोपवे का संचालन अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकता है. तकनीकी खराबी दूर करने के बाद पूरे रोपवे सिस्टम की विस्तृत जांच और परीक्षण किया गया. सभी सुरक्षा मानकों पर व्यवस्था संतोषजनक मिलने के बाद ही रोपवे का संचालन दोबारा शुरू किया गया."

**नियमित रखरखाव कार्यः** रोपवे के रख-रखाब को लेकर दीपक कुमार ने कहा, "हर महीने रोपवे को पांच से सात दिनों के लिए बंद रखकर आवश्यक मरम्मत, तकनीकी जांच और रखरखाव का कार्य किया जाता है, ताकि संचालन पूरी तरह सुरक्षित बना रहे. इसके अलावा किसी भी संभावित आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समय-समय पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों के सहयोग से रेस्क्यू अभियान का मॉक ड्रिल भी कराया जाता है."

# मनोज तिवारी फ्रॉड आदमी हैं', विधायक बनने के बाद प्रशांत किशोर का चैलेंज- हिम्मत है तो भरत तिवारी के परिवार को न्याय दिलाकर दिखाएं

एजेंसी

**बांकीपुरः** बांकीपुर उपचुनाव जीतकर विधायक बने जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी (BJP) के सांसद और भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने मनोज तिवारी को 'फ्रॉड आदमी' बताया और भरत तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर खुली चुनौती दे डाली. प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर मनोज तिवारी खुद को नेता मानते हैं तो भरत तिवारी के परिवार को न्याय दिलाकर दिखाएं. अगर ऐसा नहीं कर सकते तो बिहार आकर इस तरह की राजनीति नहीं करने की कसम खाएं.



**'चुनाव के समय बरसाती मेंढक की तरह आते हैं'**

एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने मनोज तिवारी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि मनोज तिवारी केवल चुनाव के समय बिहार आते हैं. पीके ने तंज कसते हुए कहा कि वह 'बरसाती मेंढक' की तरह सिर्फ चुनाव के मौसम में दिखाई देते हैं. चुनाव खत्म होते ही बिहार की जनता को भूल जाते हैं.

**भरत तिवारी केस को लेकर दी खुली चुनौती**

प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर मनोज तिवारी में हिम्मत है तो भरत तिवारी के परिवार को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी लें. उन्होंने कहा कि अगर न्याय नहीं दिला सकते हैं तो कम से कम यह वादा करें कि आगे बिहार आकर किसी पीड़ित परिवार के नाम पर राजनीति नहीं करेंगे.

**'पीड़ित मां को चुनावी प्रचार में घसीटना सबसे घिनौना काम'**

पीके ने आरोप लगाया कि एक मां, जिसने अपना बेटा खोया है, उसे चुनावी राजनीति का हिस्सा बनाना बेहद शर्मनाक है. उन्होंने कहा कि किसी की मौत पर वोट मांगना और पीड़ित परिवार को राजनीतिक हथियार बनाना लोकतंत्र के लिए गलत संदेश देता है. ऐसे काम से राजनीति का स्तर गिरता है.

**'जहां-जहां प्रचार किया, भाजपा के वोट कम हुए'**

प्रशांत किशोर ने मनोज तिवारी पर तंज कसते हुए दावा किया कि उन्होंने बांकीपुर में जहां-जहां प्रचार किया, वहां भाजपा को फायदा नहीं बल्कि नुकसान हुआ. हर जगह 4 वोट कम ही हुए. उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में लोग मनोज तिवारी के रवैये की आलोचना कर रहे हैं.

**आखिर मनोज तिवारी ने क्या क्या है भरत तिवारी एनकाउंटर मामला?**

17 जून को भोजपुर जिले के बिलौटी गांव में पुलिस एनकाउंटर में भरत तिवारी की मौत हो गई थी. परिजनों का आरोप है कि भरत तिवारी ने सरेंडर कर दिया था. इसके बावजूद पुलिस ने उसे पांच गोलियां मार दीं. मामला बढ़ने के बाद एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई. तत्कालीन थानेदार और एसडीपीओ को भी हत्या के मामले में आरोपी बनाया गया.मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग बनाया गया. हाल ही में इस मामले में एक एसटीएफ जवान की गिरफ्तारी भी हुई है. फिलहाल जांच जारी है.

**महापंचायत में पहुंचे थे प्रशांत किशोर**

भरत तिवारी की मौत के बाद बिलौटी गांव में महापंचायत हुई थी. इसमें प्रशांत किशोर भी शामिल हुए थे. उन्होंने भरत तिवारी की मां से मुलाकात की थी और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया था. यही मामला बाद में बांकीपुर उपचुनाव के प्रचार के दौरान राजनीतिक विवाद का कारण बना.

**बांकीपुर में भाजपा का गढ़ ध्वस्त कर बने विधायक**

3 अगस्त को घोषित बांकीपुर उपचुनाव के नतीजों में प्रशांत किशोर ने बड़ी जीत दर्ज की. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को 19 हजार से ज्यादा वोटों से हराया. नितिन नवीन और भाजपा का मजबूत गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर मिली जीत के बाद प्रशांत किशोर का यह पहला बड़ा राजनीतिक हमला माना जा रहा है.

# बांकीपुर में हार के बाद बीजेपी में मंथन शुरू, सीएम सम्राट चौधरी अचानक पहुंचे प्रदेश कार्यालय, बंद कमरे में चल रही है बैठक

एजेंसी

**बांकीपुर :** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने समीक्षा प्रक्रिया शुरू कर दी है. इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को अचानक भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे. यहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ वे बैठक कर रहे हैं.

**प्रदेश अध्यक्ष समेत कई बड़े नेता मौजूद**

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद हैं. मुख्यमंत्री के अचानक प्रदेश कार्यालय पहुंचने को राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है. सूत्रों के मुताबिक, बैठक में बांकीपुर उपचुनाव के नतीजों की विस्तार से समीक्षा की जा रही है.

**हार की वजह तलाश रही बीजेपी**

बताया जा रहा है कि बैठक में चुनावी हार के कारणों पर गंभीर चर्चा हो रही है. पार्टी यह जानने की



कोशिश कर रही है कि आखिर किन वजहों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके.साथ ही कार्यकताओं की भूमिका और संगठन की सक्रियता पर भी चर्चा हो रही है.

**बूथ-बूथ की रिपोर्ट पर हो रहा मंथन**

सूत्रों के अनुसार, बैठक में हर बूथ की रिपोर्ट पर नजर डाली जा रही है. जिन इलाकों में पार्टी कमजोर रही, वहां के कारणों को समझने की कोशिश हो रही है. यह भी देखा जा रहा है कि प्रचार अभियान के दौरान उठाए गए मुद्दों का मतदाताओं पर कितना असर पड़ा और किन क्षेत्रों में संगठन की पकड़ कमजोर रही.

**सीएम सम्राट ले रहे जमीनी फीडबैक**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी खुद नेताओं और पदाधिकारियों से चुनाव का फीडबैक ले रहे हैं. बैठक में यह भी चर्चा हो रही है कि चुनाव के दौरान किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा. भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए क्या रणनीति अपनाई जाए, इस पर भी मंथन जारी है.

**संगठन में बदलाव पर भी हो सकती है चर्चा**

उपचुनाव के नतीजों के बाद भाजपा के भीतर संगठन को और मजबूत करने की चर्चा तेज हो गई है.माना जा रहा है कि आने वाले चुनावों को देखते हुए पार्टी अपनी रणनीति में बदलाव कर सकती है. बूथ मैनेजमेंट और मतदाताओं से बेहतर संपर्क को लेकर भी नए सिरे से योजना बनाई जा सकती है.

**आधिकारिक बयान का इंतजार**

फिलहाल भाजपा की यह बैठक जारी है. पार्टी की ओर से अब तक बैठक को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. ऐसे में सभी की नजर इस बैठक के बाद होने वाले फैसलों और पार्टी की अगली रणनीति पर टिकी हुई है.

# बिहार के 5 सबसे अनोखे स्ट्रीट फूड्स, नाम सुनकर चौंक जाएंगे लेकिन स्वाद ऐसा कि बार-बार खाने का करेगा मन

एजेंसी

**बिहारः** बिहार का स्वाद सिर्फ लिट्टी-चोखा तक सीमित नहीं है. यहां कई ऐसे स्ट्रीट फूड्स मिलते हैं, जिनके नाम सुनकर आप चौंक जाएंगे, लेकिन उनका स्वाद आपको उनका दीवाना बना देगा. अगर आप बिहार घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इन 5 देसी व्यंजनों को जरूर ट्राई करें.

**घुघनीः बिहार का सबसे पसंदीदा देसी स्नैक**

घुघनी बिहार के सबसे लोकप्रिय स्ट्रीट फूड्स में से एक है. इसे सफेद या काले चने को मसालेदार ग्रेवी में पकाकर तैयार किया जाता है. ऊपर से बारीक कटा प्याज, हरी मिर्च, धनिया और नींबू डालने के बाद इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है. प्रोटीन से भरपूर होने की वजह से यह स्वाद के साथ सेहत का भी ख्याल रखती है.



**चोखा रोलः देसी स्वाद का नया अंदाज**

लिट्टी-चोखा तो हर कोई जानता है, लेकिन चोखा रोल ने इस पारंपरिक स्वाद को नया रूप दिया है. आलू, बैंगन और टमाटर से तैयार चोखा को पराठे में लपेटकर रोल की तरह परोसा जाता है. स्कूल-कॉलेज, बाजार और यात्रा के दौरान यह लोगों की पसंदीदा डिश बन चुकी है. यह देसी स्वाद और फास्ट फूड का शानदार मेल है.

**सत्तू पराठाः स्वाद भी, सेहत भी**

बिहार में सत्तू सिर्फ एक खाद्य पदार्थ नहीं, बल्कि लोगों की जीवनशैली का हिस्सा है. भुने चने के आटे में मसाले, नींबू और अन्य सामग्री मिलाकर पराठे में भरा जाता है. फिर इसे तवे पर सुनहरा सेंका जाता है. यह पेट भरने वाला, पौष्टिक और लंबे सफर के लिए भी बेहतरीन भोजन माना जाता है.

**प्याजीः बारिश और चाय का सबसे बेहतरीन साथी**

प्याजी नाम सुनकर सिर्फ प्याज का अंदाजा लगता है, लेकिन यह दरअसल मसालेदार पकौड़ा है. प्याज, बेसन, हरी मिर्च और मसालों से तैयार होने वाली यह डिश बाहर से कुरकुरी और अंदर से नरम होती है. खासकर बारिश के मौसम में गर्मागर्म चाय के साथ इसका स्वाद दोगुना हो जाता है.

**खाजाः हर मिठास में बसता है बिहार**

अगर बात मिठाई की हो, तो खाजा का नाम जरूर आता है. घी में तली गई परतदार परतों को चाशनी में डुबोकर तैयार किया जाने वाला यह पारंपरिक व्यंजन बिहार की खास पहचान है.

# बांकीपुर में हार के बाद 5आरजेडी में बढ़ी तकरार, भाई वीरेंद्र ने शक्ति यादव से कहा- होश में रहो, नहीं तो सारा कच्चा चिट्ठा खोल दूंगा

एजेंसी

**बांकीपुरः** बांकीपुर उपचुनाव में मिली हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के भीतर बयानबाजी तेज हो गई है. पार्टी के विधायक भाई वीरेंद्र और मुख्य प्रवक्ता शक्ति यादव के बीच जुबानी जंग खुलकर सामने आ गई है. दोनों नेताओं के बयान अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बने हुए हैं.

**'चमचों को तेजस्वी यादव के आसपास से हटाना होगा'**

दरअसल, भाई वीरेंद्र ने एक दिन पहले कहा था कि तेजस्वी यादव के आसपास मौजूद 'चमचों' को हटाने की जरूरत है. उनका मानना था कि ऐसे लोग पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं. इसी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए RJD के मुख्य प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि पहले भाई वीरेंद्र यह बताएं कि उन्होंने पार्टी के लिए क्या किया है.

**शक्ति यादव का नाम सुनते ही भड़के भाई वीरेंद्र**

शक्ति यादव की टिप्पणी पर भाई वीरेंद्र नाराज हो गए. उन्होंने कहा,



'खामोश... जो बोल रहा है, वह खामोश रहे.' उन्होंने कहा कि जब शक्ति यादव राजनीति में नहीं थे, तब से वह सक्रिय राजनीति कर रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि लंबे राजनीतिक सफर में उन्होंने कभी पार्टी नहीं छोड़ी.

**'2010 से आज तक मैं नहीं बदला'**

भाई वीरेंद्र ने कहा कि वर्ष 2010 में जब फखऊके 22 विधायक थे, तब भी वह पार्टी के साथ थे. आज भी वह लालू यादव और तेजस्वी यादव के साथ मजबूती से खड़े हैं. उन्होंने कहा कि कई नेता समय के साथ बदल गए, लेकिन उन्होंने कभी अपना राजनीतिक रास्ता नहीं बदला.

**'मैं तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए राजनीति करता हूं'**

भाई वीरेंद्र ने कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना है. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग तेजस्वी यादव का नाम लेकर निजी लाभ उठाने का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे लोग पार्टी को कमजोर कर रहे हैं.

**लगाए गंभीर आरोप, सार्वजनिक करने की दी चेतावनी**

भाई वीरेंद्र ने शक्ति यादव पर कई गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने दावा किया कि उनके पास ऐसी जानकारियां हैं जिन्हें सार्वजनिक किया गया तो शक्ति यादव मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि वह सही समय आने पर पूरा सच सामने लाएंगे. हालांकि, इन आरोपों के समर्थन में उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया.

**'मैं लालू-तेजस्वी का आदमी हूं'**

भाई वीरेंद्र ने कहा कि उनकी राजनीति लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में होती है. उन्होंने कहा कि वह किसी दूसरे गुट या व्यक्ति के साथ नहीं हैं. उन्होंने दोहराया कि पार्टी और नेतृत्व के प्रति उनकी निष्ठा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता.

**राजद में अंदरूनी घमासान पर जदयू का बयान**

राजद में अंदरूनी घमासान पर जदयू के श्याम रजक ने कहा है कि अभी इंतजार कीजिए अभी तो शुरूआत हुई है राष्ट्रीय जनता दल में घमासान को आगे-आगे देखिए होता क्या है. उन्होंने आगे कहा कि इनलोगों की लड़ाई के आगे औरंगजेब और अकबर की लड़ाई भी फेल हो जाएगी. यह तो अभी शुरूआत हुई है.

**आखिर क्यों शुरू हुई यह बयानबाजी?**

बांकीपुर उपचुनाव में RJD को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली. इस सीट पर जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार प्रशांत किशोर ने भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को 19 हजार से अधिक वोटों से हराकर जीत दर्ज की. RJD लड़ाई में भी नहीं रही. पार्टी के प्रत्याशी रेखा गुप्ता को कुल 14273 वोट ही मिले.

# बिहार में मिली यूपी की डांसर मुस्कान की लाश, 6 साल से आर्केस्ट्रा में कर रही थी काम

एजेंसी

**मुजफ्फरपुरः** बिहार के मुजफ्फरपुर नगर थाना क्षेत्र स्थित चतुर्भुज स्थान शुक्ला रोड में मंगलवार को एक डांसर का शव घर में मिला. नगर थाना पुलिस और टाउन एसडीपीओ-1 सुरेश कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की. पुलिस ने मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी 21 वर्षीय सरिता पाल उर्फ मुस्कान के रूप में की है.

**बिहार में मिली यूपी की डांसर की लाश :** नगर थाना के अपर थानाध्यक्ष रविकांत दुबे ने बताया कि पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतका पिछले करीब पांच-छह वर्षों से इस इलाके में रहकर आर्केस्ट्रा में डांस का काम करती थी. वह एक महीने पूर्व ही शुक्ला रोड में रुखसाना नामक महिला के मकान में किराए पर रहने आई थी. पुलिस ने घटनास्थल से फंदे में इस्तेमाल दुपट्टा और मृतका का मोबाइल फोन जब्त किया है.



**बंद कमरे में खौफनाक नजारा :** टाउन एसडीपीओ ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे तक मुस्कान के कमरे से बाहर न आने पर नीचे रहने वाली महिला किरायेदार उसे देखने पहुंची. धक्का देने पर दरवाजा खुल गया और अंदर मुस्कान का शव फंदे से लटका था. महिला ने चीख-पुकार मचाकर लोगों को इकट्ठा किया और शव को नीचे उतारा.

**क्या बोली पुलिस? :** टाउन एसडीपीओ ने कहा, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची. एफएसएल की टीम ने कमरे से वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए हैं. प्रथम द्दष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है. शव को कब्जे में लेकर शाम करीब साढ़े पांच बजे पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया.

## संक्षिप्त खबरें

### मेरी बेटी मर गई..' बिहार में लव मैरिज से नाराज परिवार ने जिंदा लड़की की निकाली अर्थी

**जमुईः** बिहार के जमुई जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. खैरा थाना क्षेत्र में एक बालिग युवती के प्रेम विवाह से नाराज उसके परिजनों ने उसे सामाजिक रूप से मृत घोषित करते हुए प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर दिया.




**पिता ने बेटी के जीते-जी कराया दाह संस्कार :** लड़की के प्रेम विवाह से घर के लोग इतने नाराज थे कि परिवार के पुरुषों ने सिर मुंडवाया, अर्थी निकाली और नदी घाट पर दाह संस्कार की रस्में निभाईं. स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि परिवार अब श्राद्ध और पिंडदान की तैयारी कर रहा है.

**पहले गुमशुदगी दर्ज फिर युवती खुद पहुंची थाने :** जानकारी के अनुसार खैरा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर चली गई थी. इसके बाद 27 जुलाई को परिजनों ने खैरा थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई. 2 अगस्त को युवती स्वयं थाने पहुंची. पुलिस ने उसकी चिकित्सीय जांच कराई, जिसमें उसके बालिग होने की पुष्टि हुई. कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने युवती को उसकी इच्छा के अनुसार जाने की अनुमति दे दी.

**कोर्ट मैरिज के बाद भड़का परिवार :** बताया जा रहा है कि 3 अगस्त को युवती ने अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज कर ली. शादी की जानकारी मिलने के बाद परिवार में भारी नाराजगी फैल गई. इसके अगले दिन 4 अगस्त को परिजनों ने गांव में युवती की प्रतीकात्मक अर्थी निकाली और खैरा थाना क्षेत्र के नरियाना नदी घाट पर अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं. परिवार के पुरुषों ने सामूहिक रूप से मुंडन भी कराया और सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि उनकी बेटी अब उनके लिए मर चुकी है.

**श्राद्ध और पिंडदान की तैयारी की चर्चा :** परिवार का कोई भी सदस्य कैमरे पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है. हालांकि स्थानीय लोगों का दावा है कि परिवार अब युवती के श्राद्ध और पिंडदान की तैयारी कर रहा है. इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही परिवार ने सार्वजनिक रूप से इसकी पुष्टि की है.


गोत्र और सामाजिक परंपरा को बताया जा रहा वजह : स्थानीय लोगों के अनुसार, युवती ने अपने ही गांव के युवक से विवाह किया है और दोनों का गोत्र एक होने की बात कही जा रही है. इसी कारण परिवार और समाज के कुछ लोग इस रिश्ते का विरोध कर रहे हैं. हालांकि इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है.

**पुलिस ने क्या कहा? :** खैरा थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि युवती के लापता होने की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था. बरामदगी के बाद उसकी मेडिकल जांच में बालिग होने की पुष्टि हुई. सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद युवती को उसकी इच्छा के अनुसार भेज दिया गया. उन्होंने कहा कि इसके बाद परिवार ने गांव में क्या किया, इसकी आधिकारिक जानकारी पुलिस को नहीं है.

**बालिग को पसंद से शादी का कानूनी अधिकार :** भारतीय कानून के अनुसार, यदि कोई महिला बालिग है तो उसे अपनी इच्छा से जीवनसाथी चुनने और विवाह करने का अधिकार है. ऐसे मामलों में पुलिस की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की सुरक्षा और कानूनी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करना होती है. परिवार द्वारा किए गए प्रतीकात्मक सामाजिक बहिष्कार या अंतिम संस्कार जैसी घटनाएं सामाजिक विवाद का विषय हो सकती हैं, लेकिन उनका अलग-अलग परिस्थितियों में कानूनी मूल्यांकन किया जाता है.

### जान से मार देंगे..' बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के आप्त सचिव को मिली धमकी

**पटनाः** बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के आप्त सचिव रक्षित कश्यप से फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है. आरोप है कि मंत्री के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल और उससे जुड़े जीमेल अकाउंट के



एक्सेस को लेकर यह पूरा विवाद उत्पन्न हुआ है. मामले को गंभीरता से लेते हुए पटना के साइबर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है.

**क्या है मामला?:** लिखित शिकायत के अनुसार, मंत्री अशोक चौधरी के पूर्व निजी सहायक निशांत केतु झा अभी भी मंत्री के आधिकारिक एक्स हैंडल और उससे जुड़े जीमेल अकाउंट का नियंत्रण अपने पास रखे हुए हैं. आरोप है कि अकाउंट का एक्सेस वापस देने के बदले फिरौती की मांग की जा रही है. शिकायत में यह भी कहा गया है कि एक्सेस नहीं देने के साथ-साथ लगातार दबाव बनाया जा रहा है और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जा रही है.

**धमकी भरे वॉइस नोट भेजेः** शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि मंत्री के करीबी इंद्रमोहन कुमार टुन्ना को भी धमकी भरे वॉइस नोट भेजे गए हैं. इन वॉइस नोट्स में गोली मारने और किसी भी हद तक जाने की धमकी दी गई है. इस घटना के सामने आने के बाद मंत्री और उनके सहयोगियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है.

**4 जुलाई को मंत्री ने दर्ज कराई शिकायतः** बताया गया है कि इस मामले में पहले भी कार्रवाई की पहल की गई थी. पिछले 4 जुलाई को मंत्री अशोक चौधरी ने साइबर थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी. इसके बावजूद विवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ और अब फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी देने के नए आरोप सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है.

**क्या बोली पुलिस?:** साइबर थाना पुलिस का कहना है, 'लिखित शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है. डिजिटल साक्ष्यों, संबंधित ईमेल, एक्स अकाउंट की गतिविधियों और कथित वॉइस नोट्स की तकनीकी जांच की जाएगी. जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.'

**पहले भी आए कई मामलेः** हाल के दिनों में बिहार में रंगदारी और धमकी से जुड़े कई मामले सामने आए हैं. कुछ दिन पहले परबत्ता के पूर्व विधायक से भी रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया था. वहीं, एक चिकित्सक डॉ. संजीव से कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर रंगदारी मांगी गई थी. उस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था.

## खबर संक्षेप



### गोदरेज प्रॉपर्टीज के लाभ में 42 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत घटकर 349.38 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 598.40 करोड़ रुपये था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय भी घटकर 1,345.04 करोड़ रुपये रह गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,620.34 करोड़ रुपये थी।

### ग्रीव्स इलेक्ट्रिक ने राइट्स इश्यू से जुटाए 530 करोड़

मुंबई। ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (जीईएमएल) ने अपनी अगले चरण की वृद्धि के लिए




राइट्स इश्यू के जरिये 530 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि यह निवेश जीईएमएल के इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा, प्रौद्योगिकी विकास को तेज करेगा और प्रतिस्पर्धी तथा तेजी से आगे बढ़ रहे इलेक्ट्रिक वाहन बाजार का समर्थन करेगा। राइट्स इश्यू को मौजूदा शेयरधारकों द्वारा उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में पूर्ण अभिदान मिला।

### बीएएसएफ का शुद्ध लाभ बढ़कर दोगुना से अधिक

नई दिल्ली। रसायन कंपनी बीएएसएफ इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 360.29 करोड़ रुपये



रहा है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। एक साल पहले 2025-26 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 137.40 करोड़ रुपये था। बीएएसएफ की कुल आय जून, 2026 को समाप्त तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 4,846.51 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 3,760.46 करोड़ रुपये थी।

### मैरिको का लाभ 27 फीसदी बढ़कर 652 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनी मैरिको लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27




की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 652 करोड़ रुपये हो गया। मैरिको लिमिटेड ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 513 करोड़ रुपये था।

### धूत ट्रांसमिशन का आईपीओ 10 अगस्त को खुलेगा

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा विनिर्माता कंपनी धूत ट्रांसमिशन लिमिटेड ने अपने 3,067 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा




829-871 रुपये प्रति शेयर तय किया है। सार्वजनिक सूचना के अनुसार, आईपीओ 10 अगस्त को खुलेगा और 12 अगस्त को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक सात अगस्त को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 1,400 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1.91 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है। कंपनी नए शेयर जारी कर जुटाई जाने वाली राशि का उपयोग कुछ बकाया कर्जों के पुनर्भुगतान एवं पूर्व भुगतान करने, अनुषंगी कंपनियों के कर्ज चुकाने और हरियाणा के झज्जर तथा तमिलनाडु के होसुर में वायरिंग हार्नेस विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने में करेगी।

# जहां थे, वहीं आ गए मस्क, अब पहले से गरीब, बने थे दुनिया के पहले खरबपति

## मस्क की संपत्ति 16 जून को बढ़कर 1.33 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई थी

नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की संपत्ति में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। इस साल 16 जून को उनकी कुल संपत्ति 1.33 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई थी, लेकिन अब यह घटकर करीब 684 अरब डॉलर रह गई है। यानी डेढ़ महीने में ही उनकी दौलत घटकर लगभग आधी रह गई।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, इस दौरान मस्क ने 600 अरब डॉलर से ज्यादा की संपत्ति गंवाई है, जो दुनिया के अधिकांश अरबपतियों की कुल संपत्ति से भी ज्यादा है। एलन मस्क की दौलत में इतनी बड़ी गिरावट की वजह उनकी कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में तेज गिरावट आना है। इसके अलावा, टेस्ला के कमजोर तिमाही नतीजे का भी असर पड़ा है।

### आईपीओ से जुटाए 75 अरब डॉलर

इतिहास के सबसे बड़े आईपीओ से स्पेसएक्स ने 75 अरब डॉलर जुटाए थे। इसके बाद, स्पेसएक्स ने जून में 150 डॉलर प्रति शेयर पर कारोबार शुरू किया, जो इसके 135 डॉलर के आईपीओ मूल्य से 11 प्रतिशत अधिक था। अमेरिकी बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद कंपनी के शेयरों में सिर्फ तीन कारोबारी सत्रों में 50 प्रतिशत से ज्यादा की जबरदस्त तेजी आई।



### दौलत में गिरावट की वजह

शुरुआत में निवेशकों में स्पेसएक्स को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया और सूचीबद्ध होने के कुछ दिनों में ही शेयर बढ़कर 16 जून को 202 डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, यह तेजी ज्यादा समय तक नहीं चली। तब से स्पेस एक्स के शेयर अपने सबसे ऊंचे स्तर से लगभग 46 प्रतिशत गिरकर 108.37 डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गए हैं, जिससे मस्क की संपत्ति 600 अरब डॉलर घट गई है।

### तिमाही नतीजों का भी असर

एलन मस्क की संपत्ति में गिरावट की दूसरी बड़ी वजह टेस्ला के शेयरों में आई कमजोरी भी है। 22 जुलाई को दूसरी तिमाही के नतीजे जारी होने के बाद से टेस्ला के शेयरों में 17 प्रतिशत की गिरावट आई है। एलन मस्क की ईवी बनाने वाली कंपनी दो साल से ज्यादा समय में पहली बार मुनाफे के अनुमानों को पूरा करने में नाकाम रही। कंपनी ने कहा कि एआई निवेश से जुड़े ज्यादा ऑपरेटिंग खर्च, कम औसत बिक्री मूल्य और रेगुलेटरी क्रेडिट से कम आय के कारण गाड़ियों की डिलीवरी बढ़ने के बावजूद मुनाफे पर असर पड़ा।

## वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर नया शुल्क लगाया

# भारत ने चार उत्पादों पर मौजूदा डंपिंग रोधी शुल्क बढ़ाया, एक पर नया शुल्क लागू

नई दिल्ली

भारत ने कुछ रसायनों तथा लौह एवं इस्पात उत्पादों सहित चार वस्तुओं पर जुलाई से लागू किए गए डंपिंग रोधी शुल्क की अवधि बढ़ा दी। वित्त मंत्रालय की अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार, सरकार ने एक अन्य उत्पाद पर नया डंपिंग रोधी शुल्क भी लगाया है। सरकार ने ऑस्ट्रेलिया, चीन, कोलंबिया, इंडोनेशिया, जापान और रूस से आयातित 'लो ऐश मेटलर्जिकल कोक' (ऊष्मा स्रोत के रूप में इस्तेमाल होने वाला कोक) पर पांच वर्षों के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाया है। ये निर्णय वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों पर वित्त मंत्रालय ने लिए हैं।

- चार वस्तुओं पर डंपिंग रोधी शुल्क जुलाई से लागू किए गए

- शुल्क रसायन एवं लौह तथा इस्पात उत्पादों पर लगाए गए
- पांच वर्षों के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाया गया



इन वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाई गईः इस संबंध में अधिसूचनाएं केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) जारी करता है। अनट्रीटेड फ्यूम्ड सिलिका, एरिलाइड्स, लौह, मिश्रधातु या गैर-मिश्रधातु इस्पात से बने सीमलेस ट्यूब, पाइप और खोखले प्रोफाइल तथा नॉर्मल ब्यूटेनॉल पर डंपिंग रोधी शुल्क की अवधि बढ़ाई गई है।

### मेटलर्जिकल कोक पर 128 डॉलर प्रतिटन का शुल्क

एक अधिसूचना के अनुसार, 'अनट्रीटेड फ्यूम्ड सिलिका' के आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क 10 फरवरी, 2027 तक बढ़ा दिया गया है। एरिलाइड्स पर यह शुल्क अगले वर्ष 13 जनवरी तक तथा लौह एवं इस्पात उत्पादों पर 27 जनवरी, 2027 तक बढ़ाया गया है। मेटलर्जिकल कोक पर लगाया गया डंपिंग रोधी शुल्क 42.95 डॉलर प्रति टन से 128.83 डॉलर प्रति टन के बीच है।

### चीन की कुछ कंपनियों द्वारा लगातार डंपिंग की जा रही थी

पेंट, सौंदर्य प्रसाधन और औषधि उद्योग में इस्तेमाल होने वाली सिलिका, रंग एवं प्रिंटिंग इंक में प्रयुक्त एरिलाइड्स तथा लौह एवं गैर-मिश्रधातु इस्पात के कुछ उत्पादों की चीन की कुछ कंपनियों द्वारा लगातार डंपिंग की जा रही थी। वहीं, सौंदर्य प्रसाधन और फ्लेवरिंग उद्योग में इस्तेमाल होने वाला नॉर्मल ब्यूटेनॉल मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका से कम कीमत पर आयात किया जा रहा था।

### सस्ते आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योग को नुकसान

नॉर्मल ब्यूटेनॉल पर डंपिंग रोधी शुल्क की अवधि पांच वर्षों के लिए बढ़ा दी गई है। सस्ते आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योग को नुकसान पहुंचने का पता लगाने के लिए देश डंपिंग रोधी जांच करते हैं। इसके जवाब में वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के बहुपक्षीय ढांचे के तहत डंपिंग रोधी शुल्क लगाते हैं।

### प्रतिस्पर्धा का माहौल उपलब्ध कराना

इस शुल्क का उद्देश्य निष्पक्ष व्यापार व्यवस्था सुनिश्चित करना और घरेलू उत्पादकों तथा विदेशी उत्पादकों एवं निर्यातकों के बीच समान प्रतिस्पर्धी माहौल उपलब्ध कराना है। भारत और ये सभी देश डब्ल्यूटीओ के सदस्य हैं। भारत, चीन सहित विभिन्न देशों से होने वाले सस्ते आयात से निपटने के लिए पहले भी कई उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगा चुका है।

### उद्देश्य घरेलू उद्योग की रक्षा करना

डीजीटीआर का उद्देश्य सीमा शुल्क अधिनियम और डब्ल्यूटीओ के प्रावधानों के तहत पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच के माध्यम से डंपिंग और सब्सिडी जैसे व्यापार-विकृत करने वाले प्रभावों से घरेलू उद्योग की रक्षा करना तथा सरकार से आवश्यक शुल्क लगाने की सिफारिश करना है।

# 'पीएम सूर्य घर' योजना में अबतक 50 लाख रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित

नई दिल्ली

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' के तहत देशभर में 50.06 लाख से अधिक घरों में छतों पर (रूफटॉप) सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा कि योजना की शुरुआत के दो वर्ष से कुछ अधिक समय में यह उपलब्धि हासिल की गई है, जबकि इससे पहले 10 साल में 7.94 लाख रूफटॉप सौर संयंत्र ही स्थापित किए गए थे। मंत्रालय ने कहा कि 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना के तहत रूफटॉप सौर क्षमता के विस्तार में तेजी आई है।

- दो वर्ष से कुछ अधिक समय में यह उपलब्धि हासिल

आंकड़ों के मुताबिक, पिछले नौ महीनों में इन संयंत्रों की स्थापना की



गति 3.2 गुना बढ़ी है और दैनिक स्थापना अक्टूबर, 2025 के 5,038 से बढ़कर जुलाई, 2026 में करीब 16,328 हो गई है। जुलाई, 2026 में 5.06 लाख घरों में छतों पर सौर संयंत्र लगाए गए, जो अब तक का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। मंत्रालय ने कहा कि योजना के लाभार्थियों को अब तक 28,024 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से जारी की जा चुकी है। इसका परिणाम यह हुआ है कि करीब 19 लाख परिवारों के बिजली बिल शून्य हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में 12 लाख से अधिक परिवारों ने खपत से अधिक पैदा हुई बिजली को बेचकर कुल 421 करोड़ रुपये अर्जित किए।

### रियायती ऋण की सुविधा 21.87 लाख आवेदकों को मिली

मंत्रालय के अनुसार, रियायती दर पर ऋण की सुविधा 21.87 लाख आवेदकों को स्वीकृत की गई है, जिनमें से 17.5 लाख स्थापना ऋण के माध्यम से पूरी की जा चुकी हैं। इस योजना के तहत अब तक 14.8 गीगावाट की रूफटॉप सौर क्षमता स्थापित की जा चुकी है। इसके अलावा 34,219 पंजीकृत विक्रेताओं का नेटवर्क विकसित हुआ है, जिनमें से 29,469 सक्रिय हैं, और 2.32 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है।


# आयात घटाने के लिए सोने को रणनीतिक खनिज का दर्जा मिले

मुंबई

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने सरकार से सोने को रणनीतिक खनिज (स्ट्रैटेजिक मिनरल) के तौर पर वर्गीकृत करने का आग्रह किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि इससे घरेलू खनन को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी।

- विश्व स्वर्ण परिषद ने सरकार से किया आग्रह

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के भारत के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन के अनुसार, सोने को 'रणनीतिक खनिज' का दर्जा मिलने से 'एकल खिड़की मंजूरी' प्रणाली लागू हो सकेगी। इससे खनन कंपनियों को राज्य सरकारों से जुड़ी कई मंजूरियों के बजाय केंद्र से सीधे मंजूरी मिल सकेगी। जैन ने कहा, ''हम लगातार बातचीत कर रहे हैं और खनन



मंत्रालय के साथ हुई चर्चाओं में हमने इस मुद्दे को खास तौर पर उठाया है।'' जैन ने कहा कि अगर सोने को 'रणनीतिक खनिज' की सूची में शामिल किया जाता है, तो कई चीजें बदल जाएंगी और आसान हो जाएंगी। उन्होंने कहा, ''निवेशक और खनन करने वाली कंपनियां 'एकल खिड़की मंजूरी' के तहत केंद्रीय मंत्रालय से लाइसेंस ले सकती हैं और देश के किसी भी हिस्से में खनन कर सकती हैं।'' जैन ने कहा, ''इसका सीधा संबंध, 'चालू खाते के घाटे' और आत्मनिर्भर बनने के हमारे लक्ष्य से है। खनन को तेज करने और सोने को 'रणनीतिक खनिज' की सूची में शामिल करने से इसमें काफी मदद मिलेगी।''

### भारत में घरों में रखे सोने का मौद्रिकरण करने पर जोर

*जैन ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए भारत में घरों में रखे सोने का मौद्रीकरण करने (आर्थिक गतिविधियों में लाने) की जरूरत पर भी जोर दिया। डब्ल्यूजीसी के अनुमान के मुताबिक, भारतीय घरों में लगभग 31,000 टन सोना है, जिसमें करीब 20,000 टन गहनों के रूप में और लगभग 6,000 टन छड़ (बार) और सिक्कों के रूप में है। रिपोर्ट के अनुसार, इस सोने की कीमत लगभग 314.9 लाख करोड़ रुपये है।*

# सोना 100 रुपए प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ और चांदी स्थिर

नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मिले-जुले रुझान के बीच चांदी की कीमतें स्थिर रहीं। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,47,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। व्यापारियों ने कहा कि घरेलू बाजार में सोने की मामूली खरीदारी देखी

- सोना बढ़कर 1,47,500 रुपए प्रति दस ग्राम



गई, जबकि चांदी का कारोबार सीमित दायरे में हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि मंगलवार को सोने की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई क्योंकि निवेशक अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे राजनयिक घटनाक्रम और फेडरल रिजर्व के नीतिगत दृष्टिकोण को लेकर अनिश्चितता के बीच सतर्क रुख अपनाए हुए थे। गांधी ने कहा कि पिछले दो सत्रों में कीमती धातुओं की कीमतें एक दायरे में रहीं।

# सैमसंग बढ़ती लागत के बीच देगी ब्याज-मुक्त ईएमआई

नई दिल्ली/लंदन

दक्षिण कोरियाई प्रौद्योगिकी कंपनी सैमसंग ने कहा है कि वह भारत में बढ़ती लागत के बीच उपभोक्ताओं पर बोझ कम करने के लिए ब्याज-मुक्त मासिक किस्त (ईएमआई) और त्योहारी छूट जैसे विकल्प देगी।

- उपभोक्ताओं पर बोझ कम करने त्योहारी छूट का विकल्पः सीईओ

सैमसंग के दक्षिण-पश्चिम एशिया क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जे. बी. पार्क ने लंदन में बातचीत में कहा कि कच्चे माल की लागत बढ़ने से चालू वर्ष की पहली छमाही में भारतीय बाजार में करीब 15 प्रतिशत गिरावट आई है और दूसरी छमाही भी चुनौतीपूर्ण रह सकती है। पार्क ने कहा कि मेमोरी चिप की किल्लत



और आपूर्ति बाधाओं से कारोबार के लिए स्थिति और मुश्किल हो गई है। पार्क ने कहा, "हम बढ़ी हुई लागत के बोझ को यथासंभव अपने स्तर पर ही समाहित करने की कोशिश करेंगे और उपभोक्ताओं को बेहतर मूल्य देंगे। आने वाले त्योहारी मौसम में ग्राहकों को ब्याज-मुक्त ईएमआई और छूट जैसे किफायती विकल्प भी उपलब्ध कराए जाएंगे।"

कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण मेमोरी चिप की उपलब्धता एक समस्या बनी हुई है। भू-राजनीतिक कारणों से कच्चे माल की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे पिछले छह महीनों में स्मार्टफोन समेत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दाम 20-30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। द्योग जगत का अनुमान है कि मेमोरी की लागत अगले 12-18 महीनों तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती है।

### भारत में एआई का उपयोग सीमित नहीं

पार्क ने कहा कि भारत में एआई का उपयोग केवल फोटो या वीडियो के संपादन तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि सैमसंग 'ऑन-डिवाइस' एआई पर ध्यान दे रही है ताकि उपयोगकर्ता क्लाउड के बजाय सीधे अपने फोन पर ही एआई सुविधाओं का उपयोग कर सकें और गोपनीयता भी बेहतर बनी रहे।

# नजारा टेक को पहले तिमाही में 82.47 करोड़ का घाटा

नई दिल्ली। गेमिंग एवं खेल मीडिया मंच नजारा टेक्नोलॉजीज ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 82.47 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी को 51.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में




कंपनी की परिचालन आय 14 प्रतिशत घटकर 428.77 करोड़ रुपये रह गई जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 498.77 करोड़ रुपये थी। तिमाही आधार पर कंपनी का राजस्व 7.8 प्रतिशत बढ़ा। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी ने 55.7 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

# शेयर बाजार में चार दिन से जारी तेजी थमी

## सेंसेक्स 210 अंक टूटा, निफ्टी में 159 अंक की गिरावट

मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। वायदा एवं विकल्प अनुबंध में शेयर के लिए नई नीलामी प्रक्रिया पेश होने के बाद बीएसई सेंसेक्स 210 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 159 अंक की गिरावट आई। नकद इक्विटी खंड में समापन नीलामी सत्र (सीएएस) सोमवार से शुरू हो गया। इसके तहत पात्र शेयरों के समापन मूल्य तय करने के लिए नई नीलामी आधारित व्यवस्था लागू की गई है। इसका उद्देश्य कीमतों की

- एफएंडओ में नई नीलामी प्रक्रिया पेश होने के बाद आई गिरावट



खोज प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाना है। नई नीलामी व्यवस्था लागू होने के बाद मंगलवार को शुरुआती कारोबार में बाजार के प्रमुख सूचकांक मिले-जुले रुख के साथ कारोबार करते नजर आए। शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 210.08 अंक टूटकर 78,428.95 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी पूरे कारोबार में नुकसान में रहा और अंत में 159.40 अंक की गिरावट के साथ 24,614.90 अंक पर बंद हुआ।

### उतार-चढ़ाव का नया स्तर जुड़ गया

एचएसटी वेल्थ के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा कि वायदा एवं विकल्प शेयरों के लिए समापन नीलामी सत्र (सीएएस) शुरू होने से प्रमुख सूचकांकों में उतार-चढ़ाव का एक नया स्तर जुड़ गया है। मंगलवार के कारोबार में बाजार की नई संरचना के अनुसार शुरुआती समायोजन देखने को मिला।

## आम निवेशकों को मिलेगा शेयर खरीदने का मौका

# जीवन बीमा कंपनी एलआईसी में सरकार बेचेगी 6.5% हिस्सेदारी

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम यानी एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। इसके लिए सरकार ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) का रास्ता अपनाएगी। इस प्रोसेस के जरिए सरकार पहले स्टेप में 2.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर ग्रीन शू ऑप्शन के तहत 4 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी भी बेची जा सकती है। यानी कुल मिलाकर 6.5 फीसदी तक हिस्सेदारी बाजार में आ सकती है। फिलहाल एलआईसी में सरकार की करीब 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है। इस ऑफर में सबसे पहले नॉन-रिटेल निवेशकों को हिस्सा खरीदने का मौका मिलेगा। इसके बाद रिटेल निवेशक भी बोली लगा सकेंगे। सरकार ने इस ओएफएस के लिए 382 रुपए प्रति शेयर का फ्लोर प्राइस तय किया है। यानी इससे कम कीमत पर शेयर नहीं खरीदे जा सकेंगे।

- सरकार पहले स्टेप में 2.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी




### 382 रुपए का फ्लोर प्राइस

ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) एक ऐसा प्रोसेस है, जिसमें कोई बड़ा शेयरधारक अपने पास मौजूद शेयर सीधे बाजार में बेचता है। इस मामले में सरकार अपने हिस्से के शेयर बेच रही है। सरकार ने 382 रुपए प्रति शेयर का फ्लोर प्राइस तय किया है। सरकार पहले 2.5 फीसदी हिस्सेदारी बेच रही है। इसके साथ ग्रीन शू ऑप्शन भी रखा गया है। अगर निवेशकों की ओर से अच्छी मांग आती है, तो सरकार अतिरिक्त 4 फीसदी हिस्सेदारी भी बेच सकती है। ऐसे में कुल बिक्री 6.5 फीसदी तक पहुंच सकती है। पहले दिन नॉन रिटेल निवेशको को खरीदारी का मौका मिलेगा, जबकि अगले दिन खुदरा निवेशकों को मौका मिलेगा।

### हिस्सा बेचने का कारण सेबी का नियम

सरकार का यह फैसला सिर्फ पैसा जुटाने के लिए नहीं है। इसके पीछे एक बड़ा कारण सेबी का नियम भी है। सेबी के अनुसार, शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी में कम से कम 25 फीसदी हिस्सेदारी आम निवेशकों के पास होनी चाहिए। अभी एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी बहुत ज्यादा है, इसलिए पब्लिक शेयरहोल्डिंग बढ़ाना जरूरी है। एलआईसी की शेयर बाजार में लिस्टिंग साल 2022 में हुई थी। उस समय इसका आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ माना गया था। अब सरकार चाहती है कि कंपनी में आम निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़े और वह तय नियमों के करीब पहुंच सके। इसी वजह से ओएफएस के जरिए शेयर बेचने का फैसला लिया गया है।

### एलआईसी के बिक्री पेशकश को जोरदार समर्थन

सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री पेशकश (ओएफएस) को मंगलवार को संस्थागत निवेशकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिली। निवेशकों ने इसके लिए 36,400 करोड़ रुपये की बोलियां लगाईं। सरकार संस्थागत निवेशकों के लिए एलआईसी के 28.46 करोड़ से अधिक शेयर 382 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेच रही है। यह निर्गम बुधवार को खुदरा निवेशकों के लिए खुलेगा। संस्थागत निवेशकों ने 383.84 रुपये प्रति शेयर के सांकेतिक मूल्य पर 94.45 करोड़ से अधिक शेयरों के लिए बोलियां लगाईं। इस सांकेतिक मूल्य पर बोलियों का कुल मूल्य 36,400 करोड़ रुपये बैठता है।

# कैनेडियन ओपन : 39 की उम्र में मॉनफिल्स का धमाका, रिकॉर्ड जीत के साथ दूसरे दौर में

मॉन्ट्रियल

गेल मॉनफिल्स ने पोलैंड के कामिल माजच्रजाक को 6-4, 6-4 से हराकर कैनेडियन ओपन के दूसरे राउंड में जगह बनाई और एक टेनिस प्रो के तौर पर मॉन्ट्रियल में अपने आखिरी दौरे को आगे बढ़ाया। यह अप्रैल में मोंटे-कार्लो के बाद उनकी पहली टूर-लेवल जीत थी।

कैनेडियन एटीपी मास्टर्स 1000 में अपना 15वां और आखिरी मैच खेलते हुए, मोनफिल्स इस इवेंट में मैच जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। 1 सितंबर को वह 40 साल के हो जाएंगे। इस फ्रांसीसी खिलाड़ी से ज्यादा बार इस इवेंट में सिर्फ जॉन मैकनरो और मिखाइल यूजनी (दोनों 16 बार) ने हिस्सा लिया है।



जीत के बाद मॉनफिल्स ने कहा, इस माहौल के लिए शुक्रिया, यहां आने के लिए शुक्रिया, दिल से शुक्रिया, आप लोग कमाल के हैं।

## 25वीं जीत दर्ज करने वाले नौवें खिलाड़ी बने मॉनफिल्स

ओपन एरा में इस इवेंट में 25 जीत (25-13) दर्ज करने वाले सिर्फ नौवें खिलाड़ी बने मॉनफिल्स ने एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर कुल 146 जीत दर्ज की हैं,जो बिना मास्टर्स 1000 टाइटल जीते किसी भी खिलाड़ी की सबसे ज्यादा जीत है। मॉन्ट्रियल में वाइल्ड कार्ड एंट्री पाने वाले इस खिलाड़ी ने पूरे मैच के दौरान दर्शकों का मनोरंजन किया। मोनफिल्स ने अपनी दूसरी कोशिश में मैच जीता और दोनों सेट में अपनी मजबूत सर्विस का फायदा उठाया। एटीपी आंकड़ों के मुताबिक, पहली सर्विस पर उनकी जीत का प्रतिशत 84 (26/31) रहा।

### अब अमेरिका के लर्नर टिएन से मुकाबला

*दूसरे राउंड में उनका सामना टूर्नामेंट के नंबर 12 सीड, अमेरिकी लर्नर टिएन से होगा। वहीं, मारियानो नवोन ने माटेओ बेरेटिनी के खिलाफ 6-3, 6-7(5), 6-3 से जीत हासिल करके अपना पर्सनल रिकॉर्ड बनाया। 2026 में अपनी 19वीं जीत के साथ, नवोन ने एक सीजन में सबसे ज्यादा जीत का अपना पर्सनल-बेस्ट रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले पिछले दो सालों में उन्होंने हर साल 18 जीत हासिल की थीं। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने बेरेटिनी के खिलाफ 12 में से 11 ब्रेक पॉइंट बचाए और अब वे पिछले पांच एटीपी मास्टर्स 100 टूर्नामेंट में से चार में दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। दुनिया के नंबर 41 खिलाड़ी के खिलाफ उनकी यह जीत, एटीपी रैंकिंग में टॉप 50 खिलाड़ियों में से किसी एक के खिलाफ हार्ड-कोर्ट पर उनकी दूसरी जीत है।*



### अलेक्जेंड्रा ने जीता पहला डब्ल्यूटीए एकल खिताब

**वॉशिंगटन।** अलेक्जेंड्रा एला ने जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-0 से हराकर कैरियर का पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीत लिया। भारी बारिश के कारण महिला एकल फाइनल दो दिन तक चला। अलेक्जेंड्रा डब्ल्यूटीए टूर पर एकल खिताब जीतने वाली फिलीपीन की पहली खिलाड़ी बन गई। पुरुष फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने रफाएल जोडार को 7-6, 6-4 से हराया।

### टेस्ट क्रिकेट के परिपक्व गेंदबाज है जडेजा : पुजारा



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि रक्षात्मक गेंदबाज से हमेशा विकेट की तलाश करने वाले आक्रामक गेंदबाज बनने से रविंद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट में और परिपक्व गेंदबाज बने हैं। पुजारा ने श्रीलंका के खिलाफ 15 अगस्त से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले कहा,' इससे पहले जब रविंद्र जडेजा गेंदबाजी करते थे तो मकसद रन बचाना होता था, खासकर टेस्ट क्रिकेट में। अगर पिच से मदद मिल रही है तो वह विकेट लेने की कोशिश करते थे। लेकिन अगर विकेट मददगार नहीं है तो उनका फोकस रन रोकना होता था।' पुजारा ने कहा ,' उसे अपनी ताकत पता है और उसी के अनुरुप गेंदबाजी करता है। हर मैच में वह स्टम्प पर गेंद डालकर विकेट लेने की कोशिश करता है।

### आकिब की सबसे बड़ी ताकत तेज रफ्तार नहीं : पठान



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हरफनमौला इरफान पठान का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने जा रहे जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी की सबसे बड़ी ताकत तेज रफ्तार नहीं, बल्कि शीर्ष बल्लेबाजों को रक्षात्मक बल्लेबाजी के दौरान गलती करने पर मजबूर करने की क्षमता है। पठान ने कहा, 'गेंद को स्विंग कराने के लिए आदर्श रफ्तार लगभग 135 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। अगर आप गेंद को देर से स्विंग करा सकते हैं तो आप सफल हो सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'उसकी लय और गेंदबाजी एक्शन को देखते हुए मेरा मानना है कि वह नियमित रूप से 133-135 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार हासिल कर सकता है।'

### चेन्नई ओपन के लिए तमिलनाडु सरकार ने 10 करोड़ रुपये मंजूर किए

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के आयोजन के लिए मंगलवार को 10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर कर दी, जिससे इस वर्ष नवंबर में प्रतियोगिता के आयोजन का मार्ग प्रशस्त हो गया। यह निर्णय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय और तमिलनाडु टेनिस संघ (टीएनटीए) के अध्यक्ष विजय अमृतराज के बीच हुई बैठक में लिया गया। पीटीआई को मिली जानकारी के अनुसार, टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आवश्यक अतिरिक्त 10 करोड़ रुपये की राशि प्रायोजकों के माध्यम से जुटाई जाएगी। हार्ड कोर्ट पर खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट दो से आठ नवंबर तक नुंगमबक्कम स्थित एसडीएटी टेनिस स्टेडियम में आयोजित होगा।

## भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट गॉल में 15 अगस्त से

# श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया रवाना साई सुदर्शन की फिटनेस पर सस्पेंस



नई दिल्ली

भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ 15 अगस्त से शुरू होने वाली है। इससे पहले, टीम इंडिया 7 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ एक प्रैक्टिस मैच खेलेगी। भारतीय टीम 4 अगस्त को श्रीलंका के लिए मुंबई से रवाना हुई। हालांकि, ध्यान देने वाली बात यह है कि 15 भारतीय खिलाड़ियों में से केवल 14 ही यात्रा कर पाए, जबकि एक खिलाड़ी भारत में ही रह गया। वह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि बाएं हाथ के बल्लेबाज साई सुदर्शन हैं। उन्हें एयरपोर्ट पर टीम के साथ नहीं देखा गया। अब सवाल यह उठता है कि सुदर्शन भारतीय टीम के साथ क्यों नहीं गए? जब टीम की घोषणा की गई थी, तो बीसीसीआई ने कहा था कि सीरीज़ में सुदर्शन और जसप्रीत बुमराह दोनों की भागीदारी उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी। बुमराह फिटनेस टेस्ट पास करने में विफल रहे और भारतीय बोर्ड ने उनकी जगह आकिब नबी का नाम शामिल किया, लेकिन सुदर्शन को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है।



### राहुल-यशस्वी ने नेट पर किया स्पिनरों का सामना

भारतीय क्रिकेट टीम के श्रीलंका दौरे के लिए रवाना होने से पहले केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने मुंबई में खास ट्रेनिंग की। उन्होंने एक एकेडमी में जाकर अलग-अलग तरह के स्पिनर्स की गेंदों का सामना किया। श्रीलंका में दो टेस्ट की सीरीज के दौरान स्पिनर्स का बोलबाला रहने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में राहुल और जायसवाल ने फिरकी गेंदों का खूब सामना किया। उन्होंने हर तरह के स्पिनर्स को खेला। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2027 के लिहाज से अहम सीरीज रहने वाली है। ऐसे में भारत के ओपनर्स केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने मुंबई में बैटिंग प्रैक्टिस की।

### बीसीसीआई के फैसले पर टिकी नजर

बुमराह के रिप्लेसमेंट की घोषणा करते समय भी, बीसीसीआई ने दोहराया कि सुदर्शन की भागीदारी अभी भी उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि बीसीसीआई इस पर क्या फैसला लेता है। सुदर्शन के अब तक के टेस्ट करियर को देखें तो उन्होंने 7 मैच खेले हैं। 12 पारियों में उन्होंने 31.91 की औसत से 383 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 87 रन है।

### श्रीलंका टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

3-दिवसीय वार्म-अप मैच
7 अगस्त से


**पहला टेस्ट**
15 से 19 अगस्त, गाले इंटरनेशनल स्टेडियम, गाले

**दूसरा टेस्ट**
23 से 27 अगस्त, सिंहलीज़ स्पोर्ट्स क्लब, कोलंबो

## लुसाने डायमंड लीग

# नीरज के सामने एक बार फिर पथिरागे और नदीम की चुनौती

21 अगस्त को होगा टूर्नामेंट



नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 21 अगस्त को लुसाने डायमंड लीग में राष्ट्रमंडल चैंपियन और इस सत्र में सबसे आगे चल रहे श्रीलंका के रूमेश पथिरागे का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले चुके पांच खिलाड़ी नजर आएंगे।

ग्लास्गो में सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके 85.83 मीटर का थ्रो फेंकने वाले चोपड़ा का सामना ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम, मौजूदा विश्व चैंपियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकाट और पूर्व विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से होगा।

तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश, जर्मनी के जूलियन वेबर, स्विटजरलैंड के सिमोन वीलैंड और अमेरिका के कुर्टिस थॉम्पसन भी इसमें नजर आएंगे।

### पांच सुपरस्टार टूर्नामेंट में लेंगे भाग

आयोजकों ने कहा,' पिछले चार ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप जीत चुके भालाफेंक के पांच सुपरस्टार 21 अगस्त को इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे।' चोट से उबरने के बाद यह चोपड़ा का तीसरा टूर्नामेंट होगा। वह जून में दोहा डायमंड लीग में 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। पथिरागे ने राष्ट्रमंडल खेलों में 89.75 मीटर का थ्रो लगाकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने जून में गोल्डन गाला पिएट्रो मेनिया में 92.62 मीटर का थ्रो लगाया था।

## आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग

# सर्वश्रेष्ठ छठी पोजीशन पर श्रीलंका की कप्तान चमारी

दुबई

आईसीसी ने महिला टी20 रैंकिंग जारी की है। इसमें श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापटु और इमेशा दुलानी को बड़ा फायदा हुआ है। दोनों ने पाकिस्तान को खिलाफ श्रीलंका की टी20 सीरीज में 2-1 जीत में बड़ी भूमिका निभाई है। दुलानी प्लेयर ऑफ द सीरीज रही थीं। महिला टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में श्रीलंका की कप्तान चमारी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी टीम की टी20 सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी पोजीशन पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मैच में अथापथु ने 39 और दूसरे मैच में 40 रन बनाए थे।



### बल्लेबाजी रैंकिंग में 33 स्थान ऊपर चढ़ी इमेशा

इमेशा दुलानी को भी पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में 101 रन की पारी खेलने का बड़ा फायदा हुआ। पहले टी20 शतक की मदद से दुलानी बल्लेबाजी रैंकिंग में 33 स्थान ऊपर चढ़कर करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं पोजीशन पर पहुंच गईं।

## बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप

# सिंधू को नौवीं, सात्विक चिराग को पांचवीं वरीयता

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के लिए नौवीं वरीयता दी गई है जबकि पुरुष युगल टीम सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पांचवीं वरीयता मिली है। इंदिरा गांधी स्टेडियम पर 17 से 23 अगस्त तक यह चैंपियनशिप खेली जाएगी। सिंधू ने जापान ओपन टूर्नामेंट जीता है जबकि सात्विक और चिराग 2022 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। भारत ने पांचों वर्गों में दो प्रविष्टियां भेजी है। सिंधू , सात्विक-चिराग के अलावा पूर्व विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को पुरुष एकल में 14वीं वरीयता है जबकि मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को 15वीं वरीयता मिली है। पुरुष एकल विश्व चैंपियन चीन की शि युकी और दक्षिण कोरिया की महिला एकल स्टार आन से यंग को शीर्ष वरीयता मिली है। महिला एकल विश्व चैम्पियन अकाने यामागुची को दूसरी जबकि चीन की वांग झि यि को तीसरी और चेन युफेइ को चौथी वरीयता दी गई है।

# दूसरा टेस्टः वेस्टइंडीज के खिलाफ पाकिस्तान की स्थिति मजबूत

पोर्ट आफ स्पेन

अब्दुल्ला शफीक और बाबर आजम के बीच तीसरे विकेट की 168 रन की अटूट साझेदारी के दम पर पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वेस्टइंडीज ने 5 विकेट पर 239 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 344 रन बनाए। अजान अवैस (55) ने पाकिस्तान को अच्छी शुरुआत दी, जिसके बाद शफीक और बाबर की साझेदारी के दम पर पाकिस्तान ने दो विकेट पर 266 रन बना लिए। शफीक 107 रन बनाकर और कप्तान बाबर 86 रन बनाकर खेल रहे हैं।



### वेस्टइंडीज ने जीता था पहला टेस्ट

वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट 90 रन से जीता था। अवैस ने इमामुल हक (14) के साथ पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े थे। इसके बाद शफीक के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की। वह जोमेल वारिकन की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में पगबाधा आउट हुए। इसके बाद बाबर ने शफीक के साथ 139 गेंद में 100 रन की साझेदारी की शफीक ने दो साल में पहला शतक 173 गेंद में लगाया। पिछला शतक उन्होंने अक्टूबर 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ लगाया था।

# जर्सी विवाद : हॉकी इंडिया ईडी ने नहीं दिया अध्यक्ष को जवाब

## महासचिव ने की आपात बैठक की मांग

नई दिल्ली

भारतीय टीमों की जर्सी का रंग बदले जाने के बाद हॉकी इंडिया में चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा और अध्यक्ष दिलीप टिर्की द्वारा दी गई समय सीमा के भीतर कार्यकारी निदेशक कमांडर आर के श्रीवास्तव ने जवाब नहीं भेजा है जबकि हॉकी इंडिया महासचिव ने कार्यकारी बोर्ड की आपात बैठक बुलाने की मांग की है। टिर्की ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भेजे गए ईमेल में श्रीवास्तव से शाम पांच बजे तक यह संबंधित दस्तावेज देने के लिये कहा था। उन्होंने दोपहर में भेजे गए ईमेल में कहा था ,''इस मामले में कमांडर द्वारा कार्यकारी बोर्ड के समक्ष रखे गए स्पष्टीकरण के संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि दस्तावेजी सबूतों के साथ जवाब देने का निर्देश लागू है और इसे वापिस नहीं लिया गया है।'' इसमें कहा गया ,'' कमांडर को आज शाम तक सभी सहायक दस्तावेज जमा करने होंगे। हॉकी इंडिया की प्रतिष्ठा और इसकी प्रशासनिक प्रक्रियाओं की ईमानदारी से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

## कोरिया मास्टर्स : भारतीय जोड़ी ने किया उलटफेर, दूसरे दौर में एंट्री

# कृष्ण-पृथ्वी ने सिर्फ 42 मिनट में थाई जोड़ी को हराया

आसान

कृष्ण प्रसाद गारगा और पृथ्वी कृष्णमूर्ति राय ने चेलोमपोन चेरोनकितामोर्न और वोरापोल थोंग्सा एनगा की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी को सीधे गेम में हराकर उलटफेर करते हुए कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

भारतीय जोड़ी ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली जोड़ी को सिर्फ 42 मिनट में 21-16 21-18 से हराया। कृष्ण प्रसाद और पृथ्वी अगले दौर में जुनसुके कुबो और जिया हाओ होविन वोंग की सिंगापुर की जोड़ी तथा यंग ह्युक किम और तेइ योंग शिन की कोरिया की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।



### प्रिया और श्रुति को करना पड़ा हार का सामना

अच्युतादित्य राव डोडावारप्पु और अर्जुन रेड्डी पोचाना की भारत की एक अन्य पुरुष युगल टीम को हालांकि कोरिया के सोल ग्यु चोई और मलेशिया के वी शेम गोह की जोड़ी के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 3-21 10-21 से हार झेलनी पड़ी। प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की भारत की महिला युगल टीम को भी रिरिना हिरामोतो और कोकोना इशिकावा की जापान की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ 15-21 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

**जापान के शोगो ओगावा से हारे तुषार सुवीर**
पुरुष एकल क्वालीफायर के पहले दौर में भारत के तुषार सुवीर ने कनाडा शौर्य गुलाइया को 21-15 21-12 से हराया लेकिन अगले दौर में जापान के शोगो ओगावा के खिलाफ 10-21 17-21 से हार गए।

# प्रस्तावित एफसीआरए संशोधन बिल : अमेरिका में खलबली, रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने ईसाई समुदाय पर सीधा हमला बताया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संसद में फॉरेन कंट्रीब्यूशन (रेगुलेशन) एक्ट में प्रस्तावित संशोधन बिल लाये जाने की आशंका से अमेरिकी राजनीति में खलबली मची हुई है. ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के सांसद राइली मूर ने इस प्रस्तावित बिल की आलोचना करते हुए इसे ईसाई समुदाय पर सीधा हमला करार दिया है. साथ ही राइली मूर ने चेतावनी दी है कि यह भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय मुद्दा बन सकता है. राइली मूर ने एफसीआरए में प्रस्तावित संशोधनों को लेकर आरोप लगाया है कि इस कानून से



सरकार को चर्चों और धार्मिक चैरिटी संस्थाओं पर शिकंजा कसने की अनुमति मिल जायेगी. उनकी यह टिप्पणी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि संसद में जारी मॉनसून सत्र के दौरान इस बिल पर बहस हो रही है. अमेरिकी सांसद राइली मूर ने एक्स पर पोस्ट कर प्रस्तावित संशोधनों पर चिंता जताई है. इससे पूर्व भारत में ईसाई धर्म के लंबे इतिहास को याद किया है. उन्होंने कहा, ईसाई समुदाय भारत में उस समय से है, जब सेंट थॉमस अपोस्टल ने प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के कुछ ही दशकों बाद मालाबार तट की यात्रा की थी. ईसाई धर्म के इस लंबे इतिहास के बावजूद भारतीय संसद एफसीआरए नियमों में संशोधन करने की सोच रही है. राइली मूर नेआरोप लगाया कि भारत सरकार चर्चों और धार्मिक चैरिटी संस्थाओं का नियंत्रण अपने हाथ लेने के लिए ऐसा कर रही है. बता दें कि यदि ऋष्ठफ्अ में प्रस्तावित संशोधनों वाला यह बिल पास हो जायेगा तो नया कानून तय करेगा कि एनजीओ, चैरिटेबल ट्रस्ट, शैक्षणिक संस्थान, धार्मिक निकाय और संस्थाओं को विदेशी चंदा कैसे मिलेगे और उसका इस्तेमाल वे किस तरह कर सकते हैं. प्रस्तावित संशोधन बिल के बैकग्राउंड नोट में बताया गया है कि 15 जुलाई 2026 तक भारत में 14,449 सक्रिय एफसीआरए पंजीकरण है. 22,498 पंजीकरण रद्द कर दिये हैं. 15,212 की समय-सीमा समाप्त हो गयी है. बताया गया है 2019 और 2022 के बीच इस अधिनियम के तहत पंजीकृत संगठनों ने 55,741 करोड़ रुपये का विदेशी चंदा हासिल किया. नये नियम के तहत केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक नामित प्राधिकरण के पास विदेशी चंदे और उन फंडों से बनाई गयी संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेने का पावर होगा. एफसीआरए में प्रस्तावित संशोधन बिल विपक्षी पार्टियां, एनजीओ सहित कई सिविल सोसाइटी ग्रुप को रास नहीं आ रहा है.

# होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द खुलने के आसार, डोनाल्ड ट्रंप बोले- ईरान से समझौता नहीं हुआ तो होगा 'बड़ा प्रहार'

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (स्थानीय समय) को कहा कि ईरान और ओमान के साथ एक समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को बहुत जल्द खोल दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इलाके में तनाव कम करने के लिए अंतरिम व्यवस्था पर बातचीत के दौरान कोई समझौता नहीं हो पाता है, तो इस्लामिक रिपब्लिक (ईरान) को बहुत बड़ा झटका लगेगा। उन्होंने अपनी बात दोहराई कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा और इस रणनीतिक जलमार्ग को फिर से खोलने की



बात को चल रही कूटनीतिक कोशिशों से जोड़ा। फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा उदाहरण के लिए, ईरान के पास कभी परमाणु हथियार नहीं होंगे। उनके पास अभी भी ये नहीं हैं, लेकिन वे... इसे औपचारिक रूप दिया जाएगा। जलडमरूमध्य बहुत जल्द खुल जाएगा, वरना उन्हें बहुत बड़ा झटका लगेगा, और फिर जलडमरूमध्य खुल जाएगा।

उनके ये बयान ऐसे समय में आए हैं जब खबर है कि अमेरिका, ईरान और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए एक अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं। 'एक्सियोस' ने दो क्षेत्रीय सूत्रों और एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि पिछले महीने वाशिंगटन और तेहरान के बीच 14-सूत्रीय समझौता ज्ञापन के टूटने के बाद से यहां तनाव बढ़ गया था। अ७ङ्ग२ के अनुसार, इस प्रस्तावित व्यवस्था का मकसद अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर को फिर से बहाल करना और तेहरान के साथ बातचीत (जिसमें उसके परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी चर्चा भी शामिल है) को दोबारा शुरू करना है।

# नोएडा की चिप फैक्ट्री में लगी आग, दीवार गिरने से 2 फायरकर्मियों की मौत, 500 लोगों को निकाला सुरक्षित

एजेंसी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा से एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है. इलेक्ट्रॉनिक चिप बनाने वाली कंपनी में लगी भीषण आग पर काबू पाने के दौरान फायर ब्रिगेड के दो जवानों ने अपनी जान गंवा दी. राहत की बात यह रही कि समय रहते कंपनी में नाइट शिफ्ट में काम कर रहे करीब 500 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. लेकिन रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान अचानक कंपनी की दीवार और लोहे का बीम गिर गया, जिसकी चपेट में पांच फायरकर्मी आ गए. इस हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है.

**तड़के लगी आग, मच गई अफरा-तफरी**

घटना ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3



थाना क्षेत्र स्थित ILGIM कंपनी की है, जहां इलेक्ट्रॉनिक चिप बनाने का काम होता है. मंगलवार तड़के करीब 3 बजे कंपनी में भीषण आग लगने की सूचना मिली. देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं का गुबार पूरे परिसर में फैल गया. उस समय कंपनी में नाइट शिफ्ट के करीब 500 कर्मचारी मौजूद थे. आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई और कई कर्मचारी अंदर फंस गए.

**सबसे पहले 500 कर्मचारियों को सुरक्षित निकाला**

सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई. फायरकर्मियों ने बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. सबसे पहले कंपनी में फंसे सभी करीब 500 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. इसके बाद दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुट गए.

**आग बुझाते समय गिरी दीवार, पांच फायरकर्मी मलबे में दबे**

सुबह करीब 5 बजे जब फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझा रही थी, तभी कंपनी की एक दीवार और लोहे का भारी बीम अचानक भरभराकर गिर पड़ा. हादसे में मुख्य आरक्षी चालक राजपाल सिंह, मुख्य आरक्षी चालक तीरथपाल सिंह (48), फायरमैन रोहित यादव (32), मनीष कुमार और अमित कुमार मलबे के नीचे दब गए. सभी को तत्काल रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया.

**कर्मचारियों ने कहा- आग कैसे लगी, अभी पता नहीं**

कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी राजीव ने बताया कि जब वह सुबह की शिफ्ट में ड्यूटी पर पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि रात में आग लगने की वजह से आज छुट्टी कर दी गई है. उन्होंने बताया कि नाइट शिफ्ट में मौजूद कर्मचारियों से बातचीत में भी आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी. फिलहाल आग लगने का कारण सामने नहीं आया है.

**हर पहलू की होगी जांच : डीसीपी**

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने और उसके बाद हुए हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कराई जा रही है. साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि कंपनी में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जा रहा था या नहीं. जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**इलाज के दौरान दो फायरकर्मियों की मौत**

अस्पताल में इलाज के दौरान फायरमैन रोहित यादव और मुख्य आरक्षी चालक तीरथपाल सिंह की मौत हो गई. दोनों मूल रूप से बागपत के रहने वाले थे. तीरथपाल सिंह वर्ष 1997 में फायर विभाग में भर्ती हुए थे, जबकि रोहित यादव ने वर्ष 2016 में विभाग जॉइन किया था. हादसे में घायल तीन अन्य फायरकर्मियों का इलाज जारी है. घटना की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित यथार्थ अस्पताल पहुंचीं. उन्होंने घायल फायरकर्मियों और डॉक्टरों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना.

# आर्टिकल 370 हटाये जाने की सातवीं बरसी, पीएम मोदी का पोस्ट, लोगों की जिंदगी में आया बदलाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू/कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35ए हटाए जाने की सातवीं बरसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान जारी किया. उन्होंने कहा कि सात साल पहले आज ही के दिन (5 अगस्त) आर्टिकल 370 और 35ए इतिहास बन गये थे. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इसीके साथ जम्मू कश्मीर और लद्दाख की यात्रा में एक निर्णायक नया अध्याय शुरू हुआ. जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नाम के दो केंद्र शासित प्रदेशों का निर्माण किया गया. प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, आर्टिकल 370 हटाये जाने के बाद जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लोगों की जिंदगी में व्यापक बदलाव आया है. इलाके के बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ. शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता,खेल आदि क्षेत्रों में लोगों के लिए मौके बढ़े. महिलाओं और वंचित




समुदायों को ताकत मिली, जो दशकों तक बुनियादी संवैधानिक अधिकारों से वंचित थे. पीएम ने कहा. यह जम्मू/कश्मीर में भारत के संविधान के पूरी तरह लागू होने से संभव हो पाया. प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि इस साल 5 अगस्त की अहमियत और बढ़ जाती है, क्योंकि देश उनकी (डॉ मुखर्जी) 125वीं जयंती मना रहा है. उन्होंने दशकों पहले जो सोच सामने रखी थी, वह 5 अगस्त 2019 को ऐतिहासिक रूप से पूरी हुई. जम्मू के कनाचक इलाके में पश्चिम पाकिस्तानी शरणार्थियों ने आर्टिकल 370 हटाए जाने की बरसी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया. हालांकि आर्टिकल 370 हटाए जाने की बरसी पर कश्मीर में विरोध प्र्दर्शन भी देखने को मिला. पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया.

एनसी सांसदों ने भी आर्टिकल 370 हटाए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. अहम खबर यह है कि आर्टिकल 370 और 35ए हटाये जाने के बाद राज्य में आतंकवादी घटनाओं, पत्थरबाजी, घुसपैठ के प्रयासों सहित नागरिक और सुरक्षा बलों की मौतों में भारी गिरावट दर्ज की गयी है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार आतंकी घटनाओं में लगभग 83 फीसद की गिरावट आयी.. पत्थरबाजी की घटनाएं भी 99 फीसद घट गयी.जम्मू कश्मीर में 2022 में 151 आतंकी घटनाएं हुई, जो 2025 में घटकर केवल 35 रह गयी. आतंकी घटनाओं में 77 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी.


# नितिन गडकरी को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत, ई-20 ईंधन विवाद से जुड़े डीपफेक और एआई वीडियो को हटाने का दिया आदेश

एजेंसी

**मुंबई।** शभर में चल रहे ई-20 पेट्रोल विवाद के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए कुछ लोगों द्वारा फर्जी डीपफेक वीडियो और एआई से तैयार की गई अपमानजनक तस्वीरें शेयर की जा रही थीं, जिन्हें ई-20 विवाद से जोड़ा गया था। इस मामले में गडकरी के वकील द्वारा याचिका दायर किए जाने के बाद अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है।

**बॉम्बे हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश और सख्त टिप्पणियां**

बॉम्बे हाईकोर्ट की बेंच ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के वकील संदीप लड्ढा की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह कंटेंट बेहद आपत्तिजनक और अभद्र है, और



इसे किसी भी सार्वजनिक मंच पर रहने की इजाजत नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ता ने अंतरिम राहत पाने के लिए मजबूत आधार पेश किया है, क्योंकि ऐसी सामग्री का सार्वजनिक मंचों पर बच्चों और युवाओं सहित हर किसी की पहुंच में होना अस्वीकार्य है। यह पूरा मामला केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से जुड़ा हुआ है, जिन पर सोशल मीडिया के जरिए झूठा शिकंजा कसने की कोशिश की गई थी। कुछ असामाजिक तत्वों ने उनकी डीपफेक वीडियो और एआई-जेनरेटेड तस्वीरें बनाकर उन्हें ई-20 फ्यूल विवाद से जोड़ दिया था, जिसमें इंस्टाग्राम रील्स जैसे प्लेटफॉर्म्स पर भी आपत्तिजनक सामग्री सामने आई थी। वकीलों द्वारा यह कंटेंट कोर्ट के सामने पेश किए जाने के बाद अदालत ने कड़ी आपत्ति जताई।

**मेटा और गूगल की ओर से अदालत को दिया गया आश्वासन**

मामले की सुनवाई के दौरान टेक दिग्गज कंपनियों जैसे मेटा और गूगल की तरफ से भी अदालत में पक्ष रखा गया। दोनों कंपनियों ने न्यायालय को भरोसा दिलाया कि वे याचिका के 'एग्जिबिट सी' में सूचिबद्ध सभी आपत्तिजनक और फर्जी सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म्स से तुरंत हटा देंगी।

# बंगाल : बंद ईंट भट्ठे में मिले रुपयों के ढेर, पुलिस छापेमारी में मिले 48 लाख रुपये

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में चोरी के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. फरीदपुर थाना क्षेत्र के चंद्रडांगा स्थित लंबे समय से बंद एक ईंट भट्ठे से पुलिस ने 48 लाख रुपये नकद बरामद की हैं. घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. इस बारे में पुलिस कमिश्नर डॉ. प्रणव कुमार ने बताया की राइस मिल की चोरी की शिकायत के आधार जांच प्रकिया के तहत रुपये बरामद की गई है. पुलिस सूत्रों के अनुसार चोरी के एक मामले की जांच के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि चंद्रडांगा के परित्यक्त ईंट भट्ठे में भारी मात्रा में नकदी छिपाकर रखी गई है. सूचना के आधार पर फरीदपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया. काफी देर तक चली तलाशी के बाद पुलिस ने वहां से 48 लाख रुपये नकद बरामद किए.

**बरामद नकदी का चोरी की नहीं**

जांच अधिकारी अब यह पता



लगाने में जुटे हैं कि बरामद नकदी का चोरी की घटना से कोई सीधा संबंध है या नहीं, साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इतनी बड़ी रकम वहां कैसे पहुंची, इसका वास्तविक स्रोत क्या है और इस पूरे मामले में किन-किन लोगों की संलिप्तता हो सकती है. फिलहाल मामले की जांच की जा रही है.

**पुलिस जांच के बाद होंगे और खुलासे**

पुलिस ने बरामद राशि को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा. फिलहाल इस बरामदगी को चोरी के मामले की जांच में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है.

# सऊदी अरब में फंसे 113 भारतीय कामगारों की वतन वापसी, भोपाल में रह रहे समाजसेवी ने की थी अपील

एजेंसी

**भोपाल।** सऊदी अरब के अबहा शहर में फंसे 113 भारतीय कामगारों की भारत वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है. 50 से अधिक कामगार पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे बैच में भारत लौट चुके हैं. इस पूरे मामले में अंबेडकर नगर (उत्तर प्रदेश) के निवासी और वर्तमान में भोपाल में रह रहे समाजसेवी सैयद आबिद हुसैन ने खास अपली की थी. उन्होंने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और जाद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया) से हस्तक्षेप की अपील की थी, जिसके बाद इन लोगो की स्वदेश वापसी हो सकी.

**न वतन वापसी कर रहे थे, न दे रहे थे पर्याप्त भोजन**

सऊदी अरब के अबहा में फंसे हुए लोगों का समाजसेवी सैयद आबिद हुसैन ने वतन वापसी का रास्ता आसान बनाया. आबिद हुसैन ने सभी कामगारों की जानकारी इकट्ठा की और जरुरी दस्तावेज की



औपचारिक पत्र संबंधित अधिकारियों को भेजे, जिसके बाद उनकी स्वदेश वापसी की प्रक्रिया शुरू हुई. सैयद आबिद हुसैन ने बताया, " पहले अबहा में फंसे 161 भारतीय प्रवासियों में से एक इरफान ने मुझसे संपर्क किया था. बाद में मेरी बात 113 कामगारों के समूह के दो और सदस्यों आर.के. यादव और त्रिभुवन सिंह चौहान से भी कराई गई. कामगारों ने बताया था कि उन्हें न तो स्वदेश भेजा जा रहा था और न ही पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था. वे पिछले तीन महीनों से बेहद सीमित राशन के सहारे जीवनयापन कर रहे थे."

**कामगारों ने सऊदी से भेजा था वीडियो**

आबिद हुसैन ने बताया कि कामगारों ने अपनी दयनीय स्थिति का एक वीडियो भी भेजा था, जिसमें उनकी समस्याएं स्पष्ट रूप से दिखाई गई थीं. इसके बाद उन्होंने विदेश मंत्रालय और जाद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास को पत्र लिखकर सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए. उन्होंने बताया कि शुरूआती बैच में लौटने वाले अधिकांश कामगार उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले हैं. मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची फ्लाइट से त्रिभुवन सिंह चौहान, कृष्णा कुमार चौहान (बलिया, उत्तर प्रदेश), नरेंद्र कुमार चौधरी (सिवान, बिहार) और आफताब आलम (देवरिया, उत्तर प्रदेश) सहित चार भारतीय स्वदेश लौटे. दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने के बाद कामगारों ने वीडियो संदेश जारी कर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, विदेश मंत्रालय, प्रवासी भारतीय संसाधन केंद्र, रियाद और जाद्दा स्थित भारतीय मिशनों, जाद्दा के भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों, संबंधित कंपनी और एजेंसी के प्रतिनिधियों और भारत और सऊदी अरब की सरकार का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से उनकी सुरक्षित वतन वापसी संभव हो सकी.

## संक्षिप्त खबर

### राहुल गांधी की किरेन रिजिजू को दो टूक, जब तक अमित शाह सदन में जवाब नहीं देते, चर्चा नहीं होगी

**नयी दिल्ली।** बुधवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बैठक हुई. बैठक संसद परिसर स्थित राहुल गांधी के कार्यालय में हुई. बैठक में



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं. संसद के दोनों सदनों में लगातार जारी गतिरोध को खत्म करने और सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने के मुद्दे पर चर्चा के लिए बैठक में मंथन किया गया. राजनीतिक गलियारों में यह बैठक बहुत अहम मानी जा रही है, क्योंकि 20 जुलाई से संसद में लगातार गतिरोध जारी है. विपक्ष जंतर मंतर पर हुई पुलिस की कार्रवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाब तलब कर रहा है. इसे लेकर मकर द्वार पर प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है .लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हो रही है. ऐसे माहौल में बैठक को गतिरोध समाप्त करने की दिशा में अहम करार दिया जा रहा है. सूत्रों की मानें तो राहुल गांधी ने साफ कह दिया कि जब तक अमित शाह सदन में जवाब नहीं देते और राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर सदन में चर्चा नहीं होगी तब तक सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी. कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने अमित शाह के बयान और छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के मामले में कार्रवाई की मांग की. राहुल से मुलाकात के बाद रिजिजू ओम बिरला से मिलने पहुंचे हैं.

### राहुल गांधी फिर आरएसएस पर हमलावर हुए, कहा, देश का इतिहास बदलने की कोशिश की जा रही है

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी ने एक बार फिर आरएसएस पर हल्ला बोला है. आरोप लगाया कि आरएसएस देश का इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा है. इसके पीछे उसका खतरनाक विचार है. कहा कि भारत अपने इतिहास का कुचला जाना कभी बर्दाश्त नहीं करेगा. राहुल गांधी ने आरएसएस पर संस्थाओं पर कब्जा करने और संविधान पर हमला करने का गंभीर आरोप लगाया. कहा कि विपक्ष इस वैचारिक लड़ाई को मजबूती से लड़ रहा है. हम देश के मूल स्वरूप को बिगड़ने नहीं देंगे. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस सांसद वाइको की किताब वाइको इन पार्लियामेंट के विमोचन कार्यक्रम में यह सब कहा. अहम बात यह है कि राहुल गांधी ने उसी दिन रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भी आरएसएस को घेरा. उन्होंने मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से कहा कि सैनिक स्कूलों मेंआरएसएस दखल बेवजह बढ़ रहा है. राहुल गांधी के आरोपों पर समिति के चेयरमैन राधा मोहन सिंह ने दावे के समर्थन में दस्तावेज पेश करने को कहा है. कहा कि राहुल दस्तावेज देंगे, तो दस्तावेज स्पष्टीकरण के लिए संबंधित मंत्रालय को भेजे जायेंगे. बता दें कि राहुल गांधी कई मौकों पर देश-विदेश में आरएसएस के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं. राहुल गांधी 25 अक्टूबर(2025) को कोलंबिया की एक्स्न यूनिवर्सिटी में द फ्यूचर इज टुडे कॉन्फ्रेंस में कहा था किआरएसएस और भाजपा की विचारधारा के मूल में कायरता है. उसी साल 19 दिसंबर को जर्मनी के बर्लिन में ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि आरएसएस चीफ खुले आम कह रहे हैं कि सच्चाई का कोई महत्व नहीं, शक्ति महत्वपूर्ण है. राहुल गांधी ने कहा, यही उनमें और हममें अंतर है. इसी साल 2026 में 19 जनवरी को केरल के कोच्चि में कांग्रेस कार्यकताओं के समक्ष कहा था कि आरएसएस और भाजपा चाहते है कि जनता सवाल न करे और चुप रहे. क्योंकि ये लोग कुछ बिजनेसमैन के हाथों देश को बेच दें.

### संसद परिसर में अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन, इंडिया अलायंस ने चंदा चोरी, छात्र दमन का किया विरोध

**नयी दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र हर दिन हंगामे की भेंट चढ़ रहा है. 20 जुलाई से जारी मानसून सत्र का कोई भी दिन बिना हंगामे के नहीं गुजरा. हर दिन की तरह बुधवार को भी



इंडिया अलायंस के नेताओं ने केंद्र सरकार और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ मोर्चा खोला. विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा से मकर द्वार तक एक जोरदार विरोध मार्च निकाला. मार्च के दौरान विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और इन मुद्दों पर संसद में चर्चा तथा सरकार से जवाब की मांग की. विपक्ष का आरोप है कि सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटका रही है, जबकि सत्ता पक्ष इन आरोपों को निराधार बता चुका है. प्रदर्शन का नेतृत्व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य विपक्षी सांसदों ने किया. विपक्षी सांसदों ने 20 जुलाई को संसद मार्च कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारियों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई, अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे में कथित धांधली और सहित अन्य मुद्दों पर गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की.आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के दमन और संस्थागत अनियमितताओं पर जवाब देने से बच रही है. विपक्षी सांसदों ने अमित शाह से जवाब तलब किया.

### 22 बच्चों की मौत के बाद चांदीपुरा वायरस पर केंद्र सख्त, गुजरात-राजस्थान भेजी विशेषज्ञों की संयुक्त टीम


**अहमदाबाद।** गुजरात और राजस्थान में चांदीपुरा वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने एनजेओआरटी की टीम तैनात की है. न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस टीम में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के विशेषज्ञ शामिल हैं. यह टीम दोनों राज्यों में जाकर संक्रमण की स्थिति का आकलन करेगी और नियंत्रण उपायों को मजबूत करने में राज्य सरकारों की मदद करेगी. गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल पंशेरिया ने बताया कि संदिग्ध मामलों समेत 184 मरीजों के सैंपल की जांच की गई, जिनमें 35 लोगों में चंडीपुरा वायरस की पुष्टि हुई है. उन्होंने कहा कि अब तक इस संक्रमण से 22 मरीजों की मौत हो चुकी है. वहीं, 7 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं और वेंटिलेटर व ऑक्सीजन सपोर्ट पर सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है. स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, यह टीम वायरस के प्रसार, महामारी विज्ञान, मरीजों के उपचार, लैब जांच, संभावित वाहकों (वेक्टर) की निगरानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की समीक्षा करेगी. जांच पूरी होने के बाद टीम अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें केंद्र सरकार को सौंपेगी. इसके साथ ही एनसीडीसी के पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को भी सक्रिय कर दिया गया है. जांच के तहत मवेशियों, भैंसों और बकरियों के खून तथा दूध के नमूने भी लिए जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं ये जानवर वायरस के संभावित वाहक तो नहीं हैं.



# 10 साल बाद लीड हीरो बनकर लौटेंगे इमरान

**मुंबई।** अभिनेता इमरान खान ने काफी वक्त से स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। मगर अब वह बतौर लीड एक्टर दमदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक बातचीत के दैरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने हा, 'मेरी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन में है और इस साल के अंत तक इसके रिलीज होने की उम्मीद है। यह एक एडल्ट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो मेरे जीवन के मौजूदा हालात दर्शाती है।' इमरान खान आखिरी बार साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'कट्टी बट्टी' में बतौर लीड हीरो नजर आए थे।

लाइफ Style



# तृषा
## लोगों ने किया है मर्यादा का उल्लंघन

तमिलनाडु में कावेरी जल विवाद पर आयोजित रैली के दौरान डीएमके नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने ऐसा बयान दिया, जिस पर हंगामा हो रहा है। उन्होंने कथित तौर पर साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री तृषा पर यह टिप्पणी की थी। उनकी टिप्पणी को लेकर आलोचना हो रही है।

यह पहली बार नहीं है, जब तृषा पर निशाना साधा गया हो। इससे पहले भी उन पर तमाम लोगों ने मर्यादा का उल्लंघन कर आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी की हैं। साल 2023 में अभिनेता मंसूर अली खान ने फिल्म 'लिओ' की सफलता के बाद तृषा कृष्णन को लेकर एक आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की थी। इस पर महिला आयोग ने भी मंसूर अली खान के खिलाफ एक्शन लिया था। दरअसल, तृषा और मंसूर अली खान ने लोकेश कनगराज की फिल्म 'लियो' में साथ काम किया था। हालांकि, फिल्म में दोनों ने स्क्रीन स्पेस साझा नहीं किया था। फिल्म के बाद मंसूर अली खान ने कहा था, 'जब मैंने सुना कि मैं तृषा के साथ काम कर रहा हूं, तो मैंने सोचा कि फिल्म में एक बेडरूम सीन होगा। लेकिन, इन लोगों ने कश्मीर शेड्यूल के दौरान सेट पर तृषा को मुझे दिखाया भी नहीं'। इस टिप्पणी पर तृषा ने नाराजगी जाहिर करते हुए मंसूर के साथ कभी काम न करने की बात कही थी। इतना ही नहीं, फरवरी 2024 में तृषा कृष्णन पर एआईडीएमके के पूर्व नेता एवी राजू ने अभद्र टिप्पणी करते हुए एक आरोप लगाया था। राजनेता ने एक्ट्रेस की निजी जिंदगी पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

हॉलीवुड मसाला




# केविन ने की स्पाइडर-मैन 5 की घोषणा

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' ने वर्ल्ड वाइड बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की। इसके साथ ही मार्वल स्टूडियोज ने स्पाईडी के दीवानों को एक नई खुशखबरी दी है। मार्वल स्टूडियोज के निर्देशक केविन फीगे ने ऑफिशियल तौर पर 'स्पाइडर मैन 5' की घोषणा की है। इसके साथ ही निर्माता एमी पास्कल ने यह भी उम्मीद जताई है कि इस सीजन में भी निर्देशक डेस्टिन डेनियल क्रेटन की वापसी हो सकती है। उन्होंने कहा, 'योजनाएं हमेशा बनी रहती हैं।'



# जाफर सुपरमैक्स में विल के साथ करेंगे काम

लॉस एंजिल्स। एक्टर जाफर जैक्सन ने अपने दिवंगत अंकल पॉपस्टार माइकल जैक्सन का किरदार उनकी बायोपिक में निभाया था। फिल्म में उनके अभिनय के लिए काफी सराहना मिली थी। एक्टर अब जल्द ही एक्शन थ्रिलर 'सुपरमैक्स' में विल स्मिथ के साथ नजर आएंगे। हालांकि, उनके किरदार की जानकारी फैंस को अब तक नहीं दी गई है। मगर वह फिल्म में एक महत्त्वपूर्ण किरदार निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। कहानी दे एफबीआई एजेंट्स और उनकी जांच पर आधारित बताई जा रही है। जो एक उच्च सुरक्षा वाली जेल के अंदर एक असंभव सी लगने वाली हत्या की जांच करते हैं। यह दोनों किरदार विल स्मिथ और एना सोफिया रॉब निभाएंगे।



# ललकारा में अब सिद्धांत निभांएगे अहम रोल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर ने अपनी अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'ललकारा' की कास्टिंग में बड़ा बदलाव किया है। फरहान अख्तर के इस प्रोजेक्ट से हटने के बाद अब एक्टर सिद्धांत गुप्ता इसमें शामिल हो गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फरहान अख्तर ने फिल्म से इसलिए किनारा कर लिया. क्योंकि इसकी शूटिंग का शेड्यूल संगीतकार आर.डी. बर्मन पर बन रही बायोपिक की शूटिंग से टकरा रहा था। अब 'ललकारा' में फरहान अख्तर की जगह सिद्धांत गुप्ता अदाकारी करेंगे। सिद्धांत को सीरीज 'जुबली' और 'फ्रीडम एट मिडनाइट' में एक्टिंग के लिए काफी तारीफ मिली है। उम्मीद है कि हाल के वर्षों की सबसे बड़ी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्मों में से एक मानी जा रही इस फिल्म में एक्टर, आमिर खान के साथ एक अहम किरदार निभाएंगे।




# बंटवारा की रिलीज से पहले पहुंचे गुरुद्वारा

**मुंबई।** एक्टर सनी देओल अपनी आने वाली फिल्म 'बंटवारा 1947' की रिलीज की तैयारी में जुटे हुए हैं। फिल्म के रिलीज से पहले एक्टर्स ने श्री पटना साहिब गुरुद्वारा जाकर आशीर्वाद लिए। इस दौरान के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। सामने आए वीडियो में सनी देओल गुरुद्वारे में गुरु गोबिंद सिंह जी के सामने प्रार्थना करते और कुछ समय ध्यान लगाते नजर आ रहे हैं। तख्त श्री पटना साहिब सिख धर्म का एक बहुत ही पवित्र और महत्वपूर्ण स्थल है, क्योंकि यह गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्मस्थान है। यह गुरुद्वारा सिखों के पांच तख्तों में से एक है और इसकी बहुत खास मान्यता है। यहां हर साल दुनिया भर से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। दर्शन के बाद सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम पर भी तस्वीरें शेयर कीं।

टीवी मसाला

# जैस्मिन ड्रामा क्वीन, करण वाही सबसे बड़े एंटरटेनर : अविका

**नई दिल्ली।** 'बालिका वधू' की 'आनंदी' अब 'खतरों के खिलाड़ी 15' की सबसे मुश्किल जर्नी पूरी कर लौट चुकी हैं। केप टाउन से लौटने के बाद अविका गोर ने बातचीत में साथी कंटेस्टेंट्स को मजेदार टैग दिए। अविका गोर ने किसी को 'ड्रामा क्वीन' बताया, किसी को सबसे बड़ा एंटरटेनर, तो



किसी को सबसे खतरनाक खिलाड़ी। इसी बातचीत में उन्होंने सबसे मुश्किल स्टंट, पति मिलिंद चंदवानी के रिएक्शन और अविनाश मिश्रा को लेकर बदली अपनी राय पर भी खुलकर बात की। साथी कंटेस्टेंट्स की बात छिड़ी तो अविका ने उन्हें अपने अंदाज में मजेदार टैग भी दे डाले। वह हंसते हुए कहती हैं, 'ड्रामा क्वीन का टैग मैं जैस्मिन को दूंगी। वो पहले खूब रोती हैं, डरती हैं, लेकिन आखिर में स्टंट भी कर लेती हैं।

# किशोर दा ने टेबल मंगवाया, उस पर लेट गए और गाने लगे! मजाक-मजाक में हुआ रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** किशोर कुमार कितने हरफनमौला थे, यह बताने की जरूरत नहीं है। चाहे फिल्मों के लिए प्लेबैक सिंगिंग हो, भजन गाना हो, गजल या फिर कव्वाली, उनका अंदाज सबसे जुदा होता है। किशोर कुमार अपने गीतों को 'योडलिंग' और अलग-अलग आवाजों में गाने की क्षमता के लिए जाने जाते थे।

***टेबल लेकर आओ, मैं लेटकर गाऊंगा :*** अब किशोर कुमार ठहरे किशोर कुमार। वह दो पल चुप रहे, फिर कहा, 'अगर वो एक शराबी है, नशे में है, तो सीधा रहकर तो गा नहीं सकता। एक काम करो मेरे लिए एक टेबल लेकर आओ। मैं लेटकर गाऊंगा।' किशोर दा की बात सुन सब चौंक गए। वहां मौजूद हर किसी को लगा कि वह मजाक कर रहे हैं। बप्पी दा को भी ऐसा ही लगा। उन्होंने पहले तो किशोर दा की बात को अनसुना किया, लेकिन जब सिंगर अपनी मांग पर डटे रहे तो वह कुछ समझ नहीं पाए। इधर, किशोर दा बिना टेबल पर लेटे गाने को तैयार नहीं थे।

### इन्तहा हो गई इंतजार की

बात साल 1984 में रिलीज फिल्म 'शराबी' की है। प्रकाश मेहरा के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म उस साल की ब्लॉकबस्टर थी। किशोर दा को करीब से जानने वाले बताते हैं कि वह बड़े मस्तीखोर शख्सियत थे। लेकिन मजाक-मजाक में भी अद्भुत काम कर जाना, उनके व्यक्तित्व का हिस्सा था। इसी मजाक-मजाक में उन्होंने यह सुपरहिट गाना 'इन्ताहा हो गई इंतजार की' भी रिकॉर्ड किया था। इसका किस्सा खुद दिग्गज सिंगर आशा भोसले ने भी एक इंटरव्यू में बताया था। आशा ताई बताती हैं कि उस दिन रिकॉर्डिंग रूम में वह भी मौजूद थीं। बप्पी दा भी थे। तभी किशोर दा वहां पहुंचते हैं और पूछते हैं कि गाने की सिचुएशन क्या है। बप्पी दा ने कहा- एक शराबी आशिक है, जो अपनी महबूबा के लिए नशे में गाना गा रहा है। उसका इंतजार कर रहा है।



### जिद के आगे सब हार गए

खैर, कुछ मिनटों में सब किशोर दा की जिद के आगे हार गए। टेबल मंगवाया गया। मजेदार बात यह कि टेबल आते ही, वह सच में उस पर म्यूजिशियन्स की तरफ करवट लेकर लेट गए। अपने हाथ को सिर के नीचे रखा, पैर पर पैर चढ़ाया और इस तरह एक तरफ करवट के साथ माइक मांगा। माइक सामने आते ही उन्होंने एक शराबी के अंदाज में हिचकी लेते हुए पहली लाइन गाई- आई ना कुछ खबर, मेरे यार की...

# मिर्जापुरः द मूवी का गाना 'दो नंबरी' जारी
## ढांडा का दिखा देसी और विदेशी अंदाज

**मुंबई।** साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में शामिल 'मिर्जापुरः द मूवी' की रिलीज से पहले इसका पहला गाना 'दो नंबरी' रिलीज हुआ है। इस गाने को ढांडा न्योलीवाला ने लिखा, कंपोज किया और अपनी आवाज दी है। यह ट्रैक उनके बॉलीवुड डेब्यू का भी आगाज है। लगभग दो मिनट के गाने में दिखाया गया है कि ढांडा न्योलीवाला गाना गा रहे हैं। गाने में वह ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसमें गाड़ी, बंदूक और हवाई जहाज नजर आ रहे हैं। कई बार वह विदेश में तो कई बार देसी अंदाज में नजर आए हैं। 'मिर्जापुरः द मूवी' दर्शकों को फिर से सीजन 1 की दुनिया में लेकर जाएगी। फिल्म में पहली बार बड़े पर्दे पर गुड्डू पंडित (अली फजल), मुन्ना भैया (दिव्येंदु) और कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) जैसे फ्रेंचाइजी के सबसे लोकप्रिय किरदारों की वापसी होगी। फिल्म में जितेंद्र कुमार, रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुगल, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, प्रमोद पाठक, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता शेखर



गौर, श्वेता त्रिपाठी, सोनल एस. चौहान, अनंगशा बिस्वास, शाजी चौधरी, सतेंद्र सोनी, कुलभूषण खरबंदा और सुशांत सिंह भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'मिर्जापुरः द मूवी' का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है, जबकि इसकी कहानी पुनीत कृष्णा ने लिखी है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने इसे एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। वहीं कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी इसके सह-निर्माता हैं। यह फिल्म 4 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी।

JHARKHAND EDUCATION CENTER
JHARKHAND EDUCATION CENTER RANCHI
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC | VOCATIONAL | IIT
MANAGEMENT | ENGINEERING | AICTE
INTERMEDIATE | UG & PG | LAW
NCTE | MBBS | ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.